CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 21°C
तापमान

सेंसेक्स 81,373.75
निफ्टी 24,716.60

सोना 99,415
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, मंगलवार 3 जून 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 189 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### बांग्लादेश ने करेंसी से पूर्व राष्ट्रपति मुजीबुर्रहमान की तस्वीर हटाई

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### ग्लेन मैक्सवेल ने एकदिवसीय क्रिकेट को कहा अलविदा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# JEE एडवांस्ड: रजित ने किया ऑल इंडिया टॉप

## सक्षम जिंदल की दूसरी व माजिद मुजाहिद की आई तीसरी रैंक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/जयपुर।** देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग परीक्षा जेईई एडवांस्ड का परिणाम जारी हो गया है, जिसमें एक बार फिर शिक्षा की काशी कोटा ने टॉप किया है। परीक्षा परिणाम में पूरे देश में शिक्षा नगरी का डंका बजा है।

कोटा से रजित गुप्ता ने ऑल इंडिया पहली रैंक हासिल की है। रजित मूल रूप से कोटा के महावीर नगर इलाके के निवासी है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और कोचिंग संस्थान को दिया है। वहीं दूसरे नंबर पर सक्षम जिंदल ने जगह बनाई है। वहीं तीसरे नंबर पर माजिद मुजाहिद हुसैन ने जगह बनाई है। इसी तरह अक्षत चौरसिया ने ऑल इंडिया छठी रैंक और देवेश पंकज ने ऑल इंडिया 8वीं रैंक हासिल की है। वहीं टॉप 50 और टॉप 100 में भी कोटा ने वर्चस्व कायम किया है। पहली रैंक हासिल करने वाले रजित ने जेईई मेन 2025 में 100 पर्सेंटाइल हासिल कर ऑल इंडिया में 16वीं रैंक बनाई थी। रजित के टॉपर आने के -**शेष पृष्ठ दो पर**



रजित गुप्ता



सक्षम जिंदल



माजिद मुजाहिद

■ पूरे देश में कोटा ने किया टॉप, रजित गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय मां-पिता को दिया

### लखनऊ के श्रेयस ने किया यूपी टॉप, देश में मिली 68वीं रैंक



**लखनऊ।** जेईई एडवांस्ड के नतीजे सोमवार को जारी कर दिए गए। लखनऊ के श्रेयस लोहिया को यूपी में पहला स्थान मिला है। उन्होंने देश में 68वीं रैंक हासिल की। श्रेयस के पिता गजेंद्र लोहिया लखनऊ दूरदर्शन में कार्यरत हैं। श्रेयस के पिता गजेंद्र ने कहा कि बेटे की सफलता से वह बहुत खुश हैं। श्रेयस को जेईई मेन में ऑल इंडिया 6वीं रैंक मिली थी। उनका पर्सेंटाइल स्कोर 100 था। श्रेयस जेवियर स्कूल गोमतीनगर के छात्र रहे हैं।

# नीट-पीजी परीक्षा स्थगित

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बढ़ाई जा रही परीक्षा केंद्रों की संख्या, जल्द आएगी नई तिथि

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों और आवश्यक बुनियादी ढांचे की तैयारी के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा - स्नातकोत्तर (नीट-पीजी 2025) परीक्षा स्थगित कर दी है।

बोर्ड ने अभी तक संशोधित परीक्षा तिथि की घोषणा नहीं की है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद लिया गया है, जिसमें एनबीईएमएस को पूरी पारदर्शिता और सुरक्षित परीक्षा केंद्रों को सुनिश्चित करते हुए एक ही पाली में परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। आदेश का पालन करने के लिए, एनबीईएमएस केंद्रों की संख्या बढ़ाने और अदालत की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पहले 15 जून को यह परीक्षा आयोजित होने वाली थी। आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि हम प्रतिवादियों को निर्देश देते हैं कि वे नीट-पीजी 2025 परीक्षा को एक पाली में आयोजित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करें, यह सुनिश्चित करें कि पूरी पारदर्शिता बनी रहे और सुरक्षित केंद्रों की पहचान की जाए और उन्हें चालू किया जाए।

### सद्गुरु के पक्ष में दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सद्गुरु जग्गी वासुदेव के पक्ष में एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि कोई भी उनकी आवाज, चेहरा, पहनावा, बोलने का अंदाज या और किसी भी तरीके से उनकी पहचान को बिना इजाजत इस्तेमाल नहीं कर सकता खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये। दरअसल कुछ वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंट्स एआई तकनीक के जरिये सदगुरु की आवाज और वीडियो में बदलाव करके उन्हें अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। इसे लेकर सदगुरु ने कोर्ट में याचिका दायर की कि उनकी पहचान का गलत तरीके से इस्तेमाल हो रहा है। कोर्ट ने कहा कि सद्गुरु की पहचान (जैसे उनका चेहरा, आवाज, पहनावा वगैरह) बिल्कुल खास है और उसका दुरुपयोग नहीं होने दिया जा सकता। अगर इसे नहीं रोका गया तो यह गलत जानकारी फैलाने वाली महामारी की तरह इंटरनेट पर फैल सकती है। कोर्ट ने कई वेबसाइटों और यूट्यूब चैनलों को बंद करने का आदेश दिया है, जो सद्गुरु की नकली वीडियो और कंटेंट चला रहे थे।

# कोरोना के विकराल होते हालात पर हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

## देश में कोरोना से 24 घंटे में छह की मौत, अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती ने दम तोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल ही में केंद्र सरकार से कोविड-19 महामारी से निपटने की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने कहा कि कोविड-19 अभी भी सक्रिय है और इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। अदालत ने 30 मई 2023 की बैठक के बाद उठाए गए कदमों की कमी को गंभीर मुद्दा बताया।

अदालत डा. रोहित जैन की अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 27 जनवरी 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया गया। इस आदेश में केंद्र को नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए न्यूनतम मानक स्थापित करने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता का दावा है कि केंद्र ने इन दिशानिर्देशों को तैयार नहीं किया। पीठ ने जैन की याचिका का निपटारा करते हुए केंद्र को इसे एक अभिवेदन के रूप में लेने और 12 सप्ताह में तर्कसंगत आदेश पारित करने का निर्देश दिया। अदालत ने केंद्र की स्थायी वकील मोनिका अरोड़ा को यह सुनिश्चित करने को कहा कि संबंधित अधिकारी निर्देशों से अवगत हों और छह सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट पेश करें। 30 मई, 2023 को स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें याचिकाकर्ता को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक में पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, हेमेटोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी विशेषज्ञों की चार उप-समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। इन समितियों को नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए मानक प्रक्रियाएं और भंडारण दिशानिर्देश तैयार करने थे। अदालत ने पाया कि केंद्र ने बैठक के निर्णयों और उप-समितियों की प्रगति पर कोई अपडेट नहीं दिया। हालांकि, प्रथम दृष्ट्या उप-समितियों के गठन के निर्णय के आधार पर अवमानना याचिका कायम -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ 3976 एक्टिव केस, केरल में सबसे ज्यादा 1435 मामले

### दिल्ली में कोरोना से चौथी मौत, 22 साल की लड़की ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते कोरोना के नए मामलों के बीच मरने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सोमवार को एक 22 साल की लड़की की कोविड से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लड़की पहले से टीबी से ग्रस्त थी। राजधानी में इस साल मरने वालों की संख्या अब चार हो चुकी है। दिल्ली में एक जनवरी से अभी तक कोरोना के 436 मरीजों की पुष्टि हुई। इनमें से 357 मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है। वहीं 91 मरीजों को शनिवार को दिल्ली के अस्पतालों से छुट्टी दी गई।

# सिक्किम लैंडस्लाइड में तीन जवान शहीद

## तीनों के शव बरामद, छह लापता

**नई दिल्ली।** सिक्किम में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 3 जवानों की मौत हो गई, जिनके शव बरामद हुए हैं। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। छह जवान अभी लापता हैं।

सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी और बताया कि जिन जवानों के शव मिले हैं, उनकी पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। दूसरी तरफ, सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 30 मई से फंसे एक हजार से ज्यादा टूरिस्टों को भी रविवार को रेस्क्यू किया गया। सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 37 लोगों की जान गई है। इसमें असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं। सिक्किम में अक्टूबर, 2023 को बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। कम से कम 98 लोग लापता हो गए थे, जिसमें सेना के 22 जवान शामिल थे। इनका कुछ पता नहीं चल पाया था। पूर्वोत्तर राज्यों में राहत और बचाव के लिए भारतीय सेना, एयरफोर्स और असम रायफल्स के जवानों को तैनात किया गया है। असम में 3.64 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक समेत 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मणिपुर में बाढ़ से 19,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। 3,365 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। त्रिपुरा में 10 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल में भारी बारिश के कारण 2 जून को सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है।

■ पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश-बाढ़ से अब तक 37 की जान गई

### राज्यसभा की 8 सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचनाएं जारी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के लिए असम और तमिलनाडु से आठ सीटों के 19 जून को कराए जाने वाले चुनाव की अधिसूचनाएं सोमवार को जारी कर दी गई। अधिसूचनाओं के साथ ही दोनों राज्यों में चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का काम शुरू हो गया है। राज्य सभा में असम की इन दो सीटों के वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल 14 जून को और तमिलनाडु की छह सीटों के प्रतिनिधियों का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन चुनावों के लिए नामांकन-पत्र नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जाएगी और नाम 12 जून तक वापस लिए जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर मतदान 19 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कराया जाएगा। इसमें संबंधित राज्यों के विधानसभा सदस्य मतदान करेंगे। मतगणना मतदान सम्पन्न होने के एक घंटे बाद की जाएगी। आयोग ने कहा है कि मतदान की पूरी प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जाएगी।

# कटरा-कश्मीर रेल लिंक खोलने की तैयारी

नई दिल्ली, वार्ता



**जम्मू-कश्मीर** में ऊधमपुर-श्रीनगर बारामूला रेल परियोजना (यूएसबीआरएल) के बचे हुए भाग के निर्माण के छह माह बाद उद्घाटन की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलपुल और अंजी खड्ड रेलपुल का उद्घाटन करेंगे तथा श्री माता वैष्णों देवी कटरा से श्रीनगर- बारामूला के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री सबसे पहले चिनाब रेलपुल पर पहुंच कर उसका उद्घाटन करेंगे और फिर अंजी खड्ड पुल पर पहुंच कर उसका भी उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कटरा स्टेशन पर पहुंच कर वहां से श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी बाद में कटरा में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सूत्रों ने बताया कि जिस समय श्री मोदी कटरा से श्रीनगर से लिए वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना करेंगे।

■ पीएम मोदी छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल और अंजी खड्ड रेल पुल का उद्घाटन करेंगे

# चेन्नई: अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप के दोषी को उम्रकैद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई स्थित अन्ना यूनिवर्सिटी में हाई प्रोफाइल यौन शोषण मामले के दोषी ज्ञानसेकरन को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

महिला कोर्ट की जज एम. राजलक्ष्मी ने कहा कि दोषी को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल जेल में रहना होगा। दोषी पर 90 हजार रुपये जुर्माना भी लगा है। ज्ञानसेकरन को 28 मई को दोषी ठहराया था। उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न, रेप, धमकी और अपहरण सहित सभी 11 आरोप सही साबित हुए थे। मामले में कम से कम 29 गवाहों ने गवाही दी और पुलिस ने 100 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। मामला दिसम्बर, 2024 का है। ज्ञानसेकरन ने 23 दिसम्बर की रात 8 बजे यूनिवर्सिटी कैंपस में घुसकर 19 साल की इंजीनियरिंग स्टूडेंट का रेप किया था। पीड़ित अपने युवक दोस्त के साथ थी। ज्ञानसेकरन ने दोस्त की पिटाई के बाद युवती का शोषण किया था।

■ 30 साल जेल में रहना होगा

# इंडिगो विमान से पक्षी टकराने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग

■ बाल-बाल बचे 175 यात्री

**रांची।** पटना से रांची आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट को सोमवार दोपहर उस समय आपात स्थिति में लैंडिंग करनी पड़ी, जब रनवे से करीब 10 से 12 नॉटिकल माइल दूर और 3,000 से 4,000 फीट की ऊंचाई पर विमान एक पक्षी से टकरा गया।

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची के निदेशक आरआर मौर्य ने बताया कि, इंडिगो फ्लाइट संख्या (एयरबस 320) को दोपहर 1:14 बजे इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में लगभग 175 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। हालांकि, विमान को पक्षी से टकराने के कारण बाहरी हिस्से में डेंट लगा है। आरआर मौर्य के अनुसार तकनीकी टीम विमान की स्थिति की जांच कर रही है। पक्षी से टकराने की वजह से विमान को फिलहाल ग्राउंडेड कर दिया गया है, जब तक सभी सुरक्षा मापदंड पूरे नहीं हो जाते। यह विमान रांची पहुंचने के बाद कोलकाता के लिए रवाना होने वाला था, लेकिन घटना के बाद उसकी आगे की उड़ान फिलहाल स्थगित कर दी गई है।






# भाजपा सरकार समाज में नफरत फैला रही: मदनी

आजमगढ़, वार्ता



■ उलमा-ए-हिद अध्यक्ष ने मदरसों के खिलाफ अभियान को गैर जरूरी बताया
■ उत्तर प्रदेश सरकार का यह अभियान मुसलमानों की धार्मिक आजादी पर एक गंभीर हमला

जमीअत उलमा-ए-हिद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने मदरसों के खिलाफ अभियान को गैर जरूरी बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार समाज में नफरत फैलाने की दिशा में काम कर रही हैं।

मौलाना मदनी ने रविवार देर रात 'मदरसा सुरक्षा सम्मेलन' के तहत आजमगढ़ के सरायमीर कस्बे में मदरसा संचालकों को संबो. धित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद भी सरकार मदरसों पर कार्रवाई कर रही है । जिन मदरसों के कागजात ठीक है उन पर कार्रवाई अनुचित है, जिनके ठीक नहीं है उन्हें ठीक कराया जाए मदरसों में इल्म देने का काम किया जाता है। प्रदेश के उन सभी मुस्लिम बाहुल्य जिलों में जिनकी सीमाएं नेपाल से मिलती हैं, मदरसों ही नहीं दरगाहों, ईदगाहों और कब्रिस्तानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई धड़ल्ले से न केवल जारी है, बल्कि अब तक सैकड़ों मदरसों को असंवैधानिक घोषित करके सील किया जा चुका है, जिसे लेकर मुसलमानों में चिंता और भय वातावरण है। उन्होंने मदरसा संचालकों से कहा कि मदरसों को भी चलाने के लिए कागजी कार्रवाई पूरी कर ही मदरसे चलाएं।

मौलाना मदनी ने कहा कि मदरसों के खिलाफ कार्रवाई खासकर उत्तर प्रदेश सरकार का यह अभियान मुसलमानों की धार्मिक आजादी पर एक गंभीर हमला है। जमीअत उलमा-ए-हिद उसके खिलाफ कानूनी संघर्ष कर रही है। यह बात इतिहास की पुस्तकों में दर्ज है कि अंग्रेजों की गुलामी से देश को आजाद कराने का संघर्ष उलमा ने ही शुरू किया था। यह उलमा मदरसों की ही पैदावार थे। यही नहीं दारुल उलूम देवबंद की स्थापना ही इसलिए की गई थी, ताकि अंग्रेघें के खिलाफ संघर्ष करने और देश को आजाद कराने के लिए कार्यकर्ता पैदा किए जाएं। जो लोग मदरसों के खिलाफ यह सब कर रहे हैं वो लोग मदरसों की भूमिका से अनभिज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और पार्टियों को ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जो देश अमन चैन के लिए अच्छा ना हो। जो सरकार प्यार मोहब्बत के खिलाफ काम करती है, वह खराब सरकार है। जो लोग मदरसों को तोड़ रहे हैं वह गलत है। मदरसों को मौका देना चाहिए।

## नाबालिग दुष्कर्म मामलों की जवाबदेही तय करे बिहार सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार में शासन प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है और महिलाओं और खासकर बच्चियों के साथ आए दिन दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं, इसलिए राज्य सरकार को चुप्पी साधने की बजाए इन मामलों में जवाबदेही तय करनी चाहिए। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने सोमवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कुशासन काल चल रहा है। राज्य में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है और लगातार बच्चियों के यौन शोषण की घटनाएं सामने आ रही हैं और जवाबदेही मुख्यमंत्री की भी है इसलिए बिहार सरकार को इन मामलों में जवाबदेही तय करनी चाहिए। नाबालिग बेटियों के साथ दुष्कर्म के मामले में फांसी होनी चाहिए, लेकिन फांसी होती क्यों नहीं है, हम यही सवाल बार-बार पूछ रहे हैं।

# क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है: खुर्शीद

नई दिल्ली, वार्ता



■ देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से हटकर दिया बयान

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने सोमवार को एक्स पोस्ट में लिखा- जब भारत आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में अपना संदेश पहुंचाने के मिशन पर होता है, तो देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं। यह दुखद है। क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है।

सलमान के बयान को उनकी पार्टी और विपक्ष के नेताओं के बयान के खिलाफ देखा जा रहा है। 1 मई को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी खुद की तारीफ करना बंद करें। उन्हें दुश्मन पर ध्यान देना चाहिए। सलमान खुर्शीद जदयू सांसद झा के नेतृत्व वाले उस डेलिगेशन में शामिल हैं जो ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख रखने के लिए विदेशी दौरे पर हैं। उनका डेलिगेशन अभी तक इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर का दौरा कर चुका है। फिलहाल मलेशिया में है। डेलिगेशन का मलेशिया दौरा बाकी है। ए 21 मई को रवाना हुआ था। इसमें भाजपा सांसद बृज लाल, प्रदान बरुआ, हेमंग जोशी और अपराजिता सारंगी, ज्डब सांसद अभिषेक बनर्जी, ब्च्प्ड सांसद जान ब्रिटास और राजदूत मोहन कुमार शामिल हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को नसीहत दी थी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर खुद की तारीफ करने की जगह दुश्मन पर फोकस करना चाहिए। उनके अलावा कोई भी ऐसा नहीं कर सकता है। वहीं, कांग्रेस ने सैन्य और विदेश नीति पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार से संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के सिंगापुर में दिए इंटरव्यू के बाद यह मांग की गई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि सरकार सभी दलों और राष्ट्र को विश्वास में ले। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे। पीएम या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को यह बताना चाहिए था कि जनरल चौहान ने सिंगापुर में क्या कहा है। सलमान खुर्शीद ने 1 मई को मलेशिया के कुआलालंपुर में कहा था। भारत का आल पार्टी डेलिगेशन विविधता के साथ-साथ एकता भी दिखाता है, क्योंकि वे अलग-अलग दलों से होने के बावजूद आतंकवाद की निंदा करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाराबंकी में कार-ट्रक में टक्कर चार मरे

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बारा. बंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ढाबा के निकट सुबह करीब साढ़े पांच बजे ट्रक और कार की आमने-सामने टक्कर में तीन पुरुष और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सभी कार सवार कानपुर से गोंडा जा रहे थे। घटना में नौ और 10 वर्ष के दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में एक की पहचान 23 वर्षीय अयान कुरैशी के रूप में हुई है। वह गोंडा के इमामबाड़ा कोतवाली नगर का रहने वाला था। अन्य दो पुरुषों और एक महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### झुग्गियों को तोड़कर गरीबों को बेघर कर रही भाजपा: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने झुग्गी वालों से चुनाव से पहले पक्का मकान देने का वादा किया था और अब उनकी झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर गरीब लोगों को घर से बेघर कर रही है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में सदा से ही अंतर रहा है। एक बार फिर से भाजपा ने इस बात को सिद्ध कर दिया है। भाजपा ने गरीब झुग्गी वालों से चुनाव से पहले पक्का मकान देने का वादा किया था और अब जब दिल्ली में भाजपा की सरकार बन गई है, तो मकान देने के बजाय उनकी झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर इन गरीब लोगों को घर से बेघर कर रही है।

### जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर बम की अफवाह से हड़कंप

**जम्मू।** जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर बम होने की एक फोन काल से रविवार शाम हड़कंप मच गया। एक अधिकारी ने आज सुबह यह जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर जम्मू रेलवे स्टेशन पर बम या विस्फोटक होने की बात कही।

# मायावती ने चंद्रशेखर को लिया निशाने पर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: आकाश को मुख्य कोआर्डिनेटर बनाने से बरसाती मेंढकों में बेचैनी स्वाभाविक

**लखनऊ।** आजाद समाज पार्टी (असपा) के मुखिया और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद समेत दलित राजनीति के अन्य नेताओं का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने सोमवार को कहा कि आकाश आनंद को मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक बनाने से बहुजन एकता और बसपा को कमजोर करने वाली पार्टियों और उनके नेताओं में बेचैनी स्वाभाविक है।

सुश्री मायावती ने उम्मीद जतायी कि आनंद बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर और स्वर्गीय कांशीराम के सपनो का साकार करने की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा- देश में बीएसपी बहुजन हित की एकमात्र अम्बेडकरवादी पार्टी है तथा पार्टी हित में लोगों पर कार्रवाई करने व पश्चताप करने पर उन्हें वापस लेने की परम्परा है। इसी क्रम में आकाश आनन्द के उतार-चढ़ाव व उन्हें मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने से बहुत से लोगों में बेचैनी स्वाभाविक। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि अब आकाश आनन्द बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम जी के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ाने व उनके सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी पूरी तनम्यता व जी-जान से निभाएंगे अर्थात पार्टी को अवसरवादी व स्वार्थी लोगों की कतई जरूरत नहीं। वैसे भी कांग्रेस, भाजपा व सपा आदि पार्टियों के सहारे व इशारे पर चलकर बहुजनों की एकता व बीएसपी को कमजोर करने वाले बरसाती मेंढकों की तरह के संगठन व दलों के नेता चाहे निजी स्वार्थ में विधायक, सांसद व मंत्री क्यों ना बन जाएं इनसे समाज का कुछ भला होने वाला नहीं। लोग सावधान रहें।

## उप्र में संगठित अपराधों पर नकेल कसेंगे नवनियुक्त डीजीपी

# महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता: राजीव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी, संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने सोमवार को कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

सूबे के पुलिस प्रमुख का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस में कृष्णा ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े पुलिस बल का नेतृत्व करने का विश्वास जताने के लिए वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आभारी हैं और यूपी पुलिस को उत्कृष्टता की अभूतपूर्व ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी और संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जीरो टॉलरेंस की नीति कानून प्रवर्तन रणनीति की आधारशिला होगी, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। कृष्णा ने कहा कि सभी रूपों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और समाधान पर विशेष जोर दिया जाएगा। महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा और संरक्षा की भावना को बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा।

जन शिकायत निवारण जन शिकायतों का सफल समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। हम हर स्तर पर सभी शिकायतों से निपटने में बहुत सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि नागरिकों की आवाज़ सुनी जाए और उसका तुरंत समाधान किया जाए। पुलिस प्रमुख ने कहा कि कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति बिल्कुल भी सहनशीलता नहीं बरती जाएगी और हर कीमत पर कानून के शासन को बनाए रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में विशेष कर कोविड के बाद से साइबर अपराध नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण खतरे के रूप में उभरा है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने इसकी रोकथाम और पता लगाने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करके जवाब दिया है। साइबर खतरों से आगे रहने के लिए उन्नत तकनीकों का लाभ उठाते हुए इसे समय के साथ और मजबूत किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस द्वारा दी जाने वाली पुलिस सेवाओं के दायरे और वितरण में और सुधार किया जाएगा। दुनिया के सबसे बड़े पुलिस बल के रूप में, हमारे कर्मियों के काम को प्रभावित करने वाले प्रशासनिक और कल्याणकारी मुद्दों पर विशेष जोर दिया जाएगा। हम पुलिस कल्याण को प्राथमिकता देंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे कर्मी अपने कार्यों को सम्पादित करने में प्रेरित रहे।

### एआई उद्देश्यों को लागू करने में एक गेम चेंजर साबित होगा

**लखनऊ।** उन्होंने कहा कि लिसिग के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कई प्रतिभाशाली पुलिस अधिकारी व कर्मी है। उनके कौशल और ज्ञान की पहचान की जाएगी और उपरोक्त सभी लक्ष्यों को बेहतर बनाने के लिए उनका उपयोग किया जाएगा, जिससे बल के भीतर उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। कृष्णा ने कहा कि पुलिसिग के संचालन की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआईद्ध का व्यापक उपयोग किया जाएगा।

एआई हमारे उद्देश्यों को लागू करने में एक गेम चेंजर साबित होगा, जिससे हम डेटा- संचालित उचित निर्णय लेने और अपने संसाधनों का बेहतर उपयोग करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रशिक्षण ही एकमात्र आधार है, जिस पर किसी भी संगठन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। दिन प्रतिदिन की चुनौतियों का सामना करने में, इस महत्वपूर्ण पहलू को अक्सर इसका उचित महत्व नहीं दिया जाता है। उनका प्रयास होगा कि सेवाकालीन प्रशिक्षण को उच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र बनाया जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली की बदौलत गिरा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



देश में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ मजबूत रहने के बावजूद अमेरिका-चीन व्यापार तनाव बढ़ने से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आठ समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 77.26 अंक उतरकर 81,373.75 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 34.10 अंक फिसलकर 24716.60 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 45,396.40 अंक और स्मॉलकैप 0.36 प्रतिशत मजबूत होकर 52,599.94 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4287 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1992 में बिकवाली जबकि 2128 में लिवाली हुई, वहीं 167 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए राखी गई कुल 3014 कंपनियों के शेयरों में से 1402 में गिरावट जबकि 1529 में तेजी रही, वहीं 83 में टिकाव रहा। बीएसई में कुल आठ समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.18, ऊर्जा 0.13, आईटी 0.57, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.40, धातु 0.58, तेल एवं गैस 0.13, टेक 0.45 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.70 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, एफएमसीजी 0.65, यूटिलिटीज 0.57, रियल्टी 2.38 और सर्विसेज समूह 1.20 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.05, जर्मनी का डैक्स 0.52, जापान का निक्केई 1.30, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 237 अंक लुढ़ककर 81,214.42 अंक पर खुला और भारी बिकवाली से थोड़ी देर बाद ही 80,654.26 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली शुरू होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 81,474.26 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## नीतिगत दरों में हो आधी फीसदी की कमी

**नई दिल्ली।** बढ़ते संरक्षणवाद और भू राजनीतिक तनाव से उत्पन्न चुनौतियों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में आ रही सुस्ती को ध्यान में रखते हुए घेरलू स्तर पर आर्थिक गतिविधियों और निर्यात को गति देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति से नीतिगत दरों में आधी फीसदी की कटौती करने की उम्मीद की जा रही है। मई 2022 के बाद फरवरी 2025 में नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत और अप्रैल 2025 में फिर से 0.25 प्रतिशत की कमी की गयी है। इन दो कटौतियों से आम लोगों विशेषकर आवास ऋण और नए व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण लेने वालों को राहत मिली है क्योंकि बैंकों ने कटौतियों के लाभ को ग्राहकों तक पहुंचाना शुरू कर दिया है।

# अधिकांश खाद्य तेल महंगे, दालें हुईं सस्ती

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेल महंगे हो गए, जबकि दालें सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 41 रिंगिट की गिरावट के साथ 3888 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.12 सेंट की तेज़ी के साथ 47.01 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल 220 रुपए, सूरजमुखी तेल 366 रुपए, सोया रिफाइंड 147 रुपए और पाम ऑयल 146 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि वनस्पति तेल 183 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया, वहीं सरसों तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान चना 250 रुपए, दाल चना 250 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए, मूंग दाल 200 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए और अरहर दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं गेहूं के दाम पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन : चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 9100-9200, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17802 रुपए, सूरजमुखी तेल 17215 रुपए, सोया रिफाइंड 15018 रुपए, पाम ऑयल 13773 रुपए और वनस्पति तेल 16007 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## पूर्वोत्तर में बाढ़ की तबाही चिंताजनक, भाजपा ने नहीं निभाया वादा: खड़गे-प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी बारिश से हो रही तबाही पर गहरी चिता व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने असम को बाढ़ मुक्त बनाने का वादा किया था, लेकिन वह मुद्दों से ध्यान भटकने में लगे रहे और बाढ़ रोकने के ठोस प्रयास नहीं किया गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

JEE **एडवांस्ड...** बाद पूरे परिवार में खुशी की लहर है। अपनी सफलता पर रजित ने बताया कि खुशी मेरी सफलता की कुंजी है। मैं हर स्थिति में खुश रहता हूं। मैं पढ़ाई के लिए कभी भी सख्त शेड्यूल का पालन नहीं करता था, क्योंकि इससे अनावश्यक दबाव बनता है। इसलिए मैं तभी पढ़ता था जब मेरा मन करता था, लेकिन मैं जितने समय भी पढ़ता था, अच्छी तरह से पढ़ता था'। रजित कोटा के स्थानीय निवासी हैं। उन्होंने इससे पूर्व जेईई मेन जनवरी सेशन में 100 पर्सेंटाइल एवं जेईई मेन अप्रैल सेशन में भी ऑल इंडिया रैंक 16 हासिल की थी। रजित ने 10वीं कक्षा 96.8 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की थी। रजित ने बताया कि पढ़ाई के दौरान सबसे ज्यादा फोकस रहता था कि गलतियों को रिपीट नहीं करूं, क्योंकि गलतियां दूर होने से ही आपकी सब्जेक्ट में नींव मजबूत होती है। डाउट्स क्लीयर होने के बाद ही वे टॉपिक में आगे पढ़ते थे।

**कोरोना के...** न रहने की बात कही गई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई 2025 के लिए निर्धारित की है और केंद्र से तत्काल मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को लागू करने और स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपेक्षा की है। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 3976 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 10 दिन में 15 गुना मामले बढ़े हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1435 केस हैं। महाराष्ट्र एक्टिव मामलों के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 506 मरीज हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 6 मौतें हुई हैं। सोमवार को अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की और 47 साल की महिला की कोरोना से जान गई। इससे पहले दिल्ली में 22 साल की लड़की और तमिलनाडु में 25 साल के लड़के की कोरोना से मौत हुई थी। लगातार बढ़ते केसों के बीच कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है। राज्य में 253 एक्टिव केस हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां पूरी केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। सभी राज्यों के हालात पर नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है।

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़: शिवराज

नई दिल्ली, वार्ता



■ विकसित भारत का संकल्प विकसित कृषि और समृद्ध किसान से पूरा होगा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बिहार के प्रसिद्ध और लोकप्रिय फल लीची पर शोध करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे किसानों को इसके बेहतर दाम मिल सके।

चौहान ने सोमवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के पांचवें दिन बिहार के पूर्वी चंपारण में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। विकसित भारत का संकल्प, विकसित कृषि और समृद्ध किसान से मिलकर ही पूरा हो सकता है, जिसके लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। श्री चौहान ने लीची की पैदावार करने वाले किसानों से संवाद किया जिसमें लीची के किसानों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि लीची के जल्दी खराब होने की प्रवृत्ति के कारण पैदावार को 48 घंटों के भीतर बेचना होता है। इस कारण कभी-कभी कम दाम मिलते है। इस समस्या को दूर करने के लिए कदम उठाएंगे। इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों से शोध करने और ऐसी तकनीकों को अपनाने का निर्देश दिए गए हैं जिससे लीची जल्दी खराब नहीं हो और किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिल सके। उन्होंने इसके लिए 'कोल्ड स्टोरेज[ की संख्या में वृद्धि की भी बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कारगर नीतियों के फलस्वरुप बिहार में मक्का की खेती में तेजी से इजाफा हो रहा है। मक्के का प्रयोग अब इथेनॉल में भी होने लगा है। पहले 1200 से 1500 रुपए के बीच प्रति क्विटल मक्का बिकता था। इथेनॉल के कारण मक्के के दाम में वृद्धि हुई है। पहले जहां मक्का प्रति हेक्टेयर 23 से 24 क्विटल था वहीं बढ़कर अब 50 से 60 क्विटल प्रति हेक्टेयर हो गया है। बासमती चावल के साथ-साथ चावल की अन्य किस्मों में भी उत्पादन वृद्धि के लिए वैज्ञानिकों को शोध करने एवं उन्नत किस्म के बीज विकसित करने के निर्देश देते हुए श्री चौहान ने कहा कि बिहार में किसानों के पास छोटे-छोटे खेत है, लेकिन इसके बावजूद बिहार के किसान धरती से सोना उगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। श्री चौहान ने कहा कि नकली कीटनाशक बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं जा रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## घटना से खुशी का माहौल गम में बदला, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

# भतीजों के मुंडन संस्कार में आए चाचा की गंगा में डूबकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भतीजों के मुंडन संस्कार में शामिल होने आए चाचा की गंगा में डूबकर मौत हो

■ **नोएडा में किराए पर रहकर करते थे मेहनत मजदूरी**

गयी। आसपास स्नान कर लोगों ने उसे बाहर निकाला, हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना से खुशी का माहौल गम में बदल गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र आदमपुर के



गांव भीमे के मूल निवासी निवासी अरविंद पुत्र विक्रम सिंह के दो पुत्रों आरव व अभी का सोमवार को मुंडन संस्कार था। परिजन हंसी खुशी से रिश्तेदारों को साथ लेकर नोएडा से गंगा तट पर मुंडन कराने आये थे। ब्रजघाट चौकी क्षेत्र में जनपद अमरोहा क्षेत्र में बने अस्थायी तट पर परिजन मुंडन कराने की रस्म करने लगे तो वहीं अरविंद का छोटा भाई विपिन कुमार (30) अन्य रिश्तेदारों के साथ गंगा में नहाने लगा। गहरे पानी में पहुंच जाने के कारण वह डूबने लगा। उसे डूबता देखकर लोगों ने शोर मचाया तो आसपास नहा रहे लोगों व नाविकों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हालांकि परिजन विपिन के जीवित होने की आस में उसे गजरौला सीएचसी भी लेकर पहुंचे, मगर डॉक्टर ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मुंडन संस्कार की खुशी गम में बदल गयी। मृतक के रिश्ते के जीजा विनीत कुमार ने बताया कि विपिन अपनी पत्नी मधु व दो बच्चों के साथ व अरविंद अपनी पत्नी गंगा व दो बच्चों के साथ नोयडा में किराए के घर में रहते थे और मेहनत मजदूरी करते थे। सोमवार को बच्चों के मुंडन संस्कार कराने आये थे।

## गंगनहर में डूबकर बालक की मौत

### बिना कार्रवाई के शव का अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** नौगावां सादात में नहर में नहाते समय बालक की डूब कर मौत हो गई। स्थानीय लोग जब तक उसे बाहर निकालते उसकी मौत हो चुकी थी। स्वजन ने बगैर कार्रवाई मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया है।

थाना व कस्बा नौगावां सादात के मुहल्ला नई बस्ती की दर्जियों वाली गली में मोहम्मद इस्माईल का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी रुबीना के अलावा सात बच्चे हैं। पेशे से मजदूर इस्माईल का पांचवे नंबर का आठ वर्षीय बेटा सैफ अली सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे अपने भाई अरमान व फैजान तथा मुहल्ले के अन्य बच्चों के साथ पास में निकल रही गंग नहर में नहाने गया था। सभी बच्चे नहा रहे थे कि सैफ अली गहरे पानी में चला गया। सैफ को डूबता देख अन्य बच्चों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा मशक्कत के बाद सैफ को बाहर निकाला। हालांकि उसे निजी चिकित्सक के यहां भी ले गए थे, लेकिन सैफ की मौत हो चुकी थी। बेटे की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि सैफ नहर किनारे पानी में पड़े सिक्के निकाल रहा था।उस समय वह पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया था। इस मामले में स्वजन ने बगैर पुलिस को सूचना दिए मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया है।

## गंगा में डूबे किशोर का शव तीन दिन बाद मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** तीन दिन पूर्व गंगा में डूबे किशोर का शव बीती रात गंगा में उतराता हुआ मिल गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। युवक का शव मिलने के बाद घटना से परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है। बता दें कि तीन दिन पहले शुक्रवार की दोपहर में गांव शाहपुर निवासी 16 वर्षीय अरुण अपने दोस्तों के साथ गंगा नहाने गया था, वहां पर रील बनाने की सनक में उसने बांध से गंगा में छलांग लगा दी और फिर गंगा में डूब गया था। उस दिन तो स्थानीय गोताखोरों ने उसकी तलाश की थी मगर वह नहीं मिल सका था। जिसके के बाद एसडीआरएफ की टीम के साथ तिगरी के गोताखोर ओमपाल सिंह, ठाकुर सिंह आदि उसकी तलाश में जुटे थे। इस क्रम में रविवार रात करीब नौ बजे अरूण का शव गंगा में उतराता हुआ मिल गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजा।

## रेप पीड़िता ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की

### विवेचक पर लगाया मिलीभगत का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रेप पीड़िता ने एसपी अमित कुमार आनंद को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। आरोपी के भाइयों पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने तथा विवेचक पर मिलीभगत का आरोप लगाया है।

शहर के एक मोहल्ले की निवासी विवाहिता ने करीब एक महीना पहले शहर कोतवाली में अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कांकर सराय निवासी आदिल पर रेप का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज करा दिए थे लेकिन पुलिस ने अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। पीड़िता का आरोप है कि मुकदमे के विवेचक आरोपी से हमसाज हो गए हैं, जिसके चलते आरोपी को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा जा रहा है। बीती 31 मई को डीआईजी स्तर पर शिकायत करने वाली पीड़िता ने सोमवार को पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसपी अमित कुमार आनंद को पूरे मामले से अवगत कराया। बताया कि राजनीतिक संरक्षण के चलते आरोपी खुलेआम घूम रहा है। उसके भाई मुकदमे वापस लेने को तरह-तरह से दबाव बना रहा है। इनकार करने पर तेजाब फेंकने की धमकी दी जा रही हैं। पीड़िता के मुताबिक आरोपी खुलेआम कहता हुआ घूम रहा है कि उसने खुद को बचाने के लिए पुलिस पर 20 लाख रुपये का खर्चा किया है। पुलिस अब उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी। रेप पीड़िता ने आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर खुद को नुकसान पहुंचाने की भी चेतावनी दी है। मामले में एसपी ने पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

# मंगेतर के उत्पीड़न से परेशान होकर की थी आत्महत्या

### जिपं सदस्य की बेटी ने उठाया था आत्मघाती कदम, सुसाइट नोट मिलने से खुली पोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिपं सदस्य धर्मपाल सिंह की बेटी ने आत्मघाती कदम मंगेतर के उत्पीड़न से तंग आकर उठाया था। घर में एक रजिस्टर से मिले सुसाइड नोट ने चौकाने वाला खुलासा किया है। इतना ही नहीं मृतका ने सुसाइड नोट मंगेतर को व्हाट्सऐप पर भी भेजा था। सोमवार को पीड़ित परिजनों के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचे लोगों ने एसपी अमित कुमार आनंद को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपी मंगेतर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

■ **एसपी से मिलकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की**

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव कुदैनी निवासी धर्मपाल सिंह वार्ड 12 से जिपं सदस्य हैं। उन्होंने अपनी बेटी सोनी का रिश्ता बीते साल 13 अक्तूबर को बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव देवी वाला निवासी योगेश के साथ तय किया था। गोद भराई के बाद 9 जून को शादी होनी थी। इसके बाद सोनी और योगेश के बीच मोबाइल पर बात. चीत भी होती थी। इसी बीच योगेश ने सोनी को बताया था कि वह एक दूसरी युवती के साथ भी रिलेशनशिप में है। इस बात को लेकर नाराजगी जताने पर योगेश ने सोनी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। इसके चलते बीती 30 मई को सोनी ने आत्महत्या कर ली। परिजनों ने सोनी का अंतिम संस्कार कर दिया था। लेकिन, अगले दिन घर में मिले एक रजिस्टर में सोनी द्वारा लिखा हुआ एक सुसाइड नोट मिला। जिसे पढ़ने के बाद इस बात का खुलासा हुआ कि योगेश ने सोनी को आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर कर किया। इतना ही नहीं आत्महत्या करने से पहले सोनी ने अपने मोबाइल से योगेश को सुसाइड नोट व्हाट्सऐप पर भेजा था। सोमवार को धर्मपाल सिंह के साथ बड़ी संख्या में लोग पुलिस कार्यालय पहुंचे और सोनी की मौत का जिम्मेदार योगेश को ठहराते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की। एसपी ने मामले में गजरौला थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस दौरान राहुल चौहान, ओमदत्त गुर्जर, विशाल चौहान, भगवंत चौहान, जितेंद्र सिंह, अब्दुल सत्तार, पवनीत दिवाकर, मस्तराम यादव आदि मौजूद रहे।



■ अमरोहा। एसपी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपने जाते परिजन।

## एक नजर

### कुत्तों के हमले में बकरी की मौत, तीन बकरे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता उझारी।** घर के बाहर बंधी बकरियो को खूंखार कुत्तों ने आ दबोचा। जिसमें एक बकरे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक बकरी एक बकरा गंभीर रूप से घायल नगर के बुरावली मार्ग पर घर के बाहर बंध रही बकरियो पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। कस्बा निवासी डा. फुरकान की बकरिया घर के बाहर बंध रही थी करीब ढाई बजे आधा दर्जन आवारा कुत्तों ने बकरियों पर हमला बोल दिया। करीब 10 मिनट तक आवारा कुत्ते बकरियों को नोचते रहे। राहगीरों ने जब यह मंजर देखा उन्होंने शोर मचाया। शोर गुल की आवाज जैसे ही डाक्टर फुरकान ने सूनी फोरन घर के बाहर आया देखा कि बकरियों को जंगली कुत्ते नोच रहे हैं। रहागिरो की मदद से कुत्तों के चुंगल से बकरियों को बचाया गया लेकिन तब तक कुत्तों ने तीन बकरियों को फाड़ डाला। जिसमें एक बकरे की मोके पर ही मौत हो गई दो बकरिया गम्भीर रूप से घायल हो गयी।

### बेसिक शिक्षिका प्रीति थाईलैंड में सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षिका को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय देवनागरी हिन्दी सम्मान से सम्मानित किया गया। ब्लाक क्षेत्र के गांव शहबाजपुर गुर्जर में संविलयन विद्यालय की सहायक अध्यापिका प्रीति शर्मा के मुताबिक शिक्षा के क्षेत्र उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें बीते शनिवार को बैंकाक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया गया। इसके पूर्व जनवरी माह में भी उन्हें आइकॉन टीचर पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी उपलब्धि पर बेसिक शिक्षकों ने बधाई दी।

### आम के हरे-भरे पेड़ों पर चलायी कुल्हाड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बिना अनुमति के आम के हरे भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला कर उन्हें काट डाला। वन विभाग ने पेड़ काटने वालों पर जुर्माना डाला है। कोतवाली क्षेत्र के गांव याकूबपुर उर्फ आगापुर में बीती दो रातों से टांडा मार्ग पर आम के हरे-भरे पेड़ों को बिना अनुमति से काटा जा रहा था। हसनपुर तहसील क्षेत्र में इन दिनों आम के हरे भरे पेड़ों को रात के अंधेरे में काटा जा रहा है। ताकि वन विभाग वह पुलिस को गुमराह किया जा सके। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि आम के हरे-भरे पेड़ों को बिना अनुमति के काटे जाने की सूचना मिली थी। आम के हरे पेड़ों को काटने वालों पर जुर्माना डाला गया है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि आम के तीन पेड़ों को काटा गया है। जबकि चर्चा है कि आम के आठ हरे-भरे पेड़ों को काटा गया है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि वह स्वयं मौके पर जाकर इस मामले की जांच करेंगे।

### एआईएमआईएम ने सौंपा ज्ञापन



**अमरोहा।** एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष साजिद अली चौधरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपकर ईद उल अजहा पर जनपद में सफाई व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, शांति व सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ बेहतर जलापूर्ति की मांग की। ज्ञापन पर अमान, शकील सैफी, शकिर अली, रजा अली, मौ.हसीम, जानेआलम, मोहम्मद फारूक, साहिल सलमानी, सद्दाम हुसैन आदि के हस्ताक्षर हैं।

## गैर समुदाय के युवक संग युवती फरार

### नकदी-जेवर भी ले गई साथ, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला निवासी एक युवती सोने के जेवर व पचास हजार रुपये की नगदी लेकर कस्बे के ही रहने वाले गैर संप्रदाय के युवक संग फरार हो गई। परिजनों को जानकारी होने पर उनके होश उड़ गए। परिजनों ने युवक पर युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया। मोहल्ले के ही एक अन्य युवक पर भी घटना में शामिल होने का आरोप लगाया गया हैं। मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए कार्रवाई करने की मांग की।

नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक का आरोप है कि उनकी 25 वर्षीय बेटी रविवार की रात सोने के जेवर और पचास हजार की नगदी लेकर दूसरे मोहल्ले के रहने वाले गैर सम्प्रदाय के युवक के साथ फरार हो गयी। युवक पर बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व एक अन्य युवक पर घटना में शामिल होने का आरोप लगाया हैं। युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की हैं उन्होंने बेटी के साथ किसी अनहोनी की भी आशंका जताई हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया मामले में यश शर्मा उर्फ शालू के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही हैं

## चेयरमैन ने किया ईदगाह का निरीक्षण

**हसनपुर।** पालिकाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने पालिका बोर्ड के सदस्यों के साथ ईदगाह का निरीक्षण करते हुए शहर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को पालिकाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने पालिका बोर्ड के सदस्यों के साथ ईद अल-अजहा के मद्देनजर ईदगाह का निरीक्षण किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि ईदगाह पर आने जाने वाले रास्तों पर साफ सफाई करने के बाद छिड़काव कर चूना आदि डाला जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर को हर हाल में साफ रखा जायेगा। पानी की समस्या को खड़ा नहीं होने दिया जायेगा। बिजली न आने पर जनरेटर चलाकर पानी की आपूर्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि अवशेष दबाने के लिए गड्ढे खोदने के लिए जमीन को चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह खुले में पशुओं के अवशेष को ना डालें। शासन द्वारा जो दिशा निर्देश दिये गये हैं उसी के आधार पर कुर्बानी की करें।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

### पुलिस ने शव पीएम को भेजा, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाइवे पर बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। युवक हाइवे स्थित एक होटल पर काम करता था और सुबह के समय अपने घर लौट रहा था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

■ **सुबह के समय स्कूटी से घर लौटते वक्त हुई दुर्घटना**



जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बारसाबाद निवासी प्रमोद कुमार(35) पुत्र लेखराज हाइवे स्थित एक होटल पर काम करते था। सोमवार की सुबह करीब पांच बजे वह स्कूटी से अपने घर लौट रहा था। भानपुर फाटक आगे एक होटल के सामने पहु. चने पर अज्ञात चालक ने लाप. रवाही से बाइक चलाते हुए स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में प्रमोद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी पहुंचाया। सूचना पाकर परिजन भी यहां पर आ गए। युवक की मौत से उनका रो रोकर हाल बेहाल हो रहा था, जबकि ग्रामीण भी गमगीन थे। मृतक दो बेटियों व एक बेटे का पिता था। पिता किसान हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि प्रमोद के पिता की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# पिछड़े वर्ग की गरीब बेटियों के हाथ पीले कराएगी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक का आयोजन सोमवार को जिलाधिकारी की

■ **डीएम की अध्यक्षता में समिति की बैठक आयोजित**

अध्यक्षता में किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने समिति को अवगत कराया कि जनपद अमरोहा को पिछड़ा वर्ग हेतु गरीब व्यक्ति की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के अंतर्गत 1482 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सत्यापन उपरांत 715 आवेदनों को स्वीकृत किया गया है। जनपद स्तरीय स्वीकृति समिति द्वारा 715 आवेदन को स्वीकृत कर धनराशि संबंधित



को हस्तांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। विधायक धनौरा राजीव तरारा ने कहा कि शादी अनुदान योजना से संबंधित फ्लेक्सी जनपद की समस्त तहसील, ब्लाक एवं नगर पालिका/नगर पंचायत सहित कलेक्ट्रेट में लगवाई जाए ताकि लोगों को पात्रता की जानकारी प्राप्त हो और अधिक से अधिक पात्रों को उक्त योजना का लाभ प्रदान हो सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना के लिए कोई व्यक्ति मेरा या किसी जनप्रति. निधि का नाम लेकर कार्य करने के लिए कहे तो सबसे पहले संबंधित को फोन करके संपर्क करें। कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को ही मिले, जिससे उनका विकास हो सके। इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद की समस्त तहसीलों, विकास खण्डों, नगर पालिका/नगर पंचायत सहित शादी अनुदान योजना की फ्लेक्सी दो दिवस के अंदर लग जाएं। इस अवसर पर नौगावां सादात के विधायक चौ. समरपाल सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी धनोरा चंद्रक. ांता, उप जिलाधिकारी हसनपुर विभा श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कई कुंतल मछलियों की तड़पकर मौत

### रंजिशन तालाब में डाला जहरीला पदार्थ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रंजिश के चलते तालाब में जहरीला पदार्थ डाल दिया। कई कुंतल मछलियों की तड़पकर मौत हो गई। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित मछली कारोबारी के साथ मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर की है। यहां रहने वाले अशोक कुमार ने गांव में स्थित एक तालाब में मछली पालन कर रखा है। निगरानी के लिए उन्होंने तालाब के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे भी लगा रखे हैं। आरोप है कि गांव के रहने वाले अंकुर और अमित अशोक कुमार से रंजिश रखते हैं। बीती 24 मई की रात करीब साढ़े आठ बजे दोनों तालाब पर पहुंचे। सीसीटीवी कैमरे तोड़ने के बाद वायर काट दी और तालाब में जहरील पदार्थ डालकर भाग गए। अगले दिन सुबह में जब अशोक कुमार तालाब पर पहुंचे तो मृत मछलियां पानी में उतराती हुई मिलीं। आरोप है कि एक मोबाइल कॉल की रिकॉर्डिंग से दोनों की साजिश का पर्दाफाश हो गया। अशोक कुमार ने जब इसका विरोध जताया तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की पुष्टि की।

## दबंगों ने किया जमीन पर कब्जा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव सदल्लेपुर निवासी किसान कलुआ पुत्र गंगाशरन ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि रहरा थाना क्षेत्र के गांव बरतौरा में वर्ष 2012 में खेती किसानी करने के लिए जमीन खरीदी थी और जमीन खरीदने के बाद गांव बरतौरा के दबंगों ने हेकड़ी के बल पर जमीन पर कब्जा कर लिया उसके बाद से लगातार में शिकायत करते आ रहा हूं लेकिन दबंग जमीन से कब्जा हटाने को तैयार नहीं है और अगर मैं जमीन पर अपनी बताता हूं तो उक्त दबंग भू माफिया एवं दबंग किस्म के व्यक्ति हैं वह मारने पीटने पर उतारू हो जाते हैं तथा लड़ाई झगड़े के डर से में जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कर पाया और सोमवार को उप जिलाधिकारी हसनपुर से जमीन को दबंगों से कब्जा मुक्त करने के लिए प्रार्थना दिया तथा उप जिलाधिकारी ने हल्का कानूनगो को कार्रवाई के आदेश दिए है।

# साधु संतों के आगमन से घर में बढ़ता है भक्ति का वातावरण: डॉ.रामकमलाचार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हो श्री राम कथा में सोमवार को चतुर्थ दिन प्रवचन सुनाते हुए कथावाचक काशी

**■ सोमवार को कथा पंडाल में पहुंचे देश के कई वरिष्ठ संत**

पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य डॉ.रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने कहा कि, जिन घरों में साधु संतो का आगमन होता है, उन घरों में सुख, स्मृद्धि की कोई कमी नहीं रहती। साधु संतो के चरण पड़ने से घर परिसर भक्ति



गजरौला। वरिष्ठ संतो को प्रतीक चिन्ह देते महामण्डलेश्वर श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी।

भाव से परिपूर्ण हो जाते हैं। इसलिए हमें प्रयास करें कि साधु संतो का मान सम्मान करें। सोमवार को कार्यक्रम में मुख्य यज्ञमान सेवा. निवृत्त सीओ धर्मपाल सिंह रहे। इनके अलावा यहां अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं बहादुरगढ़ के महामंडलेश्वर देवेंद्रा गिरी महाराज, राजपुर कलां बुलंदशहर पीठ के महामंडलेश्वर राघवानंद सरस्वती महाराज, प्रेमानंद गिरी महाराज जी, पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल, प्रमुख मुख्य संयोजक चौ.वेदपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान, सह संयोजक सतेन्द्र सिंह भोला, देवेन्द्र सिंह, श्याम वर्मा, प्रदीप वर्मा, प्रमोद अलूना आदि मौजूद रहे। औद्योगिक नगरी में हो रहे श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं श्री राम कथा में काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य डॉ.रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज के श्रीमुख से भजन सुनकर भक्त भाव विभोर हो उठे। आरती में भक्ति के स्वर गूंजते रहे और भक्तगण तालियां बजाकर अपना समर्थन प्रदान करते रहे। सात बजे कथा के चौथे दिन के समापन के बाद आठ बजे आरती की गई और कार्यक्रम में पहुंचे देश के वरिष्ठ संतो ने भी भक्तों को संबोधन किया। कहा कि साधु संतो का देश की रक्षा में हमेशा से ही योगदान रहा है। कहा कि बच्चों को संस्कार देने के लिये प्रयासरत रहें। कहा कि भारत की भूमि पर जन्म लेना बहुत ही सौभाग्य की बात है। हमें अपने बच्चों के पास बैठना चाहिये और उनसे सनातन संस्कृति के बारे में बात करनी चाहिये, ताकि वे सनातन संस्कृति के बारे में जान सकें और उसे अपने जीवन में उतार सकें।

# भाकियू की महापंचायत कल, वार्ता विफल होने पर रोकेंग ट्रेन

## किसानों से महापंचायत में पहुंचने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर छीतरा में हुई। चार जून को गजरौला में होने वाली महापंचायत को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि यदि महापंचायत में अधिकारियों से वार्ता विफल रही तो नेशनल हाईवे के साथ रेलवे ट्रैक भी जाम करेंगे। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह ने कहा की चार जून को शहर में भानपुर रेलवे फाटक के पास ऐतिहासिक महाप. ंचायत होगी। यहां बिजली, गन्ना व वन समेत जिले के सहकारी बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। यदि महापंचायत में किसी भी विभाग से वार्ता सफल नहीं हुई तो किसान दिल्ली-मुरादाबाद नेशनल हाईवे व रेलवे स्टेशन मार्ग पर भानपुर रेलवे फाटक जाम करेंगे। कहा कि अब जिले के किसान में पीड़ा सहने की क्षमता नहीं रही है। जिले की कार्यकारिणी बनाकर गांव-गांव तक किसानों को एकजुट रहने व भारी संख्या में पंचायत में पहुंचने की अपील भी की गई। इस दौरान गुरमीत सिंह, बचन सिंह, सुभाष चीमा, मयंक धारीवाल, सोवीर सिंह, देशराज सिंह, नकुल चौधरी, सोनू चौधरी आदि मौजूद रहे।

# नदियों को कब्जामुक्त कराने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी** जिले में विलुप्त होने की कगार पर पहुंची नदियों को पुनर्जीवित करने की कवायद के बीच डीएम स्तर पर हसनपुर व मंडी धनौरा को नदियों को कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया गया है।

गौरतलब है कि सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्रा, पीडी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को मंडी धनौरा ब्लॉक क्षेत्र में बगद नदी, बान नदी, कृष्णी नदी क्षेत्र का दौरा किया था। इस दौरान बान नदी में पानी मिला जबकि गांव ढयौटी बगद नदी के उदगम क्षेत्र में फसल खड़ी थी। यहां के अलावा अन्य तीन गांवों में कृष्णी नदी में भी फसल खड़ी थी। कई अन्य क्षेत्रों में भी नदियों पर अवैध कब्जे व अतिक्रमण मिला था। सीडीओ ने बीडीओ मंडी धनौरा को तीनों नदी क्षेत्रों का सर्वे कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। पीडी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नदियों के निरीक्षण के दौरान नदी क्षेत्रों में अवैध कब्जे और अतिक्रमण मिला है। कई स्थानों पर नदी क्षेत्र में फसल खड़ी मिली है। जिलाधिकारी की ओर एसडीएम मंडी धनौरा व हसनपुर को नदियों को कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया गया है।

# परेशानियों से मुक्ति पाने को करें ईश्वर की आराधना

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में कथा वाचक सतकाम कृष्णा गौर जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के वाचन और श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। संसार दुखों का सागर है। हर प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी और परेशान है। कोई स्वास्थ्य को लेकर दुखी है। कोई परिवार, कोई धन तो कोई संतान को लेकर परेशान है। सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र मार्ग है। इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन का कुछ समय भक्ति में लगाना चाहिए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अगरौला कला में गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास सतकाम कृष्णा गौर जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है। जिसके पान से भय, भूख, रोग



सब कुछ खुद ही नष्ट हो जाता है। व्यक्ति को मन, बुद्धि चित एकाग्र कर अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित कर देना चाहिये। भागवत कथा को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिये। कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से महापापी धुंधकारी का भी उद्धार हो गया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## एक नजर

### मौसीफ का इंडियन वॉरियर्स टीम में हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्रेटर नोएडा में 27 मई से शुरू हो रही इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चौंपियनशिप (आईएलसी) में हसनपुर नगर निवासी मौसीफ खान का इंडियन वॉरियर्स टीम के लिए चयन हुआ है। उनके इस चयन पर शहर में खुशी का माहौल है। लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर मौसीफ खघन को उनके चयन पर मुबारकबाद दी है।मौसीफ खान पिछले लगभग पांच वर्षों से लगातार विदेशी सरजमीं पर हिन्दुस्तान का नाम रोशन कर रहे हैं। मौसीफ खान अफरीका ,बहरीन, मॉरीशस, मलेशिया, दुबई, ओमान, अबू धाबी जैसे मुल्कों में क्रिकेट टूर्नामेंट खेल चुके हैं। इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चौंपियनशिप (आईएलसी) का उद्घाटन मुकाबला इंडियन वॉरियर्स और अफ्रीकन लायंस के बीच 27 मई को शाम खेला जायेगा। आईएलसी के संस्थापक और निदेशक प्रदीप सांगवान ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा यह सिर्फ लीग नहीं बल्कि 6 महाद्वीपों का समागम है। जो दर्शकों को रोमांच और पुरानी यादों का बेहतरीन मेल देने जा रहा है। शेड्यूल को इस तरह से तैयार किया गया है कि रोमांच बना रहे और दुनियाभर के दर्शक हर दिन स्क्रीन से जुड़े रहें।जहां पूर्व दक्षिण अफ्रीकी धाकड़ बल्लेबाज हर्शल गिब्स अफ्रीकन लायंस की कप्तानी करेंगे। तो वहीं एशियन किंग्स की अगुवाई सुरेश रैना के हाथों में है। एशिया की इस टीम में रैना के साथ पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज तिलकरत्ने दिलशान और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान भी जलवा बिखेरते नजर आएंगे। एक तरफ जहां दुनियाभर के लीजेंड्स क्रिकेटरों के लिए यह बेहतर प्लेटफार्म साबित होगा। वहीं जमीनी स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को भी निखारा जायेगा।

### आर्थिक मंदी से जूझ रहे शिक्षामित्र



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ब्लॉक इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर पर सम्पन्न की गई। सोमवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा मित्र आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। बढ़ती मंहगाई के हिसाब से उनका मानदेय नाकाफी हैं। उन्होंने मानदेय बढ़ोतरी के साथ साथ ट्रांसफर व्यवस्था को भी लागू करने की मांग दोहराई। ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने बताया कि अभी हाल ही में शिक्षा मित्र संघ के प्रांतीय उपमहामंत्री रमेश चन्द्र मिश्रा एवं विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय महमूदाबाद में कार्यरत शिक्षामित्र बृजेश कुमार की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई है। इस अवसर पर वरुण गुर्जर, कुलदीप चौहान, जगत सिंह, महताबउद्दीन, दिग्विजय सिंह,भूरे सिंह, पन्नादत्त, रमेश सिंह, हरपाल सिंह, राजपाल सिंह चौहान, मंगल सिंह चौहान, जब्बार अली, रोहताश सिंह,भूपाल सिंह,देवेश सिंह, देवेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### पेंशनर्स कक्ष निर्माण की मांग को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** पेंशनर्स कक्ष के निर्माण की मांग को लेकर पेंशनर्स एसोसिएशन ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि पेंशनर्स कक्ष निर्माण हेतु शासन को प्रस्ताव भिजवाया गया है। अन्य जनपदों की तरह यहां भी पेंशनर्स कक्ष का निर्माण कराया जाये।ज्ञापन देने वालों में शिवेंद्र सिंह चिकारा, राजेंद्र सिंह राणा, अमीपाल सिंह, शिशुपाल सिंह, सोमदत्त सिंह, प्रवक्ता मौजूद रहे।

# एक पटल पर तैनात कर्मियों को हटाया जाए

## कलेक्ट्रेट बार ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर राजस्व एव चकबंदी विभाग में तीन साल से एक पटल पर तैनात कर्मियों की तैनाती में फेरबदल करने की मांग की है।

सोमवार को बार अध्यक्ष सत्यपाल सिंह यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने डीएम निधि गुप्ता से मुलाकात की। शासनादेश का हवाला देते हुए बताया कि एक पटल पर तीन साल से अधिक समय तक किसी भी कर्मी की तैनाती नहीं होनी चाहिए लेकिन राजस्व एव चकबंदी विभाग में इस शासनादेश पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है। कई कर्मचारी छह साल से एक ही पटल पर तैनात हैं जो शासनादेश का खुला उल्लंघन है। इसके अलावा कोर्ट में अनुभवहीन कर्मियों की तैनाती से भी कार्य प्रभावित हो रहा है। बार एसोसिएशन ने एसओसी और डीडीसी न्यायालयों में वादों में निर्णय अधिवक्ता के नाम के आधार पर न करके मेरिट और निष्पक्षता के साथ करने की मांग की। वहीं, आरोप लगाया कि एसओसी का कार्य एवं व्यवहार ठीक नहीं है। चकबंदी की शिकायतों को खुद न सुनकर डीएम कार्यालय भेज देते हैं। समय से कोर्ट का संचालन भी उनके स्तर पर नहीं किया जा रहा है। राजस्व अभिलेखागार का रिकार्ड दुरूस्त नहीं है लिहाजा रिकार्ड की बाइंडिंग कराई जाए। बार एसोसिएशन हॉल के पास इंडिया मार्का नल द्वारा दूषित पानी देने के कारण नल को रिबोर कराने की भी मांग की। इस दौरान मधुर अग्रवाल, रामव. ीर सिंह, नेत्रपाल, विकास कुमार धारवान, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# मोबाइल पर धमकी देने वाले युवक को पीटा

## दूसरे आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** मोबाइल कॉल पर धमकी देने वाले युवकों ने मोहल्ले में घेरकर मारपीट की। गुस्साए लोगों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया जबकि उसका साथी मौके से भाग गया। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है वहीं गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के मोहल्ला विवेकानंद कॉलोनी का है। यहां रहने वाले नरेंद्र सिंह को मुरादाबाद जिले के कांठ थाना क्षेत्र के गांव सहदौली का निवासी प्रेम सिंह काफी दिन से मोबाइल पर कॉल कर परेशान कर रहा था। उसके साथ में शोभित, शिवम व राजवीर भी आए दिन बेवजह कॉल कर गाली-गलौज करते हुए धमकी देते थे। घटना बीती एक जून की है। आरोप है कि प्रेम और शोभित घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगे तथा विरोध करने पर नरेंद्र सिंह को पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर जमा हुए मोहल्ले के लोगों ने आरोपी प्रेम को दबोच लिया जबकि शोभित मौके से भाग गया। इसके बाद लोग आरोपी प्रेम को थाने ले गए और घटनाक्रम बताते हुए उसे पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी प्रेम का चालान करने की बात कही

## तेंदुए से छुटकारा दिलाया जाए



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** भाकियू संघर्ष ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपकर खुंखार तेंदुए से छुटकारा दिलाने की मांग की है। सोमवार को भाकियू संघर्ष ने डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। भाकियू का आरोप है कि डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर, शेखुपुर, मंजूपुरा, चुबका में लगातार तेंदुआ हमलावर है तथा रसूलपुर में गाय के बच्चों को तेंदुआ निवाला बना चुका है। किसान पर काम करते समय हमले कर रहा है तत्काल पिंजरा लगवाकर तेंदुए को पकड़ा जाये। वह पहले भी अधिकारियों को इस बाबत अवगत करा चुके हैं। इस मौके पर गौरव पंवार, अरविंद पंवार, रामपाल सिंह, राजेश सिंह, चमन सिंह, चरन सिह, राहुल गुर्जर, खेमचंद राणा आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गजरौला व धनौरा ब्लॉक में चयनित 27 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने एसडीएम धनौरा चंद्रकांता व विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र सौंपे। विधायक ने नवचयनितों से कहा कि वे विभाग द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का लाभ गर्भवती महिलाओं व छह वर्ष तक के बच्चों के पहुंचाएं। उनका समय से टीकाकरण कराएं, साथ ही कुपोषित बच्चों की विशेष

**■ गजरौला व धनौरा ब्लॉक में 27 पदों पर हुई है नियुक्ति**

देखभाल करें। विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं व जीरो से छह वर्ष तक के बच्चों की उचित देखभाल के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समारोह को एसडीएम धनौरा चंद्रकांता, डीपीओ ज्ञान प्रकाश तिवारी, गजरौला सीडीपीओ विनीता सिंह, सीडीपीओ संजीव सिंह, सोहनवीर ने भी संबोधित किया। विधायक व अधिकारियों ने गर्भवती महिलाओं की गोद



भराई की रस्म भी की और नन्हीं मुन्हीं कन्याओं को भी दुलार दिया। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह पाल, वैभव गोयल, अमन अग्रवाल, सुशील सिद्धू, परवेन्द्र चाहल, अक्षय कुमार समेत आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

# टैंडरों को लेकर दो माननीयों में टकराव

## सत्तारूढ पार्टी के नेता अपने चेहतों को दिलाना चाहते है काम

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सत्तारूढ पार्टी के दो माननीयों में इन दिनों तकराव की खबर आ रही है। दरअसल दोनों अपने अपने चेहतों को टैंडर दिलाना चाहते हैं तो वहीं राजनीतिक दल इसे कमीशन का खेल बता रहे हैं।

सत्तारूढ पार्टी में अब टकराव की खबरे लगातार बढ़ रही है। प्रदेश की सत्ता पर आठ तथा केन्द्र की सत्ता पर 11 साल से काबिज भाजपा में अब पार्टी नेताओं में अनबन तेज होने लगी है। जबकि 2027 में विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में समय रहते अगर गुटबाजी पर हाईकमान ने लगाम नहीं कसी तो पार्टी के लिए यह नुकसानदेय हो सकता हैं सत्तारूढ पार्टी के दो माननीयों में अपने अपने करीबी ठेकेदारों को टैंडर देने को टकराव बढ़ रहा है। दरअसल दोनों चाहते हैं कि जो भी विकास कार्य हों, उनके ठेके उनके करीबियों को मिले। जबकि विपक्षी दलों के नेताओं का कहना है कि दोनों माननीयों में कमीशन को लेकर टकराव हो रहा है। दोनों माननीय चाहते हैं टैंडरों से मिलने वाला कमीशन उनकी जेब में आये। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी पार्टी नेताओं को न हो। इसके अलावा भी दूसरी विधानसभाओं भी भाजपा में गुटबाजी बढ़ रही है। भाजपा से कहीं गुर्जर तो वहीं सैनी मतदाता दूरी बनाने लगे हैं। इन दोनों बिरादरियों का आरोप है कि भाजपा में उनकी अनदेखी हो रही है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में भाजपा में गुटबाजी न होने का लाभ पार्टी को मिलेगा था परन्तु इस बार गुटबाजी पार्टी के लिए नुकसानदेय हो सकती है।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

सुनील कुमार पुत्र गंगाराम निवासी मोहल्ला होली वाला कस्बा व तहसील हसनपुर अमरोहा अपने पुत्र राहुल राज व अपनी पुत्रवधू पूनम को अपनी समस्त संपत्ति से बेदखल करता है तथा इनसे सभी संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य मेरा इनसे कोई संबंध नहीं है

# सोमपाल को छठी बार मिली बसपा की कमान

## महेश गौतम 15 दिन ही रहे जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोहा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर जिले में संगठनात्मक बदलाव करते हुए पूर्व मंत्री सोमपाल सिंह को जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री सिंह के पुनर्नियुक्त होने की सूचना मिलते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। महेश गौतम मात्र 15 दिन ही बसपा के जिलाध्यक्ष रहे। पूर्व मंत्री सोमपाल सिंह को बसपा सुप्रीमो मायावती के करीबी नेताओं में गिना जाता है। पार्टी में उनका लंबा और मजबूत राजनीतिक सफर रहा है। बसपा नेतृत्व ने 2006 में उन्हें अमरोहा जिले की कमान



सौंपी थी। इसके अगले ही वर्ष, 2007 में जब बसपा की सरकार बनी, तो मायावती ने उन्हें सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त करते हुए राज्यमंत्री का दर्जा भी प्रदान किया था।

# आदमपुर के युवक की गोरखपुर में करंट से मौत

## काम करते समय लगा उच्चशक्ति का करंट, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** आदमपुर के युवक की गोरखपुर में करंट की चपेट में आकर मौत हो गयी। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेने गोरखपुर रवानाहो गये।

आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की गोरखपुर में बिजली का कार्य करते समय झुलसने से उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मचा है। परि. जनों द्वारा शव को गांव लाया जा रहा है। बता दे की आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दढियाल निवासी 32



वर्षीय संजय पुत्र करन सिंह अपने परिवार के साथ 20 दिन पहले बिजली की लाइन का काम करने के लिए गोरखपुर गया था। वहां रविवार को काम करते समय अचानक वह हाई टेंशन विद्युत लाइन के करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया था। गंभीर रूप से झूलसे युवक को अन्य साथियों ने इलाज के लिए नजदीक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान 32 वर्षीय संजय की मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। तत्काल परिजन शव लेने के लिए गोरखपुर चले गए। फिलहाल परिजनों के द्वारा मृतक के शव को गांव लाया जा रहा है। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक अपने पीछे दो बच्चों के अलावा पत्नी शांति देवी को रोते-बिलखते छोड़ गया है।

# अपनी मनमानी के चलते ग्रामीणों ने चौक की ऊंचाई करवा दी तीन फिट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** सोमवार को बिसौली तहसील क्षेत्र के विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव बसौमी में कुछ ग्रामीणों ने अपनी हठधर्मी के चलते गांव में होली चौक की सरक. ारी जगह पर तीन फिट से ज्यादा ऊंचाई का चबूतरा बना दिया जिसके चलते होली चौक के आस पास के घरों व ग्रामीणों को खासा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था लिहा. जा होली चौक के आस पास के घरों व ग्रामीणों की सुविधा के ख्याल से होली चौक की ऊंचाई तीन फिट से घटाकर अब एक फिट सुनिश्चित कर दी गई है । इस दौरान नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव , कानूनगो धनपाल सिंह , लेखपाल रामौतार सिंह , विकास विभाग के सचिव अंकित व ग्राम प्रधान सहित पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा । यह जानकारी नायब तहसीलदार गिरिजाशंकर यादव ने दी ।

# उर्स शरीफ में लगा एक दिवसीय मेला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के बदायूं आंवला मार्ग पर पर स्थित गांव पडौलिया में हजरत कमाल पीर रहमतुल्लाह अलैह दरगाह का 71वां उर्स शरीफ के मौके पर एक दिवसीय मेला सम्पन्न हुआ उर्स मेंले में आसपास के गांव सलारपुर, हुसैनपुर,नादे गौंटिया,रहमा,फूलवाय, आलमपुर आदि गांवों के लोगों ने मेले में शामिल हुए यह जानकारी उर्स मेला कमेटी आयोजक असगर अली ने दी इस मौके पर यूनस अली, मुख्तियार पूर्व प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने किया पेयजल योजना नगरीय कार्यों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को पेयजल योजना नगरीय अंतर्गत पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यों का बदायूं व उझानी में निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए व निर्देशित किया कि जो भी कार्य हो उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा निर्धारित समय सीमा अन्तर्गत कार्यों को पूर्ण कराया जाए ताकि आमजन को शुद्ध व स्वच्छ जल उपलब्ध हो। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बदायूं नगर के जलकल कैंपस के पास तथा उझानी में काशीराम कॉलोनी के नजदीक कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बदायूँ नगर में कोलतार से बने रोड, घरों में कराए जा रहे पानी के कनेक्शन व ओवरहेड टैंक के कार्यों का भी निरीक्षण किया। डीएम ने उझानी में ओवरहेड टैंक के कार्यों, हाइड्रो टेस्टिंग के कार्यों, रोड रेस्टोरेशन के कार्यों का तथा घरों में कराई जा रहे पानी के कनेक्शन को भी चेक किया।



डीएम ने पाइप लाइन बिछाने के लिए किए सड़क पर किए गड्ढों को ठीक प्रकार से भरा गया है अथवा नहीं, यह भी चेक किया। उल्लेखनीय है कि पेयजल पुनर्गठन योजना अंतर्गत जल निगम नगरीय द्वारा बदायूं में 41 करोड़ 73 लाख रुपए की अनुबंधित लागत से कार्य कराए जा रहे हैं।

जिसमें तीन ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जा रहा है तथा 90. 77 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाई जा रही है, इस कार्य से पाइप पेयजल योजना से छूटे हुए 10524 घरों में पानी पहुंचाया जाएगा। इस कार्य को दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में लगभग 71 प्रतिशत कार्य पूर्ण भी हो चुका है। वही उझानी में 30 करोड़ 27 लाख रुपए की अनु. बंधित लागत से जल निगम नगरीय द्वारा कार्य कराए जा रहे हैं, जिसमें दो ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जा रहा है। 81 किलोमीटर की पाइपलाइन शहर में बिछाई जा रही है।

इस कार्य से पाइप पेयजल योजना से छूटे हुए 14295 घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी। इस कार्य को मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है तथा वर्तमान में लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण भी कर लिया गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय कपिल सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## उर्वरक की बिक्री के लिए बदली जाएंगी पीओएस मशीनें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उर्वरक बिक्री के लिए पुरानी पीओएस मशीनों को बदला जाएगा। कृषि विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। उर्वरक बिक्री के दौरान प्रयोग में लायी जाने वाली पुरानी पीओएस मशीनें बदली जाएंगी। इस संबंध में मुख्यालय से फरमान जारी हो चुका है। मुख्यालय से फरमान जारी होने के बाद जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने पीओएस मशीनें बदलवाने का काम शुरू कर दिया है। मशीनें संबंधित उर्वरक कंपनियों द्वारा दी जा रही हैं। जिले में करीब 1,500 उर्वरक बिक्री के लाइसेंस जारी हैं। इनमें से करीब 800 उर्वरक बिक्रेता पीओएस मशीन के माध्यम से उर्वरक का वितरण करते हैं।

इन उर्वरक विक्रेताओं के लिए पूर्व में पीओएस मशीन दी जा चुकी हैं। पूर्व में दी गयी पीओएस मशीनें पुराने वर्जन की हैं।जिसकी वजह से उर्वरक वितरण के दौरान तमाम दिक्कतें आती हैं। कभी पुरानी पीओएस मशीनों में सर्वर की समस्या आ जाती है तो कभी किसानों के फिंगर नहीं आते हैं। इस स्थिति में किसानों को दिक्कत होती है। किसानों एवं उर्वरक विक्रेताओं द्वारा इस समस्या के बारे में लगातार कृषि विभाग एवं उर्वरक कंपनियों को अवगत कराया जा रहा था। इसके बाद उर्वरक कंपनियों ने पुरानी मशीनें बदलवाने का निर्णय लिया है। जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि पुरानी पीओएस मशीनें बदली जा रही हैं।

# मिर्च तोड़ने गई किशोरी के साथ दुष्कर्म ,केस दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। 13 साल की लड़की अपनी मां के साथ खेत में मिर्च तोड़ने गई थी, जब गांव के किशनपाल ने उसके साथ दुष्कर्म किया।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत में मां के साथ मिर्च तोड़ने गई एक किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीडित परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है। पीडित परिवार का आरोप है कि शनिवार की सुबह लगभग आठ बजे एक महिला और उसकी 13 साल बेटे गांव के किसान के खेत में मिर्च तोड़ने गई थीं। इसके बाद महिला घर लौट आ गई और बेटी खेत पर मिर्च तोड़ने के लिए रुक गई। इस दौरान गांव के ही किशनपाल ने उसके साथ दुष्कर्म किया।पीड़िता की मां जब दोबारा खेत पर पहुंची तो उसने पूरी घटना बताई तो परिवार के लोगों ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरा. ेपी किशनपाल पर खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रसूलपुर में एबीसी केबल में आग लगने से बिजली ठप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** रसूलपुर गांव में एबीसी केबल में आग लगने से दर्जनों घरों की विद्युतापूर्ति ठप हो गई। आग लगने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। रसूलपुर गांव में एबीसी केबल में आग लग गई।

केबल में आग लगने से दर्जनों घरों की विद्युतापूर्ति ठप हो गयी। जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आग लगने के बाद केबल टूटकर सड़क पर गिर गई। गनीमत रही कि आसपास कोई मौजूद नहीं था। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। रविवार सुबह करीब सात बजे गांव के पास से गुजर रही एबीसी केबल में अचानक आग लग गयी। करीब बीस मिनट तक केबल जलती रही। आग लगने के बाद केबल टूट कर सड़क पर गिर गई और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। केबल में आग लगने की सूचना पर बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे और केबल बदलने की कवायद में जुट गए।बिजली आपूर्ति बाधित रहने से भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कर्मचारियों का कहना था कि केबल बदलने के बाद गांव की आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# जीवन यात्रा में चिंतन का ठहराव जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र का 31वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सद्भभावना भवन पटिया वाली गली स्थित सेवा केंद्र का 31 वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बालिका सौम्या ने नृत्य पेश कर अतिथियों का स्वागत किया। उत्तर प्रदेश पश्चिम की जोन प्रभारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी ने सभी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान समय सहज राज योग के अभ्यास को बढ़ाने की आवश्यकता है, जिससे संपूर्ण विश्व में सुख, शांति की स्थापना हो सके। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त ने कहा कि जीवन यात्रा में चिंतन का ठहराव जरूरी है। दैनिक जीवन की व्यस्तता में मनुष्य को कम से कम पांच से 10 मिनट यह चिंतन अवश्य करना चाहिए कि हम स्व उन्नति के लिए क्या कर रहे हैं।यही चिंतन व्यक्ति को संसार के अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ बनाता है। परमात्मा की कृपा से ही मनुष्य को सत्संग का अवसर मिलता है और सत्संग से ही मानव का विवेक जागृत होता है। सेवा केंद्र प्रभारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके करुणा दीदी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनपद में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र 30 वर्षों से जनमानस की नि:शुल्क सेवा कर रहा है। अब तक कुल 12 सेवा केंद्र एवं 50 से अधिक गीता पाठशालाएं तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर खोले जा चुके हैं। 30 से अधिक ब्रह्मा कुमारीज बहनें अपनी सेवाएं दे रही हैं। बीके पम्मी, धर्मवीर, हिमांशु, मुन्नालाल झा, दीनदयाल, माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट जिला अध्यक्ष मुन्नालाल शाक्य, बीके किरण दीदी, बीके ऊषा दीदी, बीके अरुणा दीदी मौजूद थे।

# बिसौली में बाईपास मार्ग की माँग हुई तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** तहसील बिसौली, जिला बदायूँ स्थित मुख्य मार्ग ﾍ-43 जो मुरादाबाद से फर्रुखाबाद को जोड़ता है, इन दिनों अत्यधिक ट्रैफिक और लगातार जाम की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। यह मार्गदशाहबाद-रामपुर-कछला और आंवला-बरेली जैसे अन्य प्रमुख मार्गों से जुड़ा हुआ है, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही दिनभर बनी रहती है। नगर की आबादी में तेजी से हो रही वृद्धि और बढ़ते वाहनों की संख्या ने स्थानीय जनजीवन को काफी प्रभावित किया



है। स्कूल-कॉलेज की छुट्टी के समय और अस्पतालों के आस-पास स्थिति अत्यंत भयावह हो जाती है। व्यापारी, आमजन और मरीज सभी इस जाम की समस्या से त्रस्त हैं। इन गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक आशुतोष मौर्य उर्फ राजू भैया ने इस मुद्दे को प्राथमिकता पर लिया है। विधायक आशुतोष मौर्य स्वयं लगातार शासन और संबंधित विभागों के संपर्क में हैं।

उन्होंने नगरवासियों की समस्याओं को गंभीरता से संज्ञान में लिया और बिसौली बाईपास मार्ग के निर्माण हेतु ठोस प्रस्ताव तैयार करवाकर शासन को भेजने की तैयारी में है।विधायक श्री मौर्य जी का कहना है कि बिसौली नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए बाईपास मार्ग अति आवश्यक है। यह न केवल जाम की समस्या को दूर करेगा बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी बेहतर बनाएगा। हम इसके लिए हर स्तर पर प्रयासरत हैं और संकल्पबद्ध है और शीघ्र ही जनता को इसका लाभ मिलेगा। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने विधायक जी की इस पहल का स्वागत किया है और आशा जताई है कि उनके प्रयास जल्द ही रंग लाएँगे। बाईपास मार्ग बिसौली के लिए एक बड़ी सौगात बन सकता है जो भविष्य में कस्बे के सुनियोजित विकास की नींव रखेगा।

# अकबराबाद चौराहे पर डग्गामार वाहनों की वजह से दिन रात बनी रहती है जाम की स्थिति

ऑटो चालकों द्वारा राजमार्ग के दोनों ओर अबैध तरीके से ऑटो स्टैंड बना लेने के कारण कई घंटे लगा रहता है जाम

**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**

**सहसवान।** अकबराबाद डग्गामार वाहन एवं राजमार्ग के दोनों ओर ठेले खोमचे खड़े होने के कारण कई घंटे जाम में फंसे रहते हैं, लोग आपको बता दें अकबराबाद चौराहा राजमार्ग के दोनों ओर डग्गामार वाहन एवं ठेले खोमचे वाले अपने-अपने ठेला खड़ा करके जाम लगा देते हैं ।जिसके चलते वाहनों की लंबी-लंबी कतर लग जाती है, जिसके चलते वहां से गुजरने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि इस चौराहे पर होमगार्डों की ड्यूटी तैनात रहती है। उसके बावजूद भी राजमार्ग पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है ।डग्गामार वाहन एवं राजमार्ग के दोनों ओर ठेले खोमचे वालों पर कोई कार्रवाई न होने के चलते इन लोगों के हौसले हमेशा बुलंद बने रहते हैं, और यह लोग जाम लगाए रखते हैं।

# किसानों के खेत पर पहुँची कृषि वैज्ञानिकों की टीम, समस्याओं का किया मौके पर ही समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में 29 मई 2025 से आरम्भ होकर 12 जून 2025 के मध्य विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रमों में सोमवार को जनपद के विकास खण्ड-दातागंज के 9 ग्रामों कुनिया रायपुर, रयपुरा, धनीपटटी, सैजनी, किशनी मेहरा, काजी खेड़ा, नगरिया खनू, केशोपुर कलां एवं शाहजहाँपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जिसमें कृषि विभाग के कर्मचारी कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक तथा आई०वी०आर०आई० बरेली से आये वैज्ञानिकों द्वारा सरकार की मंशा अनुरूप किसान के द्वार पहुँचकर कृषकों की खेती सम्बन्धी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कृषकों की जिज्ञासाओं का समाधान तथा कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, गन्ना आदि विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में कृषकों को अवगत कराया गया। विकास खण्ड दातागंज के गाम किसनी मेहरा एवं शहजहाँपुर में प्रदेश सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी डॉ० राजेश कुमार संयुक्त कृषि निदेशक बरेली मण्डल बरेली द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक पंकज कुमार मेघवाल, टंकित कुमार उपस्थित थे आई०वी०आर०आई के वैज्ञानिक रंजित सिंह, वीर सिंह उपस्थित थे। मनोज कुमार उप कृषि निदेशक, दुर्गेश कुमार जिला कृषि अधिकारी द्वारा भी कार्यक्रम में सहभागिता की गई। राजेश कुमार द्वारा विभाग में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। मनोज कुमार द्वारा प्राकृतिक खेती हेतु बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, दसपर्णी अर्क के विषय में विस्तार से अवगत कराया जिला कृषि अधिकारी द्वारा नैनो यूरिया तथा नैनो डी०ए०पी०, फार्मर रजिस्ट्री आदि के विषय में विस्तार जानकारी प्रदान की। अंत में उप कृषि निदेशक द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे गाम प्रधान, समस्त कृषकों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम की सफलता हेतु कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के कार्मिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम उपरान्त संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा ग्राम शाहजहाँपुर विकास खण्ड दातागंज में कृषक बाबूराम पुत्र अभिलाख के खेत में जायद सीजन में वोई गयी मक्का फसल की मढ़ाई के कार्य का टीम सहित अवलोकन किया जिसमें कृषक द्वारा 2.5 बीघा खेत में वोई गयी मक्का फसल में अनुमानित उत्पादन 15 कु० तक बताया गया, जिसकी संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा प्रंशसा की गई ।

## मेंथा फैक्ट्री में लापता हुए कर्मचारी मुनेंद्र यादव का शव खोजने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना व मंडल उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित मुनेंद्र यादव का शव बरामद करने के लिए चार सूत्रीय सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा शव बरामद के लिए तेरह दिन बाद भी प्रशासन मिल प्रबंधन के साथ मिलकर शव को खोजने में नाकाम रहा । उन्होंने कहा इस फैक्ट्री को गांव के पास किस तरह लगाया गया दुर्घटना बड़ी हो सकती थी गांव में फैक्ट्री नहीं बनानी चाहिए जो गैरकानूनी है। जिसकी वजह से कुड़ा नरसिंहपुर का पीने का पानी दूषित हो गया है इसको लेकर भी आंदोलन कर चुके हैं उन्होंने प्रशासन से कहा है शीघ्र शव को खोज कर परिवार जनों को सौंपे मृतक के परिवार जनों को मुआवजा दिलवाया जाए।

उन्होंने कहा सोमवार को मुख्यमंत्री के लिए ज्ञापन सौंपा गया है 4 जून को आपातकालीन बैठक बुलाई गई है 4 जून के बाद आंदोलन की घोषणा होगी। इस अवसर पर भीमसेन राजपूत, शिशुपाल सिंह, अशोक सिंह यादव, राम लखन यादव एडवोकेट, भूरे मौर्य, पप्पू कुशवाह, काफी संख्या स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## अंबेडकर जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल कुमार ने डीएम से मिलकर दिया महिला केयर टेकर मानदेय के संबंध में प्रार्थना पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला के ग्राम पंचायतों में पिछले समय से बने सरकारी साम. ुदायिक शौचालय पर तैनात केयर टेकर सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत महिलाओं का आज तक समय पर मानदेय नही मिल पाया हैं। जबकि कुछ कर्मी महिलाओं का मानदेय तो 10 माह से 25 माह रूका हुआ हैं। उक्त केयर टेकर महिलाओं केवल उक्त कार्य को ही करती हैं। जबकि परिवार को पालने के लिये उक्त महिलाओं को मानदेय की सक्त आवयकता हैं जबकि उक्त महिलायें अपने मानदेय सम्बन्धित कार्य को ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान के पास जाती हैं। तो उन लोंगो द्वारा बोल दिया जाता हैं। कि अगले माह का कहकर टाल दिया जाता हैं। जबकि समूह की महिलाओं को भी हम अपनी समस्या बताती हैं तो समूह की महिलायें भी साथ जाने को तैयार नही होती हैं। ऐसे में मानदेय दिलाने के नाम पर केयर टेकर महिलाओं से रूपयें की माँग की जाती हैं। हम महिला कार्मियों का लगातार शोषण भी हो रहा हैं। और समय पर मानदेय व मेनटीनेनस भी



नही मिल पाता हैं हम परेशान महिलायें ब्लॉक स्तर से तहसील स्तर तक अपना पक्ष रख चुकी हैं लेकिन कोई सुनने को तैयार नही हैं। और ग्राम प्रधान व सचिव व समूह महिलाओं द्वारा हम महिलाओं केयर टेकर को शिकायत करने के नाम पर कार्य से हटाने की धमकी दी जाती हैं। अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा इन महिला केयर टेकरों की सुनवाई क्यों नहीं हो रही है जबकि ये महिला केयर टेकर काफी गंदगी का काम करती हैं जिसे इन्हें बीमारी लगने का भी खघ्तरा हो सकता है मगर इन पीड़ितों की कोई सुनवाई नहीं कर रहा है इन केयर टेकर महिलाओं को समय से मानदेय भी नहीं मिल पा रहा है और अभी तक कोई मेंटीनेंस भी नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण यह अपने बच्चों की परवरिश करने में असमर्थ हैं और अपने बच्चों की अच्छी पढ़ाई लिखाई नहीं करवा पा रही है इसलिए मैं सरकार से मैं कहना चाहूंगा महिला केयर टेकर का मानदेय पर्सनल खाते होना चाहिए जिससे बो शोषण मुक्त हो सके क्योंकि इन केयर टेकर महिलाओं से ब्लॉक व बैंकों व समूह की महिलाएँ भी रुपये की माँग करती है कुछ केयर टेकर महिलाओं ने बताया ये महिला चार, पांच महीने से समूह के खाते में मानदेय आया है मगर निकलवाने के नाम पर रुपय की माँग कर रही हैं ये केयर टेकर महिला बहुत परेशान है सरकार इनकी मदद करे पार्टी से जिला सचिव सुनील कुमार , ब्लॉक उपाध्यक्ष धर्मवीर, गंगा साहा , अलकर सागर, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अन्तर्गत प्रशिक्षण व टूलकिट वितरण हेतु आवेदन आमंत्रित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत जनपद बदायूँ में देडवार लक्ष्य बढई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, सुनार, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची एवं धोबी अदि ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि आवे. दक 15 जून 2025 तक वेबसाइट https: ŁŁdiupmsme. upsdc.gov.in पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने योजना की पात्रता की शर्तों के बारे में बताया कि आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (एस०सी०, ओ०बी०सी० वर्ग के लिये), आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पढे लिखे होने पर शौक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, तकनीकी जानकारी रखने पर तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए, आवेदन कर्ता जनपद का स्थाई निवासी होना चाहिए, आवेदकों को परम्परागत कारीगरी से जुडे होने के प्रमाण के रूप में गाम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका/नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, परिवार का केवल एक सदस्य ही योजनान्तर्गत आवेदन हेतु पात्र होगा। परिवार का आशय पति अथवा पत्नी से है, आवेदन कर्ता को इस आशय से कि उसने एवं उसके परिवार के किसी सदस्य ने पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना में टूलकिट/मानदेय का लाभ नही लिया हो नोटरी शपथ पत्र 10 रुपए के स्टाम्प पर देना होगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बदायूँ से सम्पर्क कर सकते है।

## कई महीनों से खराब पड़ा सरकारी हैंड पंप भीषण गर्मी के चलते बूंद - बूंद को तरस रहे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार भले ही स्वच्छ जल जीवन मिशन के तहत आम जनता को पीने के पानी की सुख सुविधा देने का दावा कर रही है ।

पर जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले की तहसील बिसौली क्षेत्र के विकास खंड आसफपुर में स्थानीय सरकारी हैंड पंपों की दशा दयनीय है जहां विकास खंड परिसर से लेकर लगभग पांच सौ मीटर की परिधि के अंतर्गत आम आदमी को पीने के लिए स्वच्छ जल नसीब



नहीं हो पा रहा है । ऐसा ही मामला विकास खंड आसफपुर का प्रकाश में आया है जहां विकास खंड कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने सरकारी हैंड पम्प पिछले काफी दिनों से खराब पड़ा है जिसके चलते ग्रामीण व राहगीरों को पीने के पानी नसीब नहीं हो रहा है । प्राप्त जानकारी के मुताबिक विकास खंड कार्यालय के इर्द गिर्द लगभग पांच सौ मीटर की परिधि में किसी भी सरकारी हैंड पम्प का पानी पीने योग्य नहीं है , सरकारी हैंड पंपों का पानी दूषित होने के कारण तरह तरह की बीमारियां पनपने की आशंका बनी हुई है । इस जनहित से संबंधित जानकारी जिम्मेदारों से ली गई तो काफी हीलाहवाली के बाद कई दिनों से खराब पड़ा सरकारी हैंड पंप ठीक करवाने की हामी भर ली है । यह जानकारी गांव के ही एक वरिष्ठ नागरिक बाबूराम मौर्य ने दी है ।

# बकरीद पर खुले में न करें कुर्बानी:एसएचओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ईद-उल-अजहा त्योहार के लिए जरीफनगर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक ने धर्मगुरुओं और संभ्रांत व्यक्तियों को कुर्बानी के लिए सरकारी दिशा-निर्देश गए,ईद-उल-अजहा त्योहार को लेकर जरीफनगर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने धर्मगुरुओ के साथ क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों को शासनादेश की जानकारी देते हुए प्रतिबंधित पशु के अलावा अन्य पशुओं की खुले में कुर्बानी न देने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कुर्बानी खुले में न करें और अवशेष गड्ढों में दफन करें। कोई भी व्यक्ति प्रतिबंध पशुओं की कुर्बानी न करें और कुर्बानी करते समय रील न बनाएं, न ही सोशल मीडिया पर वायरल करें, यह अपराध है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर राजीव कुमार, मौलाना सगीर अहमद कादरी, सभासद ऐके कुरैशी, हाफिज इमरान रजा बरकाती, सभासद जसवीर राणा आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎0581-2562222 (बरेली)

**मुख्यालयः**

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No UPHIN/2003/11165

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## डेढ़ माह के बेटे के साथ ट्रेन के आगे कूदी, मौत






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** गृह क्लेश के चलते पति-पत्नी के झगड़े ने इतना वीभत्स रूप लिया कि पत्नी अपनी डेढ़ वर्ष की बेटे को साथ लेकर ट्रेन के आगे कूद गई। जिससे महिला और उसके मासूम बेटे की दर्दनाक मौत हो गई।

मृतक महिला की बहन ने उसके पति पर धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाया है, लेकिन अभी तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है।

फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव तरा खास निवासी भूपेंद्र की शादी फरीदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर कला के ओमप्रकाश की बेटी अंगूरी (21) से जून 2022 में हुई थी। भूपेंद्र अपनी पत्नी अंगूरी व डेढ़ बर्ष के बेटे अजय के साथ घर में रहते थे। ओमप्रकाश फैक्ट्री में मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है।

सोमवार की सुबह पति-पत्नी में झगड़े के बाद पति से नाराज अंगूरी डेढ़ माह की बेटी को गोद में लेकर घर से चली गई। इस दौरान अंगूरी के पति ओमप्रकाश ने तलाशने की को. शिश की, लेकिन अंगूरी से उसका संपर्क नहीं हो पाया।

अंगूरी सुबह करीब साढ़े सात बजे द्वारिकेश शुगर मिल के पास रेलवे फाटक पर पहुंची। शाहजहांपुर की तरफ से आ रही ट्रेन के आगे रोती बिलखती अंगूरी अपने बच्चे को गोद में लेकर कूद गई। मौके पर ही दोनों मां बेटे की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची फरीदपुर पुलिस की महिला उप निरीक्षक शालू पवार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

वहीं मृतक महिला की बहन रेखा ने उसके पति ओमप्रकाश पर ट्रेन के आगे धक्का देकर पत्नी अंगूरी की हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के परिजनों की तरफ से अभी तक पुलिस को किसी प्रकार की तहरीर नहीं दी गई है। इंस्पेक्टर राधे श्याम ने बताया कि घटना से संबंधित अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## खुले में और प्रतिबंधित पशुओं की नहीं होगी कुर्बानी: डीएम

**डीएम की अध्यक्षता व एसएसपी की उपस्थिति में ईद-उल-जुहा के पर्व पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के सम्बंध में पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को ईद-उल-जुहा (बकरीद) के पर्व पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के सम्बंध में पीस कमेटी की बैठक पुलिस लाइन स्थित रविन्द्रालय सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि ईद-उल-जुहा को आमतौर पर तीन दिन कुर्बानी होती है, अत: तीनों दिन साफ-सफाई, पानी, बिजली आदि की व्यवस्था तीन दिन रहे।

बैठक में निर्देश दिए कि कुर्बानी खुले में न दी जाए, और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न दी जाए, तथा बच्चों को समझाएं कि कुर्बानी की वीडियो न बनाएं और न वायरल करें। बैठक में निर्देश दिए कि कुर्बानी अवशेष को एकत्र करने हेतु नगर निगम की ट्रॉली एक बार क्षेत्र में जाने के बाद दोबारा भी जाए।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि चिन्हित स्थानों पर ही कुर्बानी हो, प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न हो, कुर्बानी की फोटो वीडियो न बनायी जाए, और न ही वायरल की जाए। बैठक में निर्देश दिए कि पशुओं के अवशेषों को खुले में न फेंके, जमीन में दफन करें, कुर्बानी का एक हिस्सा गरीबो में तकसीम करें, ट्रॉलियों में नीचे की तरफ और ऊपर दोनों ओर त्रिपाल लगाया जाए, जिससे रक्त आदि मार्ग में न फैले। बिजली और पानी की आपूर्ति सुचारु रुप से बनी रहे। डीएम ने पीस कमेटी के सभी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी सद्भभावना के सिपाही हैं, यह हमारी और आपकी जिम्मेदारी है कि सभी त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो। उन्होंने कहा कि गंगा-जमुनी की तहजीब को बनाकर रखें, सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है, अराजक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।

डीएम ने कन्ट्रोल रुम को सक्रिय किये जाने के निर्देश दिए, जिससे किसी की कोई समस्या हो तो लोग परेशानी स्थिति में फोन कर जानकारी दे सकें। बैठक में एसएसपी अनुराग आर्य ने निर्देश दिए कि ईद-उल-जुहा के पर्व पर जिन स्थानों पर परम्परागत रुप से जहां नमाज पढ़ते आये हैं, वहीं नमाज अदा करें, तथा सामूहिक कुर्बानी स्थल जो पहले से चिन्हित हैं, उन्हीं स्थानों पर कुर्बानी हो और पर्दा आदि लगा कर करें। बैठक में निर्देश दिए कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न हो, और कुर्बानी के अवशेषों को ढक कर ले जाएं, यदि कोई व्यक्ति सूचना देता है और चाहता है कि सूचना देने पर उसका नाम उजागर न हो तो हेल्पलाइन पर सम्पर्क करें, आपका नाम नहीं आएगा। उन्होंने कहा की ऐसा सौहार्द बनायें कि झगड़े की मठिया का नाम अब सद्भावना की मठिया हो जाए।

बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि ईद-उल-जुहा के पर्व पर साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहेगी, और पानी की आपूर्ति पूरे दिन रखी जाएगी। आप सभी का सहयोग भी बना रहे कि कूड़े या अवशेष को खुले व नाली में न फेकें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक देहात, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, पीस कमेटी के सदस्य सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### एक नजर

## पुलिस ने चोरी की बाइक सहित एक को पकड़ा, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक मोटरसाईकिल बरामद की।



मिली जानकारी के अनुसार शामीन शाह पुत्र अमीन शाह निवासी सराय वार्ड 12 कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। इस प्रकरण में पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत किया था। इस प्रकरण में पुलिस ने आसिफ पुत्र नायाब हुसैन निवासी मोहल्ला अन्सारी कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी को वाईपास रामपुर रोड पर यात्री शेड के पास से चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी अनूप सिंह, हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह, कांस्टेबल हेमन्त सिंह अत्री शामिल रहे। चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि कस्बा निवासी शामीन शाह ने पुलिस को तहरीर दी। इन्होंने बताया कि उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। पुलिस ने घटना स्थल की जांच पड़ताल व आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक कर चोरी की बाइक बरामद कर आरोपी को भेजा जेल।

## आज होगा शाहजी मियां के तीन रोजा सालाना उर्स का कुल शरीफ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शहर पीलीभीत स्थित हाजी मोहम्मद शेर मियां के 122 वें तीन रोजा सालाना उर्स शरीफ का कुल शरीफ आज मंगलवार को मनाया जाएगा। कुल शरीफ में शामिल होने के लिए क्षेत्र से बड़ी तादाद में अकीदतमंद पीलीभीत दरगाह पहुंचेंगे।

शाहजी मियां के मुरीद मोहम्मद फईम मियां कदीरी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक हाजी हजरत मोहम्मद शेर मियां के 122 वें तीन रोजा सालाना उर्स का एक जून को आगाज हो गया, जिसमें दूर दराज से बड़ी तादाद में लोग दरगाह पर हाजिरी देने पहुंच रहे हैं। आज मंगलवार को उर्स का कुल शरीफ होगा, कुल शरीफ में शामिल होने के लिए जनपद पीलीभीत के साथ ही क्षेत्र से बड़ी तादाद में अकीदतमन्द दरगाह पहुंचेंगे। फईम मियां कदीरी ने अकीदतमंदों से कुल शरीफ में शामिल होने की अपील की है। दूसरी ओर सोमवार को क्षेत्र से कई अकीदतमन्द पैदल चादर लेकर दरगाह पहुंचे, और उन्हें खिराजे अकीदत पेश की।

## अकेले रात में मेरे पास आकर मुझे खुश करो फिर कराऊंगा बैनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के एक प्रापर्टी डीलर ने प्लॉट के नाम पर सारा रुपया महिला से ले लिया, जब प्लॉट का बैनामा कराने को कहा तो वह महिला से अश्लील बातें करने लगा, कहने लगा कि पहले अकेले रात में मेरे पास आओ और मुझे खुश करो, तब अगले दिन तुम्हारा बैनामा कराऊंगा। सारे दिन तहसील आकर बैठी रही महिला ने इस मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

नगर की बालाजीपुरम कालौनी की रहने वाली एक महिला ने कस्बे की प्रेमनगर बस्ती के रहने वाले एक प्रापर्टी डीलर से 75 वर्ग गज का प्लॉट ग्राम याकूबपुर में खरीदा था, बताया जाता है कि महिला और उसके रिश्तेदार ने सारा पैसा 2 लाख 90 हजार रुपए प्रापर्टी डीलर को अदा कर दिया, लेकिन वह बैनामा कराने के लिए पिछले कई दिनों से उसे टरका रहा है। महिला का आरोप है कि प्रापर्टी डीलर की नियत में खोट आ गई है, और वह उसपर गन्दी नजर रखता है। महिला का आरोप है कि प्रापर्टी डीलर उससे कहता है कि रात में आकर मुझसे अकेले में मिलो, मुझे खुश करो, अगले दिन तुम्हारा बैनामा करा दूंगा। महिला ने सोमवार को पुलिस को प्रापर्टी डीलर के खिलाफ तहरीर देकर उसके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## मृतक सैनिक की पत्नी मांग रही इंसाफ मुख्यमंत्री जी... संपत्ति पर दिला दो कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** सैनिक पति की मौत के बाद से उसकी पत्नी इंसाफ के लिए दर दर भटक रही है। विरासत में मिली संपत्ति मकान और जमीन पर पति के परिवार वाले कब्जा जमाए बैठे हैं। महिला पुलिस से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के दरबार में अर्जी लगा चुकी है। लेकिन उसे कहीं से इंसाफ की लौ दिखाई नहीं दे रही है। आरोप है कि सत्ता पक्ष के एक नेता की वजह से पुलिस प्रशासन निष्पक्ष जांच और कार्रवाई करने से कतरा रहा है। महिला ने अपनी दर्द भरी दास्तां वीडियो के माध्यम से सोशल मीडिया पर वायरल की है। महिला ने बगैर नाम लिए मंत्री से संपत्ति पर कब्जा दिलाये जाने की मांग की है।

देवरनियां कोतवाली के गौंटिया रामनगर निवासी महिला सर्वेश देवी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजा है। महिला का कहना है कि उसके पति देवेन्द्र कुमार सेना में थे, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। आरोप है कि पति की मौत के बाद से पति के परिवार वालों ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया है। महिला और उसके दो बच्चों को आरोपी न घर में घुसने दे रहे हैं, और न ही जमीन पर काबिज होने दे रहे हैं। महिला के नाम जमीन विरासत दर्ज हो चुकी है। महिला ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि पति के हिस्से की जमीन महिला सर्वेश देवी व दोनों बच्चों के नाम विरासत दर्ज हो चुकी है। लेकिन इसके बाद भी ससुराल वाले उसे जमीन पर काबिज नहीं होने दे रहे हैं। जिसके चलते महिला को अपने बच्चों के साथ इधर उधर भटकना पड़ रहा है।

मृतक सैनिक की पत्नी ने पति के भाई भानु प्रताप, सुरेश गोपाल, जय प्रकाश, रोहित कुमार, मोहित कुमार, भतीजा विपिन कुमार निवासी अमृता आदि पर आरोप लगाया है कि 8 मई को वह अपने बच्चों के साथ घर गई। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें घर में नहीं घुसने दिया, और मारपीट कर भगा दिया। महिला को जब कहीं से इंसाफ की उम्मीद नहीं मिली तो उसने पहले कोतवाली पुलिस और फिर वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर पति की संपति पर कब्जा दिलाये जाने की मांग की।

## अहिल्याबाई होलकर जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर भाजपा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जन्मोत्सव पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसको लेकर पाल समाज ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली। रामलीला मैदान से शोभायात्रा का शुभारंभ बरेली के भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने झंडी दिखाकर किया।

शोभा यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। शौभा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग, ट्रक यूनियन रोड, लोधीपुर चौराहा, बाईपास मार्ग, महादेव पुरम होती हुई वापस रामल. ीला मैदान पर पहुंचकर समाप्त हुई। क्षेत्र भर से पाल समाज और धनगर समाज के लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान सांसद छत्रपाल सिंह ने महारानी होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने भारतीय संस्कृति में महिलाओं की महत्ता को रेखांकित किया। इस अवसर पर सूर्य प्रकाश पाल, हरीश चंद्र पाल, हरबंस सिंह पाल, लक्की पाल, राजेंद्र पाल, डॉ० हरेंद्र पाल, शैलेन्द्र विक्रम, राकेश कुमार पाल, करन पाल, मोहित पाल, मनजीत बघेल, राजपाल, उमेश पाल, महेंद्र,पाल, विजय पाल, मुकेश पाल, सत्यपाल, इंद्रपाल, ललित पाल सहित तमाम समाजसेवी मौजूद रहे।

## स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्ष लगाना बेहद जरूरी: राहुल द्विवेदी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर पहुंचे चेयरमैन पर्यावरण एवं वन जलवायु (दर्जा राज्यमंत्री) राहुल द्विवेदी ने कस्बे के एसएसटी इण्टर कॉलेज में पौधा रोपड़ करते हुए आयोजित बैठक में लोगों से कहा कि पर्यावरण मानव जीवन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है, यह हमें भोजन, पानी, हवा और आश्रय प्रदान करता है, जो हमें जीवित रहने के लिए आवश्यक है। पर्यावरण के बिना जीवन संभव नहीं है। दर्जा राज्यमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पेड़ लगाए जाने का आवाहन किया।

केंद्रीय निदेशक प्लांटेशन रवि कुमार (रुद्र) के साथ नगर पहुंचे दर्जा राज्यमंत्री श्री द्विवेदी का बाईपास पर कपड़ा विक्रेता मनोज गंगवार ने अपने साथियों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, भाजपा के नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता, सभासदों सोनू राठौर, राम प्रकाश गंगवार, अजय गंगवार, आशीष गुप्ता, मनोज दिवाकर, विद्यालय के प्रबंधक टी आर गंगवार आदि ने उनका स्वागत किया।

पर्यावरण एवं वन जलवायु के चेयरमैन दर्जा राज्यमंत्री राहुल द्विवेदी और केन्द्रीय निदेशक प्लांटेशन रवि भारद्वाज के साथ तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

## तीन दिन से लापता बालक का नाले में मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** तीन दिन से लापता बारादरी थाना क्षेत्र के रहने वाले आठ वर्षीय बालक का शव नाले से बरामद होने के बाद हड़कंप मच गया। परि. जनों को बच्चे का शव मिलने की सूचना मिली तो परिवार वाले भी रोते बिलखते पहुंचे।

बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर निवासी हरिमोहन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका आठ वर्षीय बेटा विराट यादव बीती 30 मई को शाम पांच बजे से घर से लापता हो गया था। काफी तलाश करने के बाद उसका कोई सुराग नहीं लगा। अब सोमवार सुबह स्टेडियम रोड स्थित रेजिडेंसी गार्डन के पास मौजूद नाले से बालक का शव लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस और बच्चे के परिजन भी पहुंचे। शिनाख्त लापता विराट के रूप में हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है।



## कोविड-19 की लहर को लेकर डीएम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कोविड-19 की आगामी सम्भावित लहर पर प्रभावी नियंत्रण के सम्बंध में संवेदीकरण की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि देश के कुछ भागों में कोविड-19 रोगियों की संख्या में मामूली वृद्धि परिलक्षित हुई है। इसके दृष्टिगत उचित होगा कि प्रदेश में कोविड-19 के प्रसार पर नियंत्रण किए जाने हेतु सर्विलांस गतिविधियों को सुदृढ़ीकृत किए जाने हेतु महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के निर्देशों के क्रम में बैठक बुलायी गयी है।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एंटीजन किट आ गयी है, शीघ्र ही सरकारी चिकित्सालयों में कोविड की जांच आरम्भ कर दी जाएगी। ऐसे कोविड-19 धनात्मक रोगी जिनका आरटीपीसीआर जांच में सीटी वैल्यू 25 से कम हो, के नमूने (डब्लूजीएस) हेतु डिपाट्मेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ प्रेषित किए जाएंगे, ताकि कोविड-19 वायरस के प्रदेश में संचरित स्ट्रेन की जानकारी उपलब्ध हो सके।उन्होंने बताया कि जनपद बरेली में अभी तक कोविड-19 को कोई भी केस नहीं पाया गया है। 19 मई 2023 को जनपद में अंतिम केस मिला था। यदि जनपद में कोविड-19 रोगियों की संख्या में असामान्य वृद्धि परिलक्षित होती है तो चिकित्सालय में कोविड-19 से बचाव हेतु आवश्यक उपायों यथा मास्क का प्रयोग एवं हैंड हाइजीन तथा कप एटिकेट्स का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इम्यूनोकॉम्प्रोमाइज्ड रोगियों यथा कैंसर का उपचार करा रहे अथवा ऑर्गन ट्रांसप्लांट वाले रोगी तथा गंभीर सहरुगणताओं वाले रोगियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। कोविड-19 की जांच रिपोर्ट हेत यूडीएसपी पोर्टल पर अपलोड किए जाने का प्राविधान का प्रयोग करते हुए प्रयोगशालाओं द्वारा दैनिक स्तर पर रिपोर्ट अपलोड की जाए।

जनपद बरेली में पांच राजकीय कोविड चिकित्सालयों में 460 बेड व 19 प्राइवेट चिकित्सालयों में 2531 बेड कोविड पेशेंट हेतु आरक्षित हैं।

## रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की तलाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिले में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को लेकर चलाए जा रहे अभियान में रविवार को भी और 22 संदिग्ध मिले हैं। वह रोहिंग्या या बांग्लादेशी नहीं हैं। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर उसका सत्यापन करा रही है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से निवास कर रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों समेत संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कराने और उनका सत्यापन के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अस्थायी रूप से डेरा, टेंट, झुग्गी-झोपड़ियों में निवास कर रहे लोगों की गहनता से जांच की जा रही है।

इसी क्रम में जिले भर की पुलिस ने 91 स्थानों पर चेकिंग करके 510 लोगों से पूछताछ की गई। इस दौरान 22 संदिग्ध व्यक्ति पाए गए। इनमें सबसे ज्यादा भमोरा के गांव सरदार नगर बल्लिया में सात और नवाबग. ंज थाना क्षेत्र के गांव ईध जागीर में छह संदिग्ध मिले हैं। सभी का सत्यापन किया जा रहा है।

## खुले में न करें जानवरों की कुर्बानी: अहसन मियां

**ईद-ए-कुरबॉ: शोहरत हासिल करना नहीं बल्कि अल्लाह को राजी करना हो मकसद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने कहा कि ईद-ए-कुरबॉ हजरत इब्राहीम अलैहअस्सलाम की सुन्नत है। मुसलमान इस सुन्नत को बिना किसी को तकलीफ पहुंचाए खुश दिली के साथ अदा करे। कुर्बानी का मकसद शोहरत हासिल करना या दिखावा हरगिज नहीं होना चाहिए। बल्कि इसका मकसद परहेजगारी और नेकोकारी का जज्बा अपने दिल में पैदा कर नियत सिर्फ अपने अल्लाह को राजी करना हो। रियाकारी (दिखावा) अल्लाह को पसंद नहीं।

दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि आज दरगाह कार्यालय पर सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने मुल्क भर के मुसलमानों को एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि मुल्क भर में ये त्यौहार 07 जून से 09 जून तक मनाया जायेगा। इन तीनों दिन (07 जून सूर्यदय से 09 जून सूर्यस्त से पहले तक) मुसलमान जानव. रों की कुर्बानी देगें। शरई मालदार मर्द औरत मुसलमान पर कुर्बानी वाजिब है। कुर्बानी करते समय अपने हम वतन भाईयों का ख्याल रखें। जानवरों की तस्वीर व वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर न करें। वही जानवरों की कुर्बानी खुली जगह में न करें। कहीं बंद जगह में इसका इंतजाम किया जाए। मजहब-ए-इस्लाम में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। जानवरों का खून नालियों में न बहाएं व कुर्बानी के बाद उसके अपशिष्ट पदार्थ किसी गड्ढे में दफन कर दें। कोई ऐसा कार्य नहीं करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। सभी त्यौहार आपसी इत्तेहाद और भाईचारे का पैगाम देते हैं। कुर्बानी के हिस्से में गरीबों का खास ख्याल रखें।



## पत्नी ने किया भांजी के साथ मिलकर चाकू से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला चक महमूद निवासी वारिश ने बताया कि पत्नी निशी से शनिवार रात 11 बजे विवाद हो गया था। इससे नाराज पत्नी ने अपनी भांजी सबा के साथ मिलकर उन पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बचाव करने पर उनके हाथ और सीने पर चाकू से कई जख्म हो गए हैं। किसी तरह वारिश ने अपने को बचाया और पुलिस से शिकायत की।

शिकायत पर बारादरी पुलिस ने निशी और सबा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हे।

**NOTICE**

My deed was registered on plot number 477, book number 1, Section 1674, Page 325-344, serial number 3007, Dated 25.05.2007. The original page of the map of my said deed, On which the seal of the registry officer, Section 60, is recorded, Has actually been lost somewhere.

**Wilkis Begum, wife of Haji Abdul Sattar Resident of Mohalla Shekhupur, Baheri (Bareilly)**

## तलाक न देने पर रास्ते में पत्नी ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** अजय कुमार ने इज्जतनगर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह इज्जतनगर रोड नंबर 5 पर रहते हैं। उनका विवाह 2020 में आरती से हुआ था। वह रेलवे में कर्मचारी हैं। शादी के बाद से ही आरती विवाद करती रहती है। वह शनिवार की सुबह 9 बजे दूध लेने जा रहे थे। साथ में बेटी अमायरा भी थी। इसी दौरान पत्नी आ गई और बच्ची को छीन लिया। जब वह बच्ची को दोबारा गोद में उठाने लगे तो पत्नी ने उनके गले में पड़ी सोने की चेन छीन ली और मारपीट करने लगी। हाथ में दांतों से काट लिया, जिससे वह घायल हो गए। उन्होंने यूपी 112 पर कॉल की। आरोप है कि आरती उनसे अक्सर तलाक के दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने को कहती है। धमकी दी है कि जब तक तलाक नहीं देगा तब तक इसी तरह मारपीट करती रहेगी। शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी पत्नी आरती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## हाईकोर्ट ने पूर्व चेयरमैन शहला ताहिर की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** लखनऊ सेक्टर के ईओडब्लू थाने में नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन शहला ताहिर व नगर पालिका परिषद में कार्यरत रहे पांच अधिशासी अधिकारियों समेत 16 लोगों पर दर्ज हुए दस करोड़ 41 लाख के घोटाले के मुकदमे में हाईकोर्ट ने पूर्व चेयरमैन शहला ताहिर को बड़ी राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। गिरफ्तारी पर स्टे मिलने से शहला ताहिर के साथ ही उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।



20 मार्च 2024 को लखनऊ सेक्टर के ईओडब्लू में उप निरीक्षक सत्यपाल गौड ने नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरमैन शहला ताहिर, नगर पालिका परिषद में कार्यरत रहे ईओ हीरालाल प्रजापति, हरीलाल राम, नरेन्द्र कुमार जौहरी, राजेश कुमार सक्सेना, नगर पालिका कर्मी विजय कुमार, अमर सिंह, सुरेशपाल, कैलाश चन्द्र, रविन्द्र कुमार शुक्ला, शिव कुमार, ठेकेदार वकील खां, मोहम्मद अफजाल, सलीम हैदर के खिलाफ घोटाले का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि पूर्व चेयरमैन शहला ताहिर, नगर पालिका परिषद में तैनात रहे अधिशासी अधिकारियों ने शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों के विपरीत जाकर आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से एक राय होकर बिना टेंडर-कुटेशन के ही ठेकेदार-फर्म को कार्य आवंटित कर दिए गए, और शासकीय धन की वित्तीय अनियमित्ता करते हुए कार्य कराए जाने के नाम पर नगर पालिका कर्मियों और ठेकेदारों के खाते में 10 करोड़ 41 लाख 24 हजार 216 रुपए शासकीय धनराशि हस्तान्तरित किया है। रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद ही उनपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी।

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पूर्व चेयरमैन शहला ताहिर ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जिसपर हुई सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। बर्शते कि वे चल रही जांच में सहयोग करें। उनके अधिवक्ता राजीव गंगवार द्वारा इसकी जानकारी देते हुए बताया कि उच्च न्यायालय ने जांच में सहयोग करने की शर्त पर उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। गिरफ्तारी पर रोक लगाए जाने के बाद शहला ताहिर ने राहत की सांस ली है।

# गंगा पुल पर अनियंत्रित होकर रैलिंग तोड़ते हुए लटका ट्रक

## मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभालते हुए सुचारू कराया आवागमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गड्डों की मरम्मत के कार्य में पत्थर डालकर लौट रहा डंपर अनियंत्रित होकर रेलिंग को तोड़ता हुआ दोनों पुलों की साइड में अटक गया, जिससे एक बड़ी अनहोनी घटना बाल बाल टलने के साथ ही काफी देर तक वाहनों का आवागमन प्रभावित रहा।

अति व्यस्ततम दिल्ली लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृजघाट गंगा पुल में चल रहे पिचिंग कार्य में इस्तेमाल होने वाला पत्थर डालकर वापस आ रहा एक डंपर अनियंत्रित होकर सोमवार की दोपहर को पुल की रेलिंग को तोड़ता हुआ बीचों बीच फंस गया। उक्त डंपर दोनों पुलों के बीच में अटक कर झूले की तरह लटक गया। जिसके बाद पुल में जाम लगना प्रारंभ हो गया। तत्काल सूचना मिलते ही बृजघाट चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने कड़ी मशक्कत करते हुए वाहनों के आवागमन को सुचारू कराते हुए जाम को खुलवा दिया। इस हादसे के संबंध में बारीकी से जांच हड़ताल करते हुए आला अधिकारियों समेत एनएचएआई को भी अवगत करा दिया गया, क्योंकि कल से ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेला भी प्रारंभ होने है, जिसमें दस लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इसलिए बेहद



अल्प समय में क्षतिग्रस्त पुल के गड्डों की मरम्मत का कार्य पूरा करना होगा या मेला संपन्न होने तक मरम्मत कार्य को रोकना पड़ेगा। इसके अलावा टूटे हुए पुल पर आवागमन रोकने को भी बैरिकेड करनी पड़ेगी, ताकि अंधेरे के दौरान कोई वाहन या गंगा भक्त हादसे का शिकार न हो पाए। चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव का कहना है कि डंपर अनियंत्रित होने से साइड की रेलिंग टूट गई थी, जिसके कारण पुल से होकर आ जा रहे वाहनों का आवागमन प्रभावित होने से जाम जैसी स्थिति बन गई थी। आवागमन को पूरी तरह सुचारू कराते हुए इस संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को भी सूचित कर दिया गया है, ताकि ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार का जोखिम अथवा दिक्कत न उठानी पड़े।

# एचपीडीए की कार्रवाई पर मोनाड यूनिवर्सिटी में 1000 वर्ग गज सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के अनुपालन में दो जून को पिलखुवा विकास क्षेत्र के अन्तर्गत प्रवीण गुप्ता, प्रभारी सचिव, सक्षम अधिकारी, एचपीडीए के दिशा निर्देशन में मजिस्ट्रेट इला प्रकाश, उपजिला. धिकारी की उपस्थिति में क्षेत्राधिक. ारी अनीता चौहान, एवं थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक व पुलिस बल के सहयोग से ग्राम कस्तला कास्माबाद पिलखुवा में मोनाड यूनिवर्सिटी के परिसर में लगभग 1000 वर्ग गज में अनाधिकृत रूप से निर्माणाधीन चार मंजिला हास्टल भवन को सीलबन्द



कर दिया गया है।

इस अभियान में प्रभारी प्रवर्तन वीरेश कुमार राना, अवर अभियन्ता जितेन्द्रनाथ दुबे, अंगद सिंह एवं प्राधिकरण का सचल दस्ता सम्मिलित थे। सचिव, हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण विकासकर्ताओ को पुन: चेतावनी दी जाती है कि वह अवैध निर्माण विकास को तत्काल रोककर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर ही निर्माण विकास करें, अन्यथा प्राधिकरण द्वारा सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने के साथ-साथ ऐसे अवैध निर्माणकर्ताओ विकासकर्ताओ के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में पहुंचे कृषि मंत्री

## कृषि मंत्री सूर्य प्रताप ने किसानों से ऑर्गेनिक खेती करने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जनपद के गांव बनखण्डा में कृषि विभाग द्वारा आयोजित विक. सित कृषि संकल्प अभियान 2025 के कार्यक्रम में पहुंचकर हिस्सा लिया।

इस दौरान उन्होंने किसानों को संबोधित किया, साथ ही किसानों से ऑर्गेनिक खेती करने का आवाहन किया। इस दौरान कृषि मंत्री ने कृषि विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि आज कुल जनसंख्या का करीब 60% हिस्सा आज भी कृषि पर




निर्भर है। किसानों को फसल सही समय पर उगने व फसल को तकनीकी बनाने की जानकारी देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश में यह कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम बहुत ही माइक्रो लेवल पर चलाए जा रहे है, जो की 29 मई से 12 जून तक चलेगा उत्तर प्रदेश में यह अभियान करीब 1135 स्थान पर चलाया जाएगा। कृषि मंत्री ने इस दौरान किसानों से भी आवाहन किया कि यदि आपके जिले में भी कहीं आसपास इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, तो आप वहां जरूर जाएं क्योंकि इस कार्यक्रम का जो उद्देश्य है वह किसानों को नई वैरायटी की जानकारी, नई तकनीकी की जानकारी और किसानों के लिए भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने का मुख्य उद्देश्य है। क्योंकि जब किसानों को भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी नहीं होगी तो वह उसका लाभ कैसे उठ पाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को इस प्रकार के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि वह फसल उत्पादक के नई वैरायटी, नई तकनीकी और सभी योजनाओं की जानकारी उनको पूरी तरह मिल सके और वह सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ ले सके। इस कार्यक्रम में सदर विधायक विजयपाल आरती, गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र तेवतिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, जिलाध्यक्ष नरेश सिंह तोमर आदि लोग उपस्थित रहे।

### ट्रांसफार्मर से करंट उतरने से एक गोवंश की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर फगौता में सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर से करंट उतरने के कारण एक गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे की है, जब गोवंश झाड़ियों में चरते हुए लोहे के विद्युत खंभे के संपर्क में आ गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर के नीचे करंट पहले से उतर रहा था, जिसकी जानकारी विभागीय कर्मचारियों को दी जा चुकी थी, लेकिन समय पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। गोवंश की मौत के बाद मौके पर भी कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ट्रांसफार्मर की स्थिति सुधारी जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो।

## एक नजर

### तीर्थ नगरी में प्रदूषण की समस्या से मिलेगी मुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट मुक्ति धाम ब्रजघाट को बहुत जल्द दाह संस्कार से होने वाले प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलने जा रही है, जिसको लेकर सेवा भारती द्वारा करोड़ों की लागत से दो मशीन लगवाई जाएंगी। जिसको लेकर पालिका बोर्ड में प्रस्ताव मंजूर होने के बाद अब डीएम की स्वीकृति होना बाकी रह गया है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े संगठन सेवा भारती द्वारा मोक्ष धाम संस्था का संचालन किया जा रहा है, जिसने मुक्ति धाम ब्रजघाट को दिवंगतों के दाह संस्कार से होने वाले प्रदूषण और वायुमंडल में छाने वाले धुएं के गुबार की समस्या से पूरी तरह मुक्त करने का बीड़ा उठाया है। संस्था द्वारा मोक्ष स्थली ब्रजघाट के अंत्येष्टि स्थल में दो अत्याधुनिक मशीन लगाई जानी प्रस्तावित हैं, जिनको लेकर पालिका बोर्ड की छह दिन पहले हुई बैठक में स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी। संस्था संचालक मंडल के अध्यक्ष एवं देव मैमोरियल स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने बताया कि अंत्येष्टि स्थल के मोक्ष धाम में जो दो मशीन लगाई जानी हैं, उन पर दो करोड़ से भी अधिक की रकम खर्च होने का अनुमान है। मोक्ष धाम संचालक मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि परंपरात ढंग में चिता जलने के दौरान वायुमंडल में धुएं का गुबार छाने के साथ ही बड़े स्तर पर प्रदूषण भी फैलता है, परंतु प्रस्तावित मशीनों द्वारा दाह संस्कार करने पर प्रदूषण जीरो परसेंट होने के साथ ही लकड़ी का उपयोग बेहद सीमित हो जाएगा। साथ ही चार से पांच घंटों का समय भी घटकर महज एक घंटा हो जाएगा।

### गोकर्ण उपाख्यान का वर्णन सुन भक्त हुए भाव विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मोहमाया का त्याग करते हुए धर्म के बताए सद्मार्ग पर चलकर दीन दुखियों की मदद करने वालों पर ईश्वर की विशेष कृपा बरसती है, इसलिए किसी से भी मन में कोई द्वेष भावना न रखें।

पौराणिक गढ़ गंगानगरी की बागवाली कालोनी और प्राचीन मुक्तेश्वर महादेव नक्का कुआं मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ के द्वितीय दिवस में गोकर्ण उपाख्यान का वर्णन हुआ। वृंदावन से आए व्यास रुद्र कृष्ण ठाकुर महाराज और यश कृष्ण आचार्य ने गोकर्ण उपाख्यान का वर्णन करते हुए कहा कि आत्मदेव के घर में कोई पुत्र नहीं है तो वे पुत्र के लिए रोते हैं। पुत्र घर में नहीं होता तो माता पिता दो चार दिन रोते हैं, परंतु पुत्र होने के बाद नालायक या कपूत हो जाए तो माता पिता को जीवन भर रोना पड़ता है। व्यास ने कहा कि ये संसार बड़ा ही विचित्र है, इसलिए जैसी ममता हम संसार में करते हैं अगर वैसी ममता भगवान के चरणों में हो जाए तो कल्याण हो जाएगा। धर्म के बताए सद्मार्ग पर चलकर समाज में प्रतिष्ठा पाने को सुंदर मकान बनाना, पत्नी और बच्चों से प्रेम करना, दुकान पर दस घंटे बैठकर धन कमाना भी धर्म का प्रमुख अंग है। उन संतो के जानने योग्य जो परम धर्म है वही कृष्ण कथा है। जिसका समूचा वर्णन श्रीमद् भागवत में निहित है। भगवान शंकर ने पार्वती जी को अमर कथा सुनाई उसके प्रभाव से तोते का बच्चा अमर हो गया, जो वेदव्यास जी की धर्मपत्नी के गर्भ से सुखदेव के रूप में प्रकट हुआ। डोली शर्मा, वर्षा शर्मा, रुपेश पंडित, मदनपाल चौधरी, जित. ेंद्र चौधरी, राहुल शर्मा, पूजा गोस्वामी समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# 5 जून को है गंगा दशहरा, इस दिन की ये है मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** हिन्दू धर्म में गंगा दशहरा की विशेष मान्यता है और गंगा नदी को मां गंगा कहा जाता है। कहते हैं गंगा में डुबकी लगाने से इंसान के सभी पाप धुल जाते है ऐसे में गंगा दशहरा अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है।

मान्यतानुसार, ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर हस्त नक्षत्र में मां गंगा धरती पर अवतरित हुई थीं। भागीरथ मां गंगा को धरती पर लाए थे इसीलिए मां गंगा को भागीरथी के नाम से भी जाना जाता है। गंगा दशहरा पर मां गंगा की पूरे मनोभाव से पूजा की जाती है और कहा जाता है कि मां गंगा प्रसन्न होकर भक्तों को सुख-समृद्धि का वरदान देती हैं। ऐसे में जानिए इस साल गंगा दशहरा किस दिन है और किस तरह मां गंगा को प्रसन्न किया जा सकता है। इस साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 4 जून की रात 11 बजकर 54 मिनट पर शुरू हो रही है, ऐसे में उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए 5 जून, गुरुवार को गंगा दशहरा मनाया जाएगा। गंगा दशहरा पर सुबह 9 बजकर 14 मिनट पर सिद्धि योग रहेगा, इसके साथ ही इस दिन रवि योग और हस्त नक्षत्र रहेगा और दोपहर 1 बजकर 2 मिनट पर तैतिल करण रहेगा यह योग दोपहर 2 बजकर 15 मिनट तक रहने वाला है। गंगा दशहरा पर मान्यतानुसार स्नान और दान करने का विशेष महत्व होता है इस दिन सुबह उठकर गंगा नदी में स्नान करने के लिए जाया जाता है। जो लोग गंगा नदी के आस-पास नहीं रहते हैं वे पानी में गंगाजल डालकर स्नान करते हैं, और नहाने के बाद देवी-देवताओं का गंगाजल से अभिषेक किया जाता है। मां गंगा का ध्यान लगाया जाता है जिसके बाद मां गंगा को भोग लगाकर पूजा का समापन होता है। मान्यता है कि राजा भगीरथ की घोर तपस्या के फलस्वरूप मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। गंगा दशहरा के दिन गंगा में स्नान करने का विशेष महत्व है, क्योंकि इस दिन स्नान से दस प्रकार के पापों से छुटकारा मिलता है। इन पापों में शारीरिक, मानसिक और वाणी से जुड़े दोष शामिल होते हैं, जो पुण्य की प्राप्ति में बाधा बनते हैं। इस दिन किया गया स्नान, दान और पूजन जीवन को शुद्ध और शांतिपूर्ण बनाने में मदद करता है।

# भाकियू ने बिजली दफ्तर का घेराव कर दिया बेमियादी धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली में स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति में सोमवार को मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। मासिक पंचायत की अध्यक्षता गढ़ तहसील संयोजक हाजी नासिर अली ने की और संचालन जिला महा सचिव कैप्टन राजेश चौधरी ने किया।



इस दौरान किसान और मजदूर समेत कई समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसके बाद भाकियू टीम व किसान और मजदूर की समस्याओं को लेकर बिजली दफ्तर में नारेबा. जी करते हुए बेमियादी धरने पर बैठ गए। बिजली दफ्तर का घेराव करने के बाद विधुत अफसर बिजली घर से नदारद मिले। इस दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि विधुत विभाग द्वारा किसान समेत मजदूरों की समस्याओं का जब तक निस्तारण नही कर दिया जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। वहीं उपभोक्ताओं को नवीन विधुत कनेक्शन देने के नाम पर भी अवैध वसूली की जाती है, जिसके चलते गरीब मजलूम व किसान के साथ दिनदहाड़े लूट की जा रही है। इस दौरान महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, जिला संरक्षक पीके वर्मा आदि का कहना है कि विधुत विभाग द्वारा गरीब पिछड़े मजदूर व किसानों का चालान के नाम पर भर्ष्टाचार बड़े चरम किया जा रहा है। मासिक पंचायत के दौरान जग रोशनी, कुमुद पाराशर, गीता सिरो. ही, पंकज देवी, रेखा शाहिद खां फैज़ान अब्बासी का कहना है कि ब्लॉक स्तर पर आवारा गोवंशों की धर पकड़ करने के लिए कई बार धरना प्रदर्शन किया गया है, लेकिन शासन प्रशासन इस पर कुछ भी कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। अगर जल्दी आवारा पशुओं की धरपकड़ नही की गई तो भारतीय किसान टिकैत बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। मासिक पंचायत में मौजूद जिला सरक्षण पीके वर्मा, इमरान अब्बासी,नफीस अहमद, नोशाद अल्वी, शदाब तोमर, बिल्लू त्यागी, जुबैर खान, मास्टर मनोज, कुँवर खुशनूद अली, आसिफ प्रधान, जगबीर चौहान आदि मौजूद रहे।

# ईद-उल-जुहा व गंगा दशहरा की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में ज्येष्ठ गंगा दशहरा एवं बकरीद पर्व को शांतिपूर्वक मनाए जाने हेतु बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि नमाज के वक्त ईदगाह व मस्जिद की साफ-सफाई हेतु नगरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी एवं पंचायती राज अधिकारी साफ सफाई सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने कहा कि संबंधित उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी रूट पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि कुर्बानी स्थल परंपरागत रहे किसी नये व खुले स्थानों पर कुर्बानी ना दी जाए उसके



उपरांत अवशेष को खुले में ना रखें उसको सही प्रकार से डिस्पोज किया जाये। उन्होंने मिश्रित आबादी में खास तौर से ध्यान रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी ना दी जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत निर्देश दिए कि इन त्योहारों पर विद्युत की आपूर्ति निर्बाध रूप से बनी रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए। जिलाधिकारी ने ज्येष्ठ गंगा दशहरा के पर्व को लेकर सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान आने वाले किसी भी श्रद्धालु को गंगा स्नान के दौरान कोई समस्या उत्पन्न ना हो। श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में मोबाइल टॉयलेट ,चेंजिंग रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए उन्होंने मेले के दौरान साफ-सफाई के लिए शिफ्ट वाइस सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। इस दौरान जिला अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेले की तैयारी के संबंध में गढ़ बृजघाट का निरीक्षण किया। बैठक में अपर जिला अधिकारी संदीप कुमार ,अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिक. ारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी , मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, लोक निर्माण विभाग, मंदिर एवं मस्जिदों के धर्म गुरु सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ के आरोपी पर नहीं हुई कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** घर में घुसकर किशोरी से छेडख़ानी करने वाला चुप न बैठने पर भुगत लेने की धमकी देता घूम रहा है। पुलिस द्वारा कोई भी कार्रवाई न करने से आहत महिला ने अब एसपी से गुहार लगाई है।

सिंभावली क्षेत्र की एक कालोनी में रहने वाली महिला ने हापुड़ पहुंचकर एसपी न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने बताया कि तीन दिन पहले वह घर से कुछ ही दूरी पर टंकी से पानी लेने गई थी, जिससे घर का दरवाजा खुला रहने पर एक पड़ोसी युवक घर में घुस गया था। जो वहां सो रही नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा था। परंतु अचानक आंख खुलते ही बेटी ने शोर मचा दिया, जिसे सुनते ही वह घर लौटी तो आरोपी ने उससे भी मारपीट कर दी। महिला का आरोप है कि शोर सुनकर कई लोग मौके पर आ गए, जिन्हें देख आरोपी चुप न बैठने पर भुगत लेने की धमकी देता हुआ भाग गया। परंतु तहरीर देने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से आरा. ेपी का हौंसला बुलंद होने के साथ ही कालोनी वाासियों में भी इस घटना से रोष बढ़ता जा रहा है। महिला ने बताया कि एसपी ने तहरीर पर जांच कराकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराने का भरोसा दिया है। एसओ सुमित तोमर का कहना है कि संबंधित मामले की जांच चल रही है, जिसमें सच्चाई सामने आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


## आवश्यकता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, पिलखुवा, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/ विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

चांद मियां
जिला प्रभारी, शाह टाइम्स
जनपद हापुड़

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़


# ज्येष्ठ दशहरा को लेकर जिला प्रशासन हुआ सतर्क, किया रूट डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ज्येष्ठ दशहरा के मौके पर गंगा स्नान को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। हाईवे पर जाम से निपटने के लिए रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू की गई है। जिसमें आज रात से शनिवार की दोपहर तक ट्रक, कंटेनर, निजी बस समेत सभी भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गो से गुजारा जाएगा। जबकि, जीप, कार, मिनी ट्रक व अन्य छोटे वाहन चलते रहेंगे।

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार को ज्येष्ठ गंगा दशहरा के मौके पर ब्रजघाट पर करीब पांच लाख से अधिक श्रद्धालु स्नान करेंगे। सभी लोग अपने निजी और व्यावसायिक वाहनों से गंगा स्नान व पूजा अर्चना करने यहां आएंगे। इस दौरान नेशनल हाईवे पर जाम लगने की संभावना रहेगी। जिसे ध्यान में




रखते हुए रूट डायवर्जन लागू किया गया है। जिसके तहत कंटेनर, ट्रक, निजी बस वैकल्पिक मार्गो से जाएंगे। जबकि दूध, दही, फल व सब्जी के वाहन और एम्बुलेंस हाईवे पर यथावत चलते रहेंगे। इस दौरान आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। यदि इसमें लापरवाही बरती गई, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तीन जून की देर रात से छह जून की दोपहर तक हाईवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा।

### बीस मई को स्थगित हुई परीक्षा होगी आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** किसान पीजी कॉलेज सिंभावली में बीस मई को एलएलबी की परीक्षा होनी थी, जिसे ऐन मौके पर सीसीयू प्रबंधन द्वारा स्थगित कर दिया गया था। किसान डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा.विजय गर्ग ने बताया कि बीस मई को एलएलबी की परीक्षा किसी अपरिहार्य कारण के चलते यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा स्थगित कर दिया गया। उक्त प्रश्न पत्र की परीक्षा आज होगी, जिसमें करीब ढाई सौ स्टूडेंट्स सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ ही अंतरिक्ष उडन् दस्ता टीम की देखरेख में सुबह दस बजे परीक्षा में शामिल होंगे।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल में मनाया विश्व तम्बाकू दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेज में सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रभावशाली कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2025 मनाया।

इस वर्ष की थीम, अपील का पर्दाफाश तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की चालों को उजागर करना रचनात्मक, शैक्षिक और समुदाय उन्मुख गतिविधियों के माध्यम से जीवंत किया गया। साम. ुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डा. ब्रिगेडियर विनीत रस्तोगी के नेतृत्व में इन कार्यक्रमों की संकल्पना और क्रियान्वयन किया गया। डा. शीतल दाधीच, सहायक प्रोफेसर, ने बताया




कि विभाग ने कड़ी मेहनत की और उत्साहपूर्वक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें तंबाकू के उपयोग के खतरों की ओर ध्यान आकर्षित किया जाएगा तथा स्वस्थ जीवनशैली विकल्पों को प्रोत्साहित किया जाएगा। छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक आकर्षक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता को तम्बाकू सेवन के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी परिणामों के बारे में प्रभावी ढंग से बताया गया।

# मिलक के व्यापारियों ने शहर विधायक से मिलकर दुकान ध्वस्तीकरण रुकवाने की मांग की

## दुकानदारों ने लगातार चौथे दिन भी दुकानें बंद कर धरना प्रदर्शन रखा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर में दुकानों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को रो. कने की मांग को लेकर आज नगर के व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल रामपुर शहर विधायक से मिला शहर विधायक ने व्यापारियों को आश्वासन दिया नगर के तीन बत्ती चौराहे के निकट चल रहे दुकानदारों और व्यापारियों का धरना आज चौथे दिन भी जारी रहा धरने पर नगर मिलक में मैंन रोड और बिलासपुर रोड की लगभग 72 दुक. ानों का ध्वस्तीकरण का नोटिस प्रशासन द्वारा दुकानदारों को देने के बाद से दुकानदारों में खौफ का माहौल है दुकाने लगभग 80 वर्ष पुरानी है जो कि पीडब्ल्यूडी के द्वारा ध्वस्तीकरण करने की कार्रवाई की तैयारी हो रही है इस संबंध में दुकानदारों का प्रतिनिधिमंडल रामपुर जाकर शहर विधायक आक. ाश सक्सेना से मिला इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार भी मौजूद रहे दुकानदारों का कहना



है की इन दुकानों के अलावा हमारे पास अपना जीवन यापन करने का कोई भी अन्य साधन नहीं है तथा हमारी दुकानों से तमाम व्यापार में सहयोग करने वाले कर्मचारियों की रोजी-रोटी चल रही है अत: आपसे आग्रह है कि नगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होती है तो मिलक नगर बर्बाद हो जाएगा लगभग आधी आबादी भुखमरी के कगार पर आ जाएगी इसीलिए व्यापारियों के भविष्य एवं उनके कर्मचारियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को निरस्त किया जाए इस पर शहर विधायक ने आश्वासन दिया की जिलाधिकारी रामपुर से वार्ता करके कोई ठोस कदम उठाया जाएगा उधर व्यापारी 29 मई शुक्रवार से शुरू हुआ दुक. ानदारों का धरना प्रदर्शन आज चौथे दिन भी जारी रहा इस दौरान नगर का बाजार भी बन रहा इस अवसर पर शैलेश गुप्ता डॉक्टर डी के अग्रवाल रुद्रपाल सिंह चौहान राम बहादुर आर्य राजीव कुमार योगेंद्र गंगवार गिरीश मिश्रा अनिल गुप्ता अब्दुल हसन इकबाल नदीम साजिद अली सुरेश चंद्र विनोद कश्यप उदय पाल सिंह सहित ममता दीपशिखा मनीषा शुक्ला शशि वाला प्रीति कविता द्रौपदी तरन्नूम रोशन जहां नीरज सुनीता देवी कमलेश आदि महिलाएं भी धरने में मौजूद रहे।

# डस्टबिन के डिब्बे नगर पंचायत कार्यालय में बने शोपीस, नहीं हो रहा इस्तेमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में कूड़ेदान में पड़े भगवान श्री राम और शहर विधायक आकाश सक्सेना के फोटो का मामला नगर पंचायत प्रशासन में आंधी में गिरने का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लिया है। उधर डस्टबिन के डिब्बे नगर पंचायत कार्यालय परिसर में पड़े हैं लेकिन उन्हें कस्बे में सार्वजनिक स्थानों पर नहीं रखा जा रहा है। पिछले कई दिनों से नगर पंचायत कार्यालय परिसर में रखे कूड़ेदानों में भगवान श्री राम और शहर विधायक आकाश सक्सेना के फोटो पड़े हुए थे लेकिन नगर पंचायत कर्मचारी ने इन पर कोई ध्यान नहीं दिया इस मामले में बजरंग दल के प्रखंड संयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से ट्वीट के माध्यम से शिकायत की थी शिकायत के बाद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया नगर पंचायत कर्मचारी ने खुले दान में पड़े भगवान श्री राम और शहर विधायक आकाश सक्सेना के फोटो को बाहर निकाल कर नगर पंचायत कार्यालय में चश्पा कर लिया। इस मामले में नगर पंचायत प्रशासन ने दोनों फोटो को आंधी में गिरना बात कर अपना पल्ला झाड़ लिया है और प्रशासन को रिपोर्ट प्रेषित कर दी है।



उधर नगर पंचायत कार्यालय में रखें डस्टबिन के डिब्बे शोपीस बने हुए हैं उनके ऊपर लगा प्लास्टिक भी गल कर गिर गया हे उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदान के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है कूड़ेदान के अभाव में लोग सुबह सवेरे अपने घरों का कचरा निकाल कर सार्वजनिक चौराहे पर फेंक कर चले जाते हैं जिससे कस्बे में भीषण गंदगी पैदा हो जाती है और बदबू के चलते राहगीरों का आवागमन दुश्वार हो जाता है। इधर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

# डीएम-एसपी ने किया शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ रामपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सिविल लाइन क्षेत्र में बाहरी वाहनों के आवागमन के कारण उत्पन्न होने वाली जाम की समस्या के समाधान हेतु रिवरसाइड इन के पास से शहर के अंदर होकर गुजरने वाले वाहनों को प्रतिबंधित किया जाएगा। नैनीताल, कैंची धाम और बिलासपुर को जाने वाले वाहनों को रिवरसाइड जीरो पॉइंट बाईपास से सीधे मोदी जेरॉक्स स्थित चौराहे होते हुए नवीन बिलासपुर बाईपास से जाने की अनुमति रहेगी।

वाहन चालकों की सुविधा के लिए निर्धारित रूट पर जगह-जगह संक. ेतक लगवाए जायेगें। वाहनों द्वारा निर्धारित रूट से गुजरने पर शहर में जाम की समस्या का समाधान हो सकेगा जिससे लोगों को अनावश्यक असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को पांच दिवस में निर्धारित रूट पर सभी जरूरी कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

रामपुर शहर स्थित सिविल लाइन क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामपुर को निर्देशित किया कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार विभिन्न प्रयोजन के लिए आरक्षित जमीनों का सत्यापन करें तथा अवैध अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए उसे हटाने की कार्रवाई की जाए।

जिस विभाग की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा उस विभाग की यह जिम्मेदारी होगी कि जमीन पर कब्जा प्राप्त करके उसे सुरक्षित करेगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में अभिलेखों के रखरखाव हेतु निर्माणाधीन अभिलेखागार का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित कार्यदाई संस्था को यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

## एक नजर

### नफर वारंटी को गिरफ्तार किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मंगलवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी अतीक अहमद पुत्र शरीफ अहमद निवासी मो इस्लाम नगर मसवासी को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ.नि. मनोज कुमार मिश्रा है. का विकास कुमारआदि मौजूद रहे।

### अधिशासी अभियंता से की अमर्यादित भाषा में अपमानित करने की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन कर्मचारी रामपुर संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने अधिशासी अभियंता, प्रथम खंड रामपुर को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि उपकेंद्र पर कार्यरत संविदा कर्मी विजय रावत और अब्दुल फरीद को अवर अभियंता द्वारा लगातार अमर्यादित भाषा में अपमानित किया जा रहा है। आरोप है कि उनसे निर्धारित कार्य समय से अधिक ड्यूटी कराई जाती है। और विरोध करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। अन्य कर्मियों ने भी इसी तरह के आरोप लगाए हैं। संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाए।

### शहजादनगर पुलिस ने एक बारंटी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के निर्देश पर अपराधियों की धर पकड़ को चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शहजादनगर पुलिस ने सोमवार को एक बारंटी को पकड़कर कोर्ट में हाजिर किया है। पुलिस ने मीडिया को जारी किए गए प्रेस नोट में पकड़े गए बारंटी का नाम अजीमनगर थाना क्षेत्र के हरैटा गांव निवासी राजेंद्र बताया है।

### पिता की मौत की सूचना पर बाइक से दौड़ा बेटा एक्सीडेंट में घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद /रामपुर।** रविवार की देर रात अपने भतीजे की शादी से खाना खाकर वापस लौट रहे भीतरगांव निवासी भूरा को किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई ।पिता की मौत की सूचना पर उसका पुत्र शिवकुमार अपने गांव के ही 24 वर्षीय विजेंद्र की मोटरसाइकिल पर सवार होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहा था की चंदौसी चौराहे पर राजाराम के होटल के पास बाइक फिसल गई जिसमें विजेंद्र और शिव कुमार घायल हो गए। शिवकुमार की दाईं टांग टूट गई दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद ले जाया गया जहां पर विजेंद्र को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वहीं शिवकुमार को प्राथमिक उपचार देकर घर वापस भेज दिया गया।

# भाकियू भानू का आरोप नॉन जेड ए की जमीन पर कर दी प्लॉटिंग



**( विशाल जोशी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन भानू की मासिक पंचायत का आयोजन निरीक्षण भवन शाहाबाद किया गया। जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार राकेश कुमार चंद्रा को एक ज्ञापन सौपा गया। जिसमें बताया गया कि शाहबाद क्षेत्र के ग्राम भगवतीपुर में प्राथमिक विद्यालय से शमशान घाट तक कच्चा रास्ता है जो बरसात में रास्ता खराब हो जाता है जिससे अंतिम संस्कार करने जाने में कठिनाई आती है जिसे जल्द सही कराया जाए। तथा ग्राम ओसी में आबादी के ऊपर से 11 हजार की बिजली लाइन गुजर रही है जिससे कभी कोई दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है लाइन को तुरंत हटाया जाए यह है और नगर शाहबाद में तहसील प्रशासन की साठ गांठ से भूमाफियाओं ने नॉन जेड ए की जमीनों में अवैध प्लाटिंग कर कर करोड़ों रुपए प्रशासन की मदद से एट लिए हैं जिसकी जांच करा कर दोषी कर्मचारी व अधिकारियों पर और भूमाफियाओं पर कठोर कार्रवाई की जाए। इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खा, इंदरपाल सागर,आदिल खा,वीरेंद्र सिंह यादव,झंडू सिंह यादव,कृपाल सिंह यादव,शकील अहमद,डॉक्टर रेहान,रामचरण सिंह,भूरे सिंह सागर, राजपाल सिंह,ढाणी सिंह,हरपाल सिंह,रईस खां,शेर खान,मुख्तियार शाह,शौकत मलिक,बृजलाल प्रजापति,धर्मवीर प्रजापति,गुलाम रसूल,सलमान खान,अकरम खान, विद्या रामपाल,मनोज पाल,सफीक अहमद,आरिफ खान,इरफान खान, सफदर खान,रईस खां आदि किसान मौजूद रहे।

# बारात से वापस लौट रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौके पर मौत

## भतीजे की शादी में खाना खाकर वापस लौट रहा था मृतक



मृतक का फाइल फोटो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/ रामपुर।** रविवार की देर रात्रि भतीजे की शादी में खाना खाकर वापस घर को जा रहे हैं अधेड़ को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई सूचना पर घटनास्थल पर परिजन व गांव के लोग पहुंच गए और हंगामा करने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। रविवार को भीतरगांव के रहने वाले प्रेमदास के पुत्र कंचन की बारात शाहाबाद के मौहल्ला हाकिमान के रहने वाले चंद्रपाल के यहां श्री राम स्कूल में आई थी। खाना खाने के बाद मृतक भूरा अपने घर भीतर गांव को जा रहा था की शाहबाद बिलारी मार्ग पर वेलकम पैलेस के पास किसी अज्ञात वाहन ने भूरा को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे में भूरा का सिर बुरी तरह से कुचल गया और उसकी मौके पर मौत हो गई।जब सूचना भूरे के परिवार को मिली तो परिजन सहित बारात में आए सारे बाराती मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजन व ग्रामीणों को समझाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। भूरा की मौत पर परिवार में भूरा की पत्नी व बेटों व अन्य परिजन का रो रो कर बुरा हाल है वही अपनी मृत्यु उपरांत मृतक भूरा ने पत्नी व एक अविवा. हत पुत्री व एक अविवाहित पुत्र सहित तीन पुत्रों को छोड़ा है। वही कानूनी कार्यवाही के लिए मृतक भूरा के परिवार की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# जेसीबी और पिकअप की भिड़ंत में सात घायल,रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** जेसीबी और पिकअप की भिड़ंत में सात लोग गंभीर रूप से हुए घायल। घायलों को सीएचसी शाहबाद लाया गया जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी की अनुसार शाहबाद बिलारी पर जेसीबी से खुदाई का काम चल रहा था। इसी बीच शाहबाद की तरफ से जा रही पिकअप से जेसीबी की भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में नदीम,इमामी,मोहन लाल,जगदीश,राशिद,लक्ष्मी नारायण और हरज्ञान निवासी रवाना पट्टी है।

# रामपुर के वरिष्ठ साहित्यकार भारत श्री सम्मान से हुए सम्मानित

## राजस्थान के जयपुर की सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी में आयोजित हुआ था अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विश्व की 200 ख्यातिलब्ध विभूतियों के साथ सम्मानीय अवार्डीज की प्रथम पंक्ति में रामपुर के मिलक नगर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा को साहित्य के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के दृष्टिगत शौर्य भूमि राजस्थान के जयपुर की सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में भारत;श्री;सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयपुर के प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी अतुल कुमार शर्मा व कार्यक्रम की संयोजिका व भव्या फाउन्डेशन की संस्थापिका डॉ.निशा माथुर ने राजस्थानी पगड़ी पहनाकर, 24 इंची कलश और अशोक स्तम्भ से सम्प्रक्त खूबसूरत रेड गोल्डन ट्राफी भेंट करने के साथ आपकी साहित्यिक उपलब्धियों को अभिव्यक्त करता 12ग्20 इंच का एक विशाल प्रशस्ति पत्र प्रदान कर डा.चन्द्रप्रकाश शर्मा को सम्मानित किया। उद्घोषिका द्वारा डॉ.चन्द्र की साहित्यिक उपलब्धियों का परिचय कराते हुए बताया गया कि डॉ.



चन्द्रप्रकाश शर्मा के लेखन को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा.नरेन्द्र मोदी व उ.प्र.के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी प्रशंसित किया गया है तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उद्घोषिका ने आगे बताया कि डॉ.शर्मा स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं जिनके विभिन्न प्रतिष्ठित समाच.ार-पत्रों में 200 से अधिक सम्पादकीय आलेख प्रकाशित हो चुके है जिनमें दार्शनिकता व वैज्ञानिकता का समावेश रहता है। आप 1992 से आकाशवाणी के रेडियो वार्ताकार है और आपकी 100 से अधिक वार्ताओं का प्रसारण हो चुका है। डॉ .चन्द्र दूरदर्शन कवि, 06 पुस्तकों के रचयिता,प्रखर वक्ता,कुशल मंच संचालक व राष्ट्रीय संगोष्ठियों में विषय विशेषज्ञ की भूमिका में रहते हैं। आपका जीवन साहित्य सृजन व समाजसेवा को समर्पित है। आप कई साहित्यिक और समाजसेवी संस्थाओं से निस्वार्थ व समर्पण भाव से जुड़े हैं। अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में साहित्य,कला,संगीत, समाजसेवा आदि विविध क्षेत्रों में सराहनीय सेवाओं को समर्पित भारत सहित विश्व की लगभग 200 विभूतियों को सम्मानित किया गया। डॉ .चन्द्र की अफ्रीका के घाना से आई मेघा माथुर,केरल की श्रीजा कृष्णन, ज्योतिषाचार्य मयंक शर्मा, छत्तीसगढ़ के इंजी.हरि प्रकाश गुप्ता, शिक्षक राधेश्याम दीक्षित, प्रोफेसर दिनेश कुमार के साथ भव्या फाउन्डेशन के संस्थापक शैलेन्द्र माथुर आदि से विस्तृत भेंटवार्ता हुई।

## वाहनों की भिड़ंत में एक गंभीर हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** रामपुर बाजपुर मार्ग पर रविवार की रात्रि समय लगभग 10 बजे के करीब बिजारखाता में एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जहां लकड़ी से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे से डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे में डंपर के परखच्चे उड़ गए, और इसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि, इस हादसे में जनहानी का कोई नुकसान नहीं हुआ,लेकिन घटना ने स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा रामपुर बाजपुर मार्ग पर बिजारखाता के करीब ग्यारह बजे हुआ जहा लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मारी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर लगते ही मैके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई सूचना पाकर चोकी पुलिस भी मैके पर पहुंच गई हादसे में डंपर का चालक आनंद सिंह किनदारी पुत्र गुमान सिंह किंदारी ग्राम कल्लुवली थाना रेहड़ जिला बिजनौर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से स्वार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर चालक की स्थिति देख चिकित्सकों ने हायर संेटर रेफर किया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

# एक ही रात में पटवाई क्षेत्र में दो अलग अलग गांव में हवाई फायरिंग



**( सतीश कुमार लोधी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** पटवाई थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांव में हवाई फायरिंग हो गई। पुलिस ने दोनों गांव के पीड़ित परिवारों की तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। इसी थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव में बबलू अपनी जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं। रविवार को बबलू अपनी दुकान बंद कर सो गए थे। की रात्रि 11 बजे गांव का सोनू खत्म अपने दोस्तों के साथ दुकान पर पहुंचा और रात्रि में सिगरेट मांग रहा था।

**मथुरापुर गांव में रात्रि में सिगरेट मांगने पर फायरिंग हुई तो लालपुर गांव में दारू पीकर हवाई फायरिंग का मामला आया सामने**

सिगरेट नहीं देने पर पीड़ित बबलू ने बताया कि सोनू खत्म और उसके दोस्त दुकान पर आए और गाली गलौज कर सोनू ने हवाई फायरिंग कर दी। गांव के किसी व्यक्ति ने पटवाई पुलिस को सूचना दे दी सूचना पर पुलिस गांव पहुंच गई। आरोपी मौका देख गांव से फरार हो गए। बही इसी थाना क्षेत्र के लाल. पुर गांव निवासी यादराम ने बताया कि गांव के राजवीर पप्पू रामपाल शराब पीकर घर में घुस गए। और गाली गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर राजवीर ने हवाई फायरिंग कर मौके से फरार हो गया। मौके पर पुलिस पहुंच गई। दोनों गांव के लोगों ने गांव में मारपीट ब फायरिंग की तहरीर पटवाई थाना प्रभारी संदीप मिश्रा को सौंप दी है।

उधर पटवाई थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# पदोन्नति होने पर सचिवों को दी गई विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विकास खण्ड चमरौआ के सभागार में ग्राम विकास अधिकारी से सहायक विकास अधिकारी सहकारिता के पद पर पदोन्नत हुए सहायक विकास अधिकारी सहका. रिता का सम्मान /विदाई समारोह ग्राम विकास अधिकारी संघ रामपुर द्वारा आयोजित किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह द्वारा पदोन्नत साथियों को शाल ओढ़ाकर व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों व वरिष्ठ साथियों द्वारा पदोन्नत साथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए एवं ओमकार सरन सहायक विकास अधिकारी सहका. रिता को सेवानिवृत होने पर संवर्ग द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी मिलक, खंड विकास अधिकारी



स्वार , सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक सहकारिता रामपुर, पुलिस निरीक्षक रघुराज सिंह, नव प्रोन्नत सहायक विकास अधिकारी अतर सिंह, सुरेंद्र शर्मा, एनोज एंथोनी, संजीव कुमार ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, राजा गहलोत महामंत्री मनोज सागर आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी कुरैशी ने की नव नियुक्त कोतवाली प्रभारी से भेंट



**( सुहैल मियॉ )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** रविवार समाज सेवी सभासद प्रत्याशी शादाब मन्नू कुरैशी ने नये कोतवाली प्रभारी प्रमोद मलिक को शॉल ओढ़ाकर व फूल का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और उनसे शिष्टाचार भेंट की। कोतवाली प्रभारी ने जानकारी दी और कहा आज कल साइबर क्राइम बहुत तेजी से बढ़ रहा है सभी लोग व आम जनता सतर्क रहें।और साइबर क्राइम ठगों का शिकार होने से बचें साइबर क्राइम बहुत ही खतरनाक है। कोई भी ऐसी काल आये तो हमे सूचना दे और साइबर क्राइम ठागों से बचे। इस मौके पर शादाब मन्नू कुरैशी, मो. हम्माद, अयान मोहम्मद, अल्फाज आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बकरीद को लेकर कोतवाली परिसर में शान्ति समिति की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** सोमवार को ईद को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक में उपजिलाधिकारी कुमार गौरव व सीओ ने नगर उलेमाओं सहित नगर के सम्भ्रांत लोगो व प्रधानों को बुलाकर उपजिलाधिकारी, सीओ टांडा, व कोतवाल प्रदीप कुमार ने त्यौहार को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की और कोई भी त्योहार में नई परम्परा न डालने को लेकर लोगों को सकुशल ढंग से मनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। त्योहार को शांति पूण ढंग से मनाने की अपील की और कोई भी असामाजिक तत्व के व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पति हाजी सरफराज आलम नगर पालिका टांडा, दढ़ियाल से नगर पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार, बादली उदासीन आश्रम महंत केशव मुनि महाराज, व्यापार मंडल अध्यक्ष हाजी शकील, अकीलुरहमान, हाजी मोहम्मद जमील मौलाना हनीफ आदि लोग मौजूद रहे।

### योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग प्रशिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** सोमवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय जिला परिषद में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल की तैयारी को लेकर मास्टर योगा ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सेना द्वारा जनपद के योग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर हरिओम ने बताया कि 10, 11और 12 जून को तीन दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रोशन बाग पार्क लोहिया पार्क अंबेडकर पार्क श्री गुरु गोबिंद सिंह पार्क एवं किला मैदान में सभी योग प्रशिक्षकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के तहत प्रात: 7:30 से 8:30 बजे तक योग अभ्यास कराया जाएगा। आयुष विभाग के इस योग शिविर का लाभ उठाएं। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रेम कुमार मौर्य, योग प्रशिक्षक रामू मौर्य, उमेश चंद्रा, राजीव कुमार, सोनू चौहान, अंशु सक्सेना, भूपराम आदि मौजूद रहे।

### पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने एक पास्को एक्ट के वांछित अभियुक्त



को गिरफ्तार किया पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल नेतृत्व में आज थाना मिलक पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त करन पुत्र ओमप्रकाश निवासी एस.डी.एम कालोनी मो.रोरा खुर्द थाना मिलक सम्बन्धित मु.अ.सं. 202/2025 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस 3/ 4 (2) पाक्सो एक्ट मे गिरफ्तार किया गया।

# होटलों में चलाया चेकिंग अभियान, मचा हड़कंप



**( मो. फारूख अंसारी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** पुलिस ने मसवासी के मुरादाबाद बाजपुर चौराहे पर शराब की दुकानों के आसपास स्थित होटल में छापामार करवाई कर चेकिंग अभियान चलाया और लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की। रविवार की शाम चौकी के उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल ने मसवासी के मुरादाबाद चौराहे पर स्थित शराब की दुकानों के आसपास खाने के ढाबे और होटल पर चेकिंग अभियान चलाया और लोगों से शराब का सेवन सीमित मात्रा में करने की हिदायत की और कहा यदि कोई भी अत्यधिक शराब पीकर होटल और ढाबे पर हुड़दंग मचाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने पट्टी कला के खटीमा पानीपत नेशनल हाईवे स्थित ढाबों और होटल पर भी चेकिंग अभियान चलाया और लोगों से सतर्क रहने की अपील की।

# क्षेत्रीय प्रबंधक ने किया पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को शाम 5:00 बजे मुख्य प्रबंधक देवेश कुमार मित्रा द्वारा भारतीय स्टेट बैंक शाखा रामपुर के हाल में स्टाफ पेंशनर्स की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर के नवागत क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार ने भाग लिया। सभा में पेंशनर्स ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

सभी समस्याओं का निराकरण क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार द्वारा तुरन्त कर दिया गया। अपने संबोधन में सहायक महाप्रबंधक प्रभात कुमार जी ने कहा की स्टेट बैंक पेंशनर्स की मान मर्यादा की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है इनको किसी भी हालत में कोई कठिनाई नहीं होगी अगर किसी को कोई दिक्कत आती है तो वह मुझे डर सीधे संपर्क कर सकते हैं इस पर सभी पेंशनर्स ने खुशी जाहिर की। सभा की अध्यक्षता स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन रामपुर के अध्यक्ष सुरेश कुमार सक्सेना ने की। सभा का संचालन विमल कपूर तथा अभिलाष मिश्रा ने किया। सभा के



अंत में मुख्य प्रबंधक मित्रा ने सभी पेंशनर्स का आभार व्यक्त किया तथा स्मृति चिन्ह देकर सभी पेंशनर्स को सम्मानित किया। सभा में मुख्य रूप से डीके सिंह, कृष्ण गोपाल सिंहा, देवेंद्र सिंह बिष्ट, शरद गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, रामवीर गुप्ता, वीरेंद्र कपूर, महेश बाबू कपूर, मदन लाल बड़े बाबू, रविंद्र कपूर एवं दिनेश कुमार संजय अग्रवाल सहित काफी संख्या पेंशनर्स उपस्थित रहे। अंत में समस्त पेंशनर्स की ओर से अभिलाष मिश्रा द्वारा मीटिंग के सफल आयोजन तथा स्टाफ पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए देवेश कुमार मित्रा, मुख्य प्रबंधक तथा प्रभात कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक का धन्यवाद किया गया।

# कोर इम्यूनोपैथ लैब का हुआ उद्घाटन, 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी जांच सेवाएं

**( इमरान हुसैन )**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कोर इम्यूनोपैथ लैब का शुभारंभ किया गया।

लैब का उद्घाटन डॉ. महमूद अली खान (एमबी बीएस, Ms) ने किया, जो सेवा अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक हैं। इस अवसर पर शहर के कई प्रतिष्ठित डॉक्टरों सहित IMF डॉ. फवाद शम्शी भी मौजूद रहे। आम जनता की भारी भीड़ इस उद्घाटन समारोह में देखने को मिली।

इस लैब की स्थापना डॉ. आतिफ शम्शी द्वारा की गई है, जिन्होंने क्लिनिकल बायोकैमिस्ट्री में PhD की है और उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में 20 वर्षों का व्यापक अनुभव है। डॉ. आतिफ ने बताया कि इस लैब का उद्देश्य लोगों को सटीक, तेजी से और विश्वसनीय जांच रिपोर्ट प्रदान करना है। लैब की एक खासियत यह है कि यह 24 घंटे खुली रहेगी और होम कलेक्शन की सुविधा भी 24X7 उपलब्ध रहेगी, जिससे मरीज घर बैठे ही सैंपल भेज सकेंगे।

यह सुविधा खासतौर पर बुजुर्गों और



व्यस्त लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। कोर इम्यूनोपैथ लैब को नवीनतम तकनीक और आधुनिक मशीनों से सुसज्जित किया गया है, ताकि हर टेस्ट की रिपोर्ट अधिकतम सटीकता के साथ शीघ्रता से मरीजों को मिल सके। डॉ. आतिफ ने बताया कि लैब में गुणवत्ता, पारदर्शिता और मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस नई लैब के शुभारंभ से रायपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा और गति मिलेगी तथा आम नागरिकों को बेहतर सुविधा और राहत मिल सकेगी।

# टांडा से-मसवासी उपकेन्द्र तक लाइन पर इंसुलेटेड वायर डलवाई जाये: चेयरमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** आये दिन ब्रेकडाउन होने की समस्या को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल ने विद्युत विभाग से टांडा से मसवासी उपकेन्द्र तक 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की जगहा इंसुलेटेड वायर लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा नंगे तारों के कारण क्षेत्र में बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, जिससे स्थानीय लोगों की सुरक्षा को खतरा है। दिनेश गोयल ने बताया कि इंसुलेटेड वायर लगने से न केवल बिजली की हानि कम होगी, बल्कि बारिश और तूफान के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से इस मांग को जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। नगर पंचायत अध्यक्ष



दिनेश गोयल ने इंसुलेटेड वायर को डलवाने के लिए बिजली विभाग सहित उच्च अधिकारियों को लगभग दो वर्षों से पत्र भेज रहे है लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है, इससे लगता है कि विधुत विभाग सरकार की छवी धुमिल करने का प्रयास कर रहा है पत्र भेज ने की जानकारी बिजली विभाग के एसडीओ से ली गई तब उन्होंने बताया है नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल के द्वारा पत्र दिया गया है और जल्द ही इंसुलेटेड वायर का प्रस्ताव बनाकर विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा।

# आईपीएलः श्रेयस-रजत से जुड़ा अजब संयोग

## सात महीने में दूसरी बार खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स के कप्तान



**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस. ीबी) के बीच मंगलवार को इस सत्र का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

इस मैच में भले ही कोई भी टीम जीते लेकिन आईपीएल प्रशंसकों को नई विजेता टीम मिलना तय है। खिताबी मैच से पहले हम आपको एक अजब संयोग के विषय में बताएंगे जिसके विषय में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है। इससे पहले दोनों कप्तानों की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में भिड़ंत हुई थी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 का खिताबी मुकाबला पिछले साल दिसंबर में खेला गया था। 15 दिसंबर को खेले गए मैच में श्रेयस अय्यर की अगुआई में मुंबई ने रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश को पांच विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मुंबई को दूसरी बार यह खिताब जिताया था। इससे पहले टीम ने अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में 2022/23 में खिताब अपने नाम किया था। बेंगलूरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुक. ाबले में मुंबई ने टास जीतकर मध्य प्रदेश को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। रजत पाटीदार की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 48 रनों की जबरदस्त पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए और मैच अपने नाम किया था। एमपी के लिए त्रिपुरेश सिंह ने दो विकेट लिए जबकि शिवम शुक्ला, वेंकटेश अय्यर और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक विकेट हासिल किए थे। अब दोनों कप्तानों का आईपीएल 2025 के फाइनल में आमना-सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, पंजाब किंग्स ने एलिमिनेटर की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा। 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

**आईपीएल-2025 फाइनल मैच आज शाम 7:30 बजे**

## बड़े मौकों पर संयम से अच्छे प्रदर्शन की संभावना बढ़ जाती हैः श्रेयस

**अहमदाबाद, वार्ता।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि बड़े मौकों पर जब आप संयम रखते है तो आपके अच्छे प्रदर्शन की संभावना बढ़ जाती है। आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाने के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस ने कहा कि मुझे बड़े मौको पर खेलना अच्छा लगता है, मैं हमेश अपने साथियों से कहता हूं जब आप बड़े मौको पर संयम रखते हैं तो आपके अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि आरसीबी के खिलाफ हार के बाद हमने इस पर अधिक बात नहीं की कि हमने कहां गलती की। हमें पता है कि हमने इस सत्र कैसा क्रिकेट खेला है। भले ही कुछ खिलाड़ियों को बड़े मौको पर खेलने का अनुभव नहीं है लेकिन वे साहसी हैं। युवा और अनकैप्ड खिलाड़ियों अय्यर ने कहा कि मैं उन्हें अधिक निर्देश नहीं देता, बस उन्हें उनके अंदाज़ में खेलने देता हूं। उनमें जो निडरता है, वही मुझे पसंद है। भले ही अनुभव कम हो, लेकिन उनके पास विचार होते हैं और वो उन्हें साझा भी करते हैं। आखिर में उन्होंने कहा कि मैं अभी इसी पल में हूं, इस जीत का आनंद उठा रहा हूं। लेकिन काम अभी आधा ही हुआ है।

# धीमी ओवर गति के लिए अय्यर-हार्दिक पर लगा जुर्माना



**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दूसरे क्वालीफायर मैच में धीमी गति से ओवर करने के लिए पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। रविवार रात अहमदाबाद में खेले गए आईपीएल 2025 के क्वालिफायर दो बारिश के कारण मैच दो घंटे के बाद शुरु हुआ था। दोनों टीमों की ओर से धीमी ओवर गति के कारण मैच और अधिक देरी से खत्म हुआ।

इस सत्र में पंजाब किंग्स की दूसरी बार धीमी ओवर रेट की गलती हुई इसलिए उसके कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस की ओर से इस तरह की तीसरी गलती होने के कारण हार्दिक पांड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, हालांकि पंजाब किंग्स के शेष खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जो भी कम हो का जुर्माना लगाया गया। वहीं मुंबई के खिलाड़ियों पर यह राशि 12 लाख रुपये या 50 प्रतिशत रही। गौरतलब है कि यह मुंबई इंडियंस की तीसरी धीमी ओवर रेट की गलती थी फिर भी हार्दिक को निलंबन नहीं झेलना पड़ा जैसा कि उन्हें आईपीएल 2024 में झेलना पड़ा था। इसके कारण वह नए नियम लागू होने से पहले, आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाए थे।

# बेंगलुरु-पंजाब अपना पहला खिताब जीतने उतरेंगी

- **पंजाब किंग्स 11 साल बाद दूसरी बार फाइनल में जगह बनाने में हुई कामयाब**
- **आरसीबी की धड़कन विराट कोहली इस सीजन में शानदार फॉर्म में है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) मंगलवार को अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में नरेंद्र मोदी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में इतिहास रचने की उतरेगी। आरसीबी नौ साल बाद फाइनल में वापस आई है अभी भी अपने पहले खिताब की तलाश है।

जबकि पंजाब किंग्स 2014 में अपने पहले प्रदर्शन के 11 साल बाद दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। रजत पाटीदार की आरसीबी इस सीजन में पंजाब को दो बार हरा चुकी है, जिसमें क्वालिफायर वन में आठ विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। इस मैच में जोश हेजलवुड (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों ने पंजाब किंग्स को 101 रनों पर ढेर कर दिया। उसके बाद मात्र 10 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर एकतरफा अंदाज में मुकाबला जीत लिया था। आरसीबी की धड़कन विराट कोहली इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। 15 पारियों में 146-53 के स्ट्राइक रेट से 614 रन बनाने वाले कोहली को एक बार फिर आरसीबी की बल्लेबाजी की कमान संभालने के लिए चुना गया है। पिछले मैच में 27 गेंदों पर 56 रन बनाने वाले फिलिप साल्ट ने धमाकेदार शुरुआत दी है। जबकि पाटीदार खुद मध्यक्रम में स्थिर उपस्थिति बनाए हुए हैं। इसी के साथ मयंक अग्रवाल, क्रुणाल पांड्या और जितेश शर्मा ने बहुमूल्य योगदान रहा है। रोमारियो शेफर्ड और टिम डेविड ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। जोश हेजलवुड की वापसी ने आरसीबी गेंदबाजी इकाई को मजबूत किया है, जिसमें अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और स्पिन जोड़ी सुयश शर्मा और यश दयाल का अच्छा सहयोग रहा है। पंजाब किंग्स ने क्वालीफायर वन में मिली बड़ी हार से उबरते हुए दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर अपना आक्रामक प्रदर्शन दिखाया है। इस मैच में कप्तान श्रेयस अय्यर ने 41 गेंदों पर नाबाद 87 रन बनाकर आगे बढ़कर नेतृत्व किया। पंजाब का शीर्ष क्रम पूरे सीजन में शानदार फॉर्म में रहा है। प्रभसिमरन सिंह (523 रन) और प्रियांश आर्य (451 रन) ने लगातार तेज शुरुआत दी है। जॉश इंग. लिस ने तीसरे नंबर पर आकर रनों की गति दी है, जबकि अय्यर मध्यक्रम में 175 के शानदार स्ट्राइक रेट से 597 रन बनाकर अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## क्वालिफायर-2 में जीत के बाद प्रीति जिंटा ने किसे मारी आंख !

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 अपने चरम पर पहुंच गया है। रविवार को पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच के बाद पंजाब किंग्स की सह-मार्लि. कन प्रीति जिंटा काफी खुश नजर आईं। अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह एक खिलाड़ी को आंख मारती दिख रही हैं। दरअसल, यह घटना मैच के बाद की है। प्रजेंटेशन सेरेमनी से पहले मशहूर अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा मैदान पर पहुंचीं। जीत के बाद वह काफी उत्साहित लग रहीं थीं। वह अपनी टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से काफी खुश नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें प्रीति को पंजाब किंग्स के एक खिलाड़ी को आंख मारते देखा जा सकता है। वीडियो में जो खिलाड़ी दिख रहा है उसकी जर्सी का नंबर 19 है, जो कि नेहाल वढेरा पहनते हैं। फैंस इस वीडियो को साझा कर रहे हैं और जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पंजाब की टीम ने 2014 के बाद फाइनल में प्रवेश किया है। अब उसका सामना तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर ही रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। पांच बार की चैंपियन मुंबई का सफर क्वालिफायर-2 में समाप्त हो गया।




# डी गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराया

**नोंवे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के छठे राउंड में विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश ने विश्व नंबर वन शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को शानदार मुकाबले में मात दी। भारतीय ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को उनके ही देश में हराकर बड़ी जीत दर्ज की। खेल में एक समय कार्लसन का पलड़ा भारी लग रहा था, लेकिन गुकेश ने कार्लसन की खामियों का फायदा उठाते हुए बाजी पलटकर क्लासिकल मैच में शानदार जीत हासिल की। गुकेश की इस जीत के साथ ही टूर्नामेंट में दोनों खिलाड़ियों का स्कोर बराबर 1-1 हो गया है। नोंवे शतरंज टूर्नामेंट में यह दूसरी बार है जब किसी भारतीय खिलाड़ी ने क्लासिकल प्रारुप में विश्व चैंपियन कार्लसन को मात दी हो। इससे पहले आर- प्रग्गनानंदा ने इसी टूर्नामेंट में कार्लसन को हराया था।

**खेल विशेष**

## राजीव शुक्ला बन सकते हैं बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला जुलाई में बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष बन सकते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। दरअसल, बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे।नियमानुसार बीसीसीआई अध्यक्ष की उम्र 70 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। 65 वर्षीय शुक्ला को तीन महीनों के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष की भूमिका मिल सकती है।

सूत्रों ने बताया कि सितंबर में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान राजीव शुक्ला बोर्ड के पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में खड़े हो सकते हैं। इस पर अब शुक्ला का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ये अनावश्यक खबरें हैं। जब किसी नियम की वजह से कोई पद खाली होता है, तो दूसरे स्थान पर रहने वाले व्यक्ति को अस्थाई प्रभार दिया जाता है।

उसी नियम की वजह से दूसरे स्थान पर रहे व्यक्ति को अंतरिम प्रभार दिया जाता है। इसलिए अगले चुनावों तक यही स्थिति रहेगी। इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। इसे इतना महत्व देने की कोई जरूरत नहीं है। रोजर बिन्नी को अक्तूबर 2022 में बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह ली थी। गांगुली ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। तब बिन्नी शीर्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे।

# पाक ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया, सीरीज भी जीती

**मोहम्मद हारिस ने नाबाद 107 रन और सैम अयूब ने 45 रनों की शानदार पारी खेली**

**लाहौर, वार्ता।** मोहम्मद हारिस (नाबाद 107) और सैम अयूब (45) रनों की शानदार पारियों के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मुक. ाबले में बंगलादेश को 16 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ने परवेज हुसैन इमॉन (66), तंजिद हसन (42), मो- तौहीद हृदोय (25) और कप्तान लिटन कुमार दास(22) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से हसन अली और अब्बास अफरीदी ने दो-दो विकेट लिए। फहीम अशरफ और शादाब खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज साहिब. जादा फरहान (एक) का विकेट गवां दिया। इसके बाद मोहम्मद हारिस ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी की। 10वें ओवर में तनजीम हसन साकिब ने सैम अयूब 29 गेंदों में (45) रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हसन नवाज 13 गेंदों में (26) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। मोहम्मद हारिस ने 46 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के लगाते हुए (नाबाद 107) रनों की मैच विजयी पारी खेली।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

**अर्जेंटीना ने अंतिम क्वॉटर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4-2 से मुकाबले में जीत दर्ज की**



**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने अंतिम मुकाबले में मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। चार देशों के टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय टीम की ओर से कनिका सिवाच ने (11वें और 45वें)मिनट में दो गोल किए। खेल पहले क्वार्टर में चार गोल हुये। अर्जेंटीना की सोल गुइग्नेट गुनाजू ने (पांचवें) मिनट में पहला गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट के बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने (सातवें) मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत की ओर से 11वें मिनट में कनिका सिवाच गोल के अंतर को कम किया। हालांकि, अर्जेंटीना ने तेजी से जवाब दिया, 13वें मिनट में मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने गोल कर स्कोर को 3-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना के लिए 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल के जरिये अपना चौथा गोल दागा। कनिका ने 45वें मिनट में खेल का अपना दूसरा गोल किया, जिससे भारत को उम्मीद की किरण दिखाई दी, लेकिन अर्जेंटीना ने अंतिम क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की।

# ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा




**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने सोमवार को एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। मैक्सवेल ने आज फाइनल वर्ड पॉडकास्ट के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वर्ष 2022 में पैर टूटने के बाद से वह एकदिवसीय क्रिकेट में असहज महसूस कर रहे थे। इससे टीम को नुकसान पहुंच रहा था। इसलिए मैंने एकदिवसीय क्रिकेट को छोड़ने का फैसला किया। हालांकि वह अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट के उपलब्ध रहेंगे। मैक्सवेल ने कहा कि मुझे लगा कि मेरे शरीर की प्रतिक्रिया टीम को नुकसान पहुंचा रही है। मैंने इसको लेकर मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली से बात की। हम दोनों के बीच 2027 विश्वकप को लेकर चर्चा हुई, मैंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं तब तक खेल पाऊंगा। अब समय है कि इस जगह के लिए किसी अन्य खिलाड़ी को तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कहता रहा हूं कि अगर मैं स्वयं बेहतर मानता हूं तो मैं अपनी जगह नहीं छोड़ूंगा। मैं केवल स्वार्थ के कारण कुछ श्रृंखला के लिए पकड़ बनाए रखना नहीं चाहता। टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है और यह निर्णय उन्हें अगली विश्वकप योजना के लिए बेहतर रास्ता देगा। मैक्सवेल ने एक दिवसीय क्रिकेट में 3990 रन, 33.81 की औसत से और 149 मैचों में 77 विकेट लिए है। उन्होंने 2011 में केवल 19 गेंदों में ऑस्ट्रेलियाई घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट का सबसे तेज अर्द्धशतक लगाया था। उन्होंने 2023 विश्वकप में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रन की ऐतिहासिक पारी खेली थी।

## क्लासेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। क्लासेन ने आज सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा की। क्लासेन ने पिछले वर्ष टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 से भी संन्यास ले लिया है। उन्होंने वर्ष 2018 में दक्षिण अफ्रीका के लिए क्रिकेट में पदार्पण किया था। क्लासेन ने सोशल मीडिया मंच इंस्टग्राम पर लिखा कि यह मेरे लिए दुखद दिन है क्योंकि मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने कि घोषण कर रहा हूं। मुझे यह तय करने में काफी समय लगा कि मेरे और मेरे परिवार के भविष्य के लिए क्या सबसे अच्छा होगा। यह वास्तव में एक बहुत ही कठिन निर्णय था, लेकिन साथ ही मैं इस निर्णय से पूरी तरह से संतुष्ट हूं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 एकदिवसीय और 58 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने चार टेस्ट में 104 रन, 60 एकदिवसीय में 2141 रन और 58 टी-20 में एक हजार रन बनाए।

## स्टुअर्ट ब्रॉड होंगे दक्षिण अफ्रीका के सलाहकार

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपिनशिप के फाइनल से पहले इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को टीम का सलाहकार कोच नियुक्त किया है। 38 वर्षीय ब्रॉड नौ जून को अभ्यास के दौरान सलाहकार के रूप में काम करेंगे।

एशेज 2023 के आखिर में रिटायर होने के बाद ब्रॉड की कोि. चंग में पहली भूमिका होगी। 11 जून को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया खिलाफ शुरू होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की तैयारी में मदद करेंगे। ब्रॉड नौ जून होने वाले अभ्यास सत्र में टीम के साथ जुड़ेंगे। ब्रॉड ने 167 टेस्ट मैचों में 604 विकेट लिए। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे अधिक 153 विकेट लिए है।


# सम्पादकीय

मंगलवार, 3 जून 2025

## सीडीएस की साफगोई

चार दिनों तक भारत-पाकिस्तान के बीच हुई सैन्य झड़प में सरकार की तरफ से अभी तक इस बात का कोई माकूल जवाब नहीं आया कि उस संघर्ष में हमारे भारतीय लड़ाकू विमान गिरे या नहीं, लेकिन भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में उन अटकलों को और हवा दे दी कि यह जरूरी नहीं है कि विमान गिराया गया है या नहीं जरूरी यह बात है कि ऐसा क्यों हुआ और उससे हमने कितनी जल्दी सीखा। अनिल चौहान सिंगापुर के इस समय दौरे पर हैं और वह वहां शांगरी ला डायलाग में हिस्सा लेने के लिए गए हैं। उन्होंने बुलु मर्ग टीवी और राइटर्स को दो अलग-अलग इंटरव्यू दिए। जिसमें उनसे भारत-पाक के बीच सैन्य झड़प को लेकर सवाल पूछे गए। इसमें एक पत्रकार ने उनसे पूछा था कि इस संघर्ष में कम से कम एक जेट गिराया गया था, क्या यह सही है। अनिल चौहान ने इसे बिल्कुल गलत बताया और उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह पाक छह लड़ाकू विमान गिराने की बात कर रहा है वह पूरी तरह गलत है। अनिल चौहान का यह भी कहना था कि जेट क्यों गिरे, यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना महत्वपूर्ण यह है कि वहां हमने क्या किया, यह हमारे लिए ज्यादा जरूरी है। उनसे पहले एक प्रेस ब्रीफिंग में एयर मार्शल एके भारती कह चुके हैं कि युद्ध में नुकसान तो होता ही है, यह कोई बड़ी बात नहीं है। हमें अपने उद्देश्य देखने होंगे। सवाल यह है कि सरकार इस पूरे मसले पर क्यों कननी काट रही है, क्योंकि दस मई को हुए सीज फायर के बाद देश के भीतर यह सवाल बराबर उठ रहा है कि चार दिन तक चले संघर्ष में हमें कोई नुकसान हुआ या नहीं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य नेता यह सवाल बार-बार पूछ रहे हैं कि उस लड़ाई में हमारे कितने विमान काम आए। सरकार इस सवाल से बराबर कननी काट रही है और इशारा देती रही है कि हमारा कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन अब सीडीएस सिंगापुर में जाकर अप्रत्यक्ष रूप से ही सही, नुकसान की बात स्वीकार करते हैं। जहां तक बात पाकिस्तान की है वह शुरू से ही यह दावा करता रहा है कि उसने भारत के छह राफेल विमान गिराए हैं। जाहिर सी बात है कि प्रोपेगंडा युद्ध में किसी की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता और पाक जैसे देश पर तो बिल्कुल भी नहीं। असल सवाल यह है कि आखिर सरकार देश व जनता को पाक के साथ संघर्ष में जो सही वस्तु:स्थिति है उसे बताने से क्यों कतरा रही है। युद्ध में नुकसान होना कोई नई बात नहीं है और न ही यह कोई अपमानित होने का मामला है। हर कोई जानता है कि संघर्ष में जोखिम तो रहता ही है। असल चीज अपना मकसद होता है। अगर कुछ कीमत चुकाकर हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लें, तो वह सफलता ही कही जाएगी और पाक के साथ हम पूरी तरह अपने लक्ष्य प्राप्त करने में सफल रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि जो बातें उन्होंने जाकर सिंगापुर में कही वह अपने देश में ही कहनी चाहिए थीं और हमारे पत्रकारों को ही उनसे सवाल करने चाहिए थे न कि विदेशी पत्रकारों को।

## राजनीतिक वफादारी का आकलन दुखद



भारत जब आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में अपना संदेश पहुंचाने के मिशन पर होता है, तो देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं, यह दुखद है, क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है, भारत का ऑल पार्टी डेलिगेशन विविधता के साथ-साथ एकता भी दिखाता है, क्योंकि वे अलग-अलग दलों से होने के बावजूद आतंकवाद की निंदा करते हैं, हम जो संदेश लेकर आए हैं, वह एकता का संदेश है, हम कई पार्टियों से हैं, हम भारत के कई क्षेत्रों से हैं, हम भारत के कई धर्मों से हैं, अगर आप देखना चाहते हैं कि जब राष्ट्र और अपनी मातृभूमि की बात आती है, तो आप कैसे एक साथ आते हैं और कैसे एक स्वर में बोलते हैं, यही दिखाने के लिए हम यहां आए हैं , भारत में होने वाली रोजमर्रा की राजनीति से परे सभी राजनेता मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्र की सेवा करने के लिए एकजुट होते हैं।

**-सलमान खुर्शीद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और दर्द को समझें



ललित गर्ग

बच्चों को देश एवं दुनिया के भविष्य की तरह देखा जाता है। लेकिन उनका यह बचपन रूपी भविष्य लगातार हो रहे युद्धों की विभीषिका, त्रासदी एवं खौफनाक स्थितियों के कारण गहन अंधेरों एवं परेशानियों से घिरा है। आज का बचपन हिंसा, शोषण, यौन विकृतियों, अभाव, उपेक्षा, नशे एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन इतना उपेक्षित, प्रताड़ित, डरावना एवं भयावह हो जाएगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्यों बचपन बदहाल होता जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज, सरकार एवं युद्धरत देशों की सत्ताएं इतनी बेपरवाह कैसे हो गई है? यह प्रश्न 4 जून को आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों के दिवस को मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। इस दिवस को मनाने की प्रासंगिकता आज के परिप्रेक्ष्य में ज्यादा महसूस हो रही है। इस दिवस का उद्देश्य आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और उनके दर्द को स्वीकार करना, बाल अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराना, समाज में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, बच्चों के साथ हिंसा रोकने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से प्रयास करना, बच्चों के लिए सुरक्षित, हिंसामुक्त और अनुकूल वातावरण बनाना एवं बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें हिंसा से सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता फैलाना है। संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस की शुरुआत 1982 में की थी, जब फलस्तीनी और लेबनानी बच्चों पर हुए अत्याचारों के बाद यह दिवस घोषित किया गया था, जिसे मनाते हुए हमें दुनियाभर में बच्चों द्वारा झेले गए दर्द को स्वीकारना होगा, जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण के शिकार हैं। यह दिन बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

बच्चे दुनिया की आबादी का एक चौथाई हिस्सा हैं और किसी भी समाज की भलाई के लिए बच्चों का सुरक्षित एवं संरक्षित होना जरूरी हैं। वे समाज के सबसे कमजोर सदस्य हैं, जिन्हें निष्कंटक, खुशहाल और सफल जीवन जीने के लिए समान अवसर दिए जाने और उनकी रक्षा किए जाने की आवश्यकता है, लेकिन हर साल संघर्ष और युद्धों के कारण बच्चों की एक बड़ी संख्या हिंसा, विस्थापन, अपंगता और दुर्व्यवहार का शिकार होती है। यह केवल इस बात को साबित करता है कि बच्चों पर किसी भी संघर्ष का गंभीर एवं घातक प्रभाव पड़ता है। निश्चित ही रूस एवं यूक्रेन, गाजा एवं इजरायल जैसे लम्बे समय से चल रहे युद्धों के कारण हर दिन, दुनियाभर में बच्चे अकथनीय भयावहता एवं त्रासदियों का सामना कर रहे हैं। वे अपने घरों में सोने या बाहर खेलने, स्कूल में पढ़ने या अस्पतालों में चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में सुरक्षित नहीं हैं। हत्या और अपंगता, अपहरण और यौन हिंसा से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमले नई बन रही विश्व संरचना के लिए गंभीर चुनौती है। बच्चे चौंका देने वाले पैमाने पर युद्धरत दलों के निशाने पर आ रहे हैं। हाल के वर्षों में, कई संघर्ष एवं युद्ध क्षेत्रों में, महामारियों एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण बच्चों के खिलाफ उल्लंघन की संख्या में वृद्धि हुई है। संघर्ष, युद्ध, हिंसा एवं महामारियों से प्रभावित देशों और क्षेत्रों में रहने वाले 250 मिलियन बच्चों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। हिंसक अतिवादियों द्वारा बच्चों को निशाना बनाने से बचाने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून को बढ़ावा देने के लिए और बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए और अधिक प्रयासों एवं संकल्पों की जरूरत है ताकि बच्चों के बेहतर भविष्य को सुरक्षित एवं सुनिश्चित किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र के नए एजेंडे में पहली बार बच्चों के खिलाफ हिंसा के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए एक विशिष्ट लक्ष्य शामिल था और बच्चों के दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण को समाप्त करने के लिए कई अन्य हिंसा-संबंधी लक्ष्यों को मुख्यधारा में शामिल किया गया। विश्वस्तर पर बालकों के उन्नत जीवन के ऐसे आयोजनों के बावजूद आज भी बचपन उपेक्षित, प्रताड़ित एवं नारकीय बना हुआ है, आज बच्चों की इन बदहाल स्थिति की प्रमुख वजहें हैं, वे हैं-सरकारी योजनाओं का कागज तक ही सीमित रहना, बुद्धिजीवी वर्ग व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता, दुनिया की महाशक्तियों की ओर से बच्चों के ज्वलंत प्रश्नों पर आंख मूंद लेना, इनके प्रति समाज का संवेदनहीन होना एवं गरीबी-शिक्षा के लिए जागरूकता का अभाव है। युद्धों एवं ऐसी ही स्थितियों में 11,649 बच्चे मारे गए या अपंग हो गए। अधिकांश मामलों में, विस्फोटक आयुध और बारूदी सुरंगों का उपयोग आबादी वाले क्षेत्रों में किया गया, जिसके कारण बच्चों की मृत्यु हुई और वे अपंग हो गए। 8,655 बच्चों का इस्तेमाल संघर्ष में किया गया और 4356 का अपहरण किया गया, जिनमें से सबसे ज्यादा संख्या कांगो, सोमालिया और नाइजीरिया के लोकतांत्रिक गणराज्य में पाई गई। पीड़ितों में से लगभग 30 प्रतिशत लड़कियां थीं।



1,470 बच्चे यौन हिंसा के शिकार हुए है। संघर्ष में यौन हिंसा कलंक और कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए सबसे कम रिपोर्ट की जाने वाली गंभीर हिंसा है। 90 प्रतिशत से अधिक यौन हिंसा लड़कियों के खिलाफ की गई, जो यौन हिंसा और जबरन विवाह से असमान रूप से प्रभावित हैं, हालांकि लड़कों के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। 2022 से 2023 तक मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो अक्सर अन्य गंभीर उल्लंघनों में वृद्धि के साथ मेल खाती है। 2024 के लिए, मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में कई संदर्भों में गिरावट आने की उम्मीद है, विशेष रूप से अफगानिस्तान, म्यांमार और सूडान में मानवीय संगठनों और कर्मियों पर नियंत्रण बढ़ाने वाले प्रतिबंधात्मक नियमों को अपनाने के कारण। 2023 तक, स्कूलों पर हमलों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोफी अन्नान ने एक बार कहा था, 'दुनिया में बच्चों के साथ जो भरोसा है, उससे ज्यादा पवित्र कोई भरोसा नहीं है। यह सुनिश्चित करने से ज्यादा महत्वपूर्ण कोई कर्तव्य नहीं है कि उनके अधिकारों का सम्मान किया जाए, उनके कल्याण की रक्षा की जाए, उनका जीवन भय और अभाव से मुक्त हो और वे शांति से बड़े हो सकें।' बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को समाप्त करना और रोकना बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर जनादेश का मुख्य हिस्सा है। बच्चों को शत्रुता से बचाने का सबसे प्रभावी तरीका उन दबाव और खींचतान वाले कारकों को खत्म करना है जो उन्हें सशस्त्र संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं। बच्चे बहुत अच्छे लगते हैं जब वे हंसते-मुस्कुराते हैं। बच्चे यदि तनावरहित रहते हैं तो चारों तरफ खुशी का माहौल बन जाता है। क्या आपने कभी सोचा है कि बच्चे भी पीड़ा महसूस करते हैं। यह पीड़ा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक किसी भी तरह के शोषण से पैदा होती है। बच्चे खुश, स्वस्थ और सुरक्षित होने चाहिए। उन्हें जाने-अनजाने में भी कोई पीड़ा नहीं दी जानी चाहिए। बच्चों की खुशी में देश एवं दुनिया का उज्ज्वल भविष्य छुपा है। कुछ बीमार मानसिकता यानी पीडोफिलिया ग्रस्त व्यक्ति मासूम बच्चों को क्रूरतम मानसिक व शारीरिक यातनाएं देने में आनंद की प्राप्ति करता है तथा उसके लिए यह एक ऐसा नशा बन जाता है कि वह बच्चों को यातनाएं देने कि क्रूरतम विधियां इजाद करता जाता है जिसमें बच्चो के साथ सेक्स, शरीर को चोटिल करना-काटना, जलाना, यहां तक कि उनके टुकडे-टुकडे कर उनके मांस तक खाना शामिल है। कुछ देशों में बच्चों को ऊंट की पीथ पर बान्धकर ऊटों को दौड़ाया जाता है जिससे बच्चे कि चीत्कार-चीख से वहां के लोग आनन्द एवं मनोरंजन की प्राप्ति करते हैं, यह भी पीडोफिलिया का ही एक उदाहरण है। इन क्रूर एवं अमानवीय स्थितियों का मासूम बच्चों पर भारी दुष्प्रभाव पड़ता है और इन कमजोर नींवों पर हम कैसे एक सशक्त दुनिया की कल्पना कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं, पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है।**

# प्यार को जाने देना आसान नहीं...

अगर कोई आपको छोड़कर जाना चाहता है, तो उसे जाने दें, यह बात हम सबने सुनी है। लेकिन क्या यह इतना आसान होता है? क्या आपने कभी खुद से पूछा है कि उस शख्स के लिए दरवाजा खोलने का सही वक्त कब आता है? जब रिश्ता टूटने की कगार पर हो, तो दिल और दिमाग के बीच एक खींचतान शुरू हो जाती है। क्या एक आखघ्रि कोशिश करनी चाहिए? या फिर अपनी आत्मा को और तकलीफ देने से बेहतर है कि सब कुछ छोड़कर आगे बढ़ा जाए? किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं। पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है। इसके बाद डॉ. आरिया उन दो संकेतों की गहराई से व्याख्या करते हैं, जो दर्शाते हैं कि अब शायद रिश्ते को अलविदा कह देने का समय आ गया है न सिर्फ उनके लिए, बल्कि आपके अपने भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी।

### संकेत 1- जब वे रिश्ते की जिम्मेदारियों से कतराने लगते हैं

डॉ. आरिया के अनुसार, यदि आपका साथी अब रिश्ते में अपनी भूमिका निभाने से बच रहा है या जिम्मेदारी लेने से पीछे हट रहा है, तो यह एक बड़ा संकेत है कि शायद उन्हें जाने देने का वकघ्त आ गया है।

वह समझाते हैं, एक स्वस्थ और सशक्त रिश्ते के लिए दो लोगों की भागीदारी जरूरी होती है। अगर आपका साथी अब ना तो आत्ममंथन करने को तैयार है, ना संघर्षों में अपनी भूमिका स्वीकार करता है, और ना ही आपके साथ आगे बढ़ना चाहता है तो यह रिश्ता टिक नहीं पाएगा। ऐसे हालातों में रिश्ता धीरे-धीरे खत्म होने लगता है, चाहे आप उसे कितना भी थामे रहें।

### संकेत 2- जब वे साझेदारी छोड़कर आपको ही दोष देने लगते हैं

डॉ. आरिया बताते हैं कि जब आपका साथी अब रिश्ते में करुणा और समझ के बजाय, केवल दोष देने की भाषा अपनाने लगे तो यह एक स्पष्ट संकेत है कि रिश्ता बिखरने की कगार पर है। वे कहते हैं, जब बातचीत हम इसे मिलकर कैसे ठीक करें? आप से बदलकर तुम ही समस्या हो बन जाए तो समझ लीजिए कि अब आप दोनों एक टीम नहीं रह गए। जब कोई समझने की कोशिश छोड़कर आपको जज करने लगे, और मिलकर रास्ता निकालने के बजाय दोष बांटने लगे, तो रिश्ते की नींव हिल जाती है। डॉ. आरिया आगे जोड़ते हैं, एक बार जब आपका साथी समाधान की तलाश में आपके साथ खड़े होने के बजाय दूरी बनाने लगे, तो वह दरअसल रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढ रहा होता है।

### रोज की बहस से परेशान हो गए हैं, जानें असहमति से निपटने के स्मार्ट तरीके


बहस किसी भी रिश्ते का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है, इसकी तीव्रता और आवृत्ति इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसे कैसे संभालते हैं। कई जोड़ें बहस के बावजूद एक-दूसरे को



समझने की कोशिश करते हैं और मतभेद सुलझा लेते हैं, जबकि कुछ केवल लड़ते रह जाते हैं। रिश्ते में असहमति होना सामान्य है, लेकिन उन्हें सुलझाना अपने आप में एक कला है, जिसे हर कोई नहीं जानता, लेकिन सीखा जरूर जा सकता है। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच बार-बार छोटी-छोटी बातों पर बहस होती है, तो इसका समाधाान संभव है, बस जरूरत है सही नजरिए और संवाद की। यह समझना बेहद जरूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न र्सिफ उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि ये सवाल अपने पार्टनर से जरूर पूछें ताकि आप न केवल बहस की जड़ को समझ सकें, बल्कि बेहतर संवाद के जरिए रिश्ते को मजबूत भी बना सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हीड हेडेक की समस्या होने पर इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज



गर्मियों के मौसम में गर्म हवाएं, चिलचिलाती धूप और शरीर में पानी की कमी के कारण सिरदर्द की समस्या आम हो जाती है। मेडिकल की भाषा में इसको हीट हेडेक कहा जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक तेज गर्मी और कम वायुदाब से सिरदर्द का खतरा बढ़ता है, हालांकि सही जानकारी और कुछ सुरक्षा उपायों से आप सिरदर्द की समस्या से बचा जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मियों में होने वाले सिरदर्द के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि गर्मी में सिरदर्द की समस्या क्यों बढ़ जाती है और इससे बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए।

**इन कारणों से होता है सिरदर्द**

- हीट रिलेटेड डिजीज
- डिहाइड्रेशन
- अपर्याप्त नींद
- शराब का सेवन
- देर तक भूखा रहना
- सिरदर्द के अलावा अन्य लक्षण
- हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो गर्मी में सिरदर्द होने के साथ मुंह और होंठों का सूखना, कमजोरी और चक्कर आना जैसे अन्य लक्षण दिख सकते हैं।

**हीटस्ट्रोक के कारण सिरदर्द होना खतरनाक**

हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति होती है। इसमें बॉडी का टेंपरेचर 39.4°C से ऊपर होने के साथ तेज सिरदर्द होता है और बेहोशी आदि के लक्षण हो सकते हैं। यह एक मेडिकल इमरजेंसी है। ऐसे स्थिति में बिना देर किए डॉक्टर को दिखाना जरूरी होता है।

**माइग्रेन और गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द में अंतर**

आमतौप पर माइग्रेन में सिर के एक तरफ तेज दर्द होता है। साथ ही इसमें साउंड और लाइट के प्रति सेंसिटिविटी और मतली भी लग सकती है। वहीं गर्मी के कारण होने वाला सिरदर्द तेज लू, डिजाइड्रेशन या हाई टेंपरेचर के कारण होता है। इस दौरान पूरे सिर में दर्द, सिर भारी लगना या थकावट जैसी समस्या होती है। जहां माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल समस्या है, तो वहीं हीट हेडेक मौसम और बाहरी परिस्थितियों के कारण होता है। इन दोनों का इलाज और बचाव के तरीके भी अलग-अलग होते हैं।

**बच्चों व बुजुर्गों में सिरदर्द कैसे पहचानें**

बच्चे और बुजुर्गों दोनों में गर्मी और डिहाइड्रेशन को बर्दाश्त करने की क्षमता कम होती है। इसलिए उनका विशेष ख्याल रखना जरूरी होता है। बच्चों में सिरदर्द के साथ चिड़चिड़ापन, सुस्ती, रोना और भूख न लगना जैसे लक्षण दिखते हैं। वहीं बुजुर्गों में ज्यादा पसीना आना, कमजोरी और सिर भारी लगना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। ऐसे में सिर दर्द से बचने के लिए खूब पानी पीना चाहिए। वहीं दोपहर के समय बिलकुल भी धूप में नहीं निकलना चाहिए।

**उपाय**

- खूब पानी पिएं।
- हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें।
- दिन के समय हैवी फिजिकल एक्टिविटी करने से बचना चाहिए।
- गर्मी से बचने के लिए एसी और कूलर आदि का इस्तेमाल करें।
- दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए।
- अगर बाहर का काम है, तो बीच-बीच में ब्रेक लेना चाहिए।
- किसी भी तरह की परेशानी होने पर डॉक्टर से फौरन संपर्क करें।

**सिरदर्द होने पर अपनाएं ये घरेलू नुस्खे**

- नींबू पानी या नारियल पानी का सेवन करें। क्योंकि यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को दूर करने के साथ डिहाइड्रेशन से राहत मिलती है।
- तेज धूप की वजह से सिरदर्द हो रहा है, तो ठंडी और हवादार जगह पर जाएं।
- गीले तौलिए से या फिर आइस क्यूब को माथे पर रखने से सिरदर्द की समस्या से राहत मिल सकती है।
- सिरदर्द की समस्या होने पर किसी शांत और ठंडे कमरे में थोड़ी देर आराम करें।
- शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए हर घंटे पर थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें।
- इसके साथ ही डाइट में खीरा, तरबूज, सलाद और मौसमी फलों व सब्जियों को शामिल करें। इससे आपका शरीर ठंडा रहता है।
- रोजाना अच्छी और गहरी नींद लें। क्योंकि नींद की कमी होने पर भी सिरदर्द ट्रिगर कर सकता है।

**सिरदर्द का कारण**

- प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड्स का सेवन
- ज्यादा कैफीन युक्त ड्रिंक्स का सेवन
- ज्यादा मसालेदार और तलाभुना भोजन करना
- सिगरेट और शराब का सेवन
- आइस्क्रीम और सॉफ्ट ड्रिंक्स
- तेज सिरदर्द होने पर क्या करें
- तेज सिरदर्द की समस्या होने पर फौरन ठंडी जगह पर जाएं और थोड़ी देर आराम करें। वहीं थोड़ी-थोड़ी देर में धीरे-धीरे पानी पीते रहें और माथे पर ठंडे पानी की पट्टी रखें। वहीं जरूरत के हिसाब से डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### ओवर द काउंट दवाएं

गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द में कुछ ओवर द काउंट दवाएं आपको आराम दिला सकती हैं। हालांकि इसका नियमित सेवन करने से पहले आपको हेल्थ एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

........................

### डॉक्टर की लें सलाह

वैसे तो अधिकतर मामलों में यदि व्यक्ति गर्मी से दूर हो जाता है या पर्याप्त मात्रा में पानी पीता है, तो समय के साथ सिरदर्द की समस्या ठीक हो जाती है। लेकिन सिरदर्द यदि बहुत तेज हो रहा है और लगातार दर्द बना हुआ है। इसके साथ ही गर्दन में अकड़न, और तेज बुखार की समस्या देखने को मिलती है, तो आपको बिना देर किए फौरन डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**एक रिपोर्ट के मुताबिक तेज गर्मी और कम वायुदाब से सिरदर्द का खतरा बढ़ता है, हालांकि सही जानकारी और कुछ सुरक्षा उपायों से आप सिरदर्द की समस्या से बचा जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मियों में होने वाले सिरदर्द के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि गर्मी में सिरदर्द की समस्या क्यों बढ़ जाती है।**

# रूस-यूक्रेन में दूसरे दौर की शांति वार्ता एक घंटे में खत्म

## कैदियों की अदला-बदली पर सहमति, दोनों देश 6000 मृत सैनिकों के शव भी लौटाएंगे

**इस्तांबुल।** रूस और यूक्रेन की बीच सोमवार को तुर्की से इस्तांबुल में दूसरे दौर की शांति वार्ता 1 घंटे में खत्म हो गई। दोनों देश गंभीर रूप से घायल और बीमार युद्धबंदियों की अदला-बदली पर सहमत हो गए हैं। इसके साथ ही दोनों पक्ष 6000-6000 मारे गए सैनिकों के शव भी वापस लौटाएंगे। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा कि हम सभी युद्धबंदियों की रिहाई और सभी दिव्यांग बच्चों और कैदियों की वापसी चाहते हैं।

वहीं, रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख व्लादिमीर मेंडिस्की ने कहा: इस समझौते के तहत गंभीर रूप से घायल और 18 से 25 साल के युवा सैनिकों की भी अदला-बदली की जाएगी। यह वार्ता ऐसे वक्त में हुई जब कुछ घंटे पहले ही यूक्रेन ने रूस के साइबेरिया में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। इस बारे में पूछे जाने पर रूसी प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कल का इंतजार कीजिए। इससे पहले दोनों देशों का डेलिगेशन 16 मई को इस्तांबुल में मिला था, तब भी दोनों के बीच 2 घंटे बातचीत हुई थी। यूक्रेन के हमले में रूस को काफी नुकसान पहुंचा है, इसके बाद पलटवार करते हुए रूस ने भी यूक्रेन पर अपने मिसाइल और ड्रोन हमले बढ़ा दिए हैं। यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए मिलिट्री यूनिफॉर्म में पहुंचा है। यूक्रेन की तरफ से रक्षा मंत्री रुस्टेम उमेरोव और रूस की तरफ से राष्ट्रपति पुतिन के करीबी व्लादिमिर मेंडिस्की इस बातचीत में भाग लिया। 16 मई को इस्तांबुल में रूस-यूक्रेन के बीच 4 पॉइंट पर बातचीत हुई।

- इससे पहले दोनों देशों का डेलिगेशन 16 मई को इस्तांबुल में मिला था, तब भी दोनों के बीच दो घंटे बातचीत हुई थी
- यूक्रेन के हमले में रूस को काफी नुकसान पहुंचा



### कैदी अदला-बदली:

16 मई को इस्तांबुल में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई बातचीत के बाद दोनों देशों ने 1-1 हजार कैदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई थी। जिसके बाद दोनों ने कैदी रिहा किए।

### सीजफायर:

यूक्रेन ने 30 दिन के सीजफायर की मांग की थी, लेकिन रूस ने इसे स्वीकार नहीं किया। रूस ने शर्त रखी कि यूक्रेन को चार इलाकों (दोनेत्स्क, लुहान्स्क, जपोरिज्झिया, खेरसॉन) से पूरी तरह पीछे हटना होगा, जिनमें लगभग 1.1 करोड़ यूक्रेनी नागरिक रहते हैं। जिसे यूक्रेन ने अस्वीकार कर दिया था।

### शांति समझौता:

तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने कहा था कि दोनों देश दोबारा मिलने को तैयार हैं, लेकिन कोई नई तारीख तय नहीं हुई। रूस ने यूक्रेन को शांति समझौते का मसौदा देने की बात कही।

### क्षेत्रों पर नियंत्रण:

दोनों देशों के बीच सुरक्षा गारंटी और प्रतिबंधों पर चर्चा हुई, लेकिन कोई सहमति नहीं बनी। रूस ने क्रीमिया और अन्य कब्जे वाले क्षेत्रों पर नियंत्रण की मांग की, जबकि यूक्रेन ने अपनी संप्रभुता की रक्षा पर जोर दिया।रूस ने माना- यूक्रेन ने 5 एयरबेस पर एयरस्ट्राइक की रूसी रक्षा मंत्रालय ने 1 जून को माना की यूक्रेन के किए गए ड्रोन हमलों में देशभर के 5 सैन्य एयरबेस को निशाना बनाया गया, जिससे कई विमानों को नुकसान पहुंचा था। हालांकि, कितने विमान क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसका सटीक आंकड़ा नहीं बताया है। अपने बयान में रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने मुरमान्स्क, इरकुत्स्क, इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों में स्थित हवाई अड्डों पर एफपीवी (फर्स्ट पर्सन व्यू) ड्रोन से आतंकी हमला किया। मंत्रालय ने कहा कि इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों के सैन्य एयरबेसों पर सभी आतंकी हमलों को नाकाम कर दिया गया। पहली बार आधिकारिक रूप से यह भी पुष्टि की गई है कि कुछ ड्रोन हमले एयरबेस के बहुत पास से ही किए गए थे।

## रूस ने 162 यूक्रेनी विमान मार गिराने का किया दावा

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रविवार रात 162 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया है, जिनमें से सबसे अधिक कुर्स्क क्षेत्र के ऊपर थे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा कि एक जून को मॉस्को को रात आठ बजकर 10 मिनट से दो जून को अपराह्न दो बजे तक की अवधि में वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 162 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानव रहित ड्रोनों को रोका और उन्हें नष्ट कर दिया। उल्लेखनीय है कि कुर्स्क क्षेत्र में 57 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में 31 और लिपेत्स्क क्षेत्र में 27, वोरोनिश क्षेत्र में 16, ब्रांस्क और रियाज़ान क्षेत्रों में 11-11 ड्रोन को मार गिराया गया। इसके अलावा ओर्योल क्षेत्र में छह ड्रोन, क्रीमिया के क्षेत्र में दो और तांबोव क्षेत्र में एक ड्रोन को मार गिराया है।



नई दिल्ली। भारत और पराग्वे के बीच संयुक्त आयोग तंत्र (जेसीएम) की स्थापना के लिए पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज़ एल के साथ समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## भारत-पराग्वे द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करेंगे

### पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा

**नई दिल्ली।** भारत और लैटिन अमेरिकी देश पराग्वे ने अपने द्विपक्षीय संबंधों की संरचना को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करने का सोमवार को फैसला किया तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर विचार विमर्श किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासियोस के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज़ एल की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच संयुक्त आयोग की स्थापना को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद अपने प्रेस वक्तव्य में पराग्वे को लैटिन अमेरिकी महाद्वीप में भारत के महत्वपूर्ण साझीदारों में से एक बताते हुए आतंकवाद सहित सभी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में एक दूसरे से सीखने की जरूरत रेखांकित की। मोदी ने कहा कि आपकी भारत यात्रा ऐतिहासिक है। पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा है। आप न केवल दिल्ली बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है

मेरा मानना है कि आपसी सहयोग के माध्यम से हम साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। उन्होंने कहा कि पराग्वे दक्षिण अमेरिका में हमारे महत्वपूर्ण साझीदारों में से है।

## इजरायल ने यमन की दागी मिसाइल को किया नष्ट

- 18 मार्च से यमन से इजराइल पर 49 मिसाइलें दागी गई हैं

**यरूशलम।** इजरायल ने यमन की ओर से दागी गई मिसाइल को आसमान में ही सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया। इजरायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा कि आईडीएफ ने यमन की ओर से दागी गई मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया। इजराइल के चैनल 12 न्यूज ने बताया कि यमन की ओर से दागी गई मिसाइल का लक्ष्य तेल अवीव के बाहर बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा था, साथ ही कहा कि हवाई अड्डा अस्थायी रूप से उड़ान भरने और उतरने के लिए बंद कर दिया गया था। गौरतलब है कि 18 मार्च से यमन से इजराइल पर 49 मिसाइलें दागी गई हैं। इस बीच, इजराइल की मैगन डेविड एडोम आपातकालीन सेवा ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि मिसाइल दागने पर तेल अवीव और पश्चिमी यरुशलम सहित मध्य इजराइल के बड़े क्षेत्रों में सायरन बजने लगे थे। यमन ने मिसाइल ऐसे समय में दाग है जब हूती बलों ने अमेरिकी जहाजों पर हमले रोकने का वादा किया है, लेकिन गाजा में फलस्तीनियों के साथ एकजुटता का हवाला देते हुए इजरायल पर मिसाइलें दागना जारी रखा है।

## लेबनान पर इजरायली हमले में हिजबुल्लाह सदस्य ढेर

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में रविवार शाम हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। सुरक्षा सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि मारे गए सदस्य की पहचान हिजबुल्लाह सदस्य मोहम्मद अली सरूर के रूप में हुई है, जो दक्षिणी लेबनान के मध्य क्षेत्र में स्थित ऐता अल-शाब गांव का निवासी था। यह हवाई हमला हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बावजूद हुआ।

## बदलाव: बांग्लादेश की करेंसी पर होंगी हिन्दू बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें

### केंद्रीय बैंक ने 1000, 50 और 20 टका नए नोट जारी किए

**ढाका।** बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक ने 1000, 50 और 20 टका नए नोट जारी किए। इन नोटों से देश के संस्थापक राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को हटा दिया गया है। इसके अलावा, 500, 200, 100 और 10 टका के नए नोट जल्द जारी होंगे। इसे लेकर बांग्लादेश सेंट्रल बैंक के प्रवक्ता आरिफ हुसैन खान ने कहा नई डिजाइन में किसी व्यक्ति की तस्वीर नहीं होगी, नए नोटों पर देश के पारंपरिक स्थलों को जगह मिली है।

खान ने आगे कहा: नए नोट सेंट्रल बैंक के हेडक्वार्टर से और बाद में देश भर के बाकी आफिसेज से जारी किए जाएंगे। हालांकि पुराने नोट और सिक्के भी चलन में बने रहेंगे। नए नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें भी छापी जाएंगी। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद से अब तक नोटे के डिजाइन में पांच बार (1972, 1970 के दशक, 1980-90 के दशक, 2000 के दशक, और 2025) बदलाव किए गए हैं। नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें होंगी, जो बांग्लादेश की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाती हैं।



- नए नोट सेंट्रल बैंक के हेडक्वार्टर से और बाद में देश भर के बाकी आफिसेज से जारी किए जाएंगे

प्रसिद्ध बांग्लादेशी चित्रकार जैनुल आबदीन की कलाकृतियां, जो 1943 के बंगाल अकाल (ब्रिटिश शासन के दौरान) को दर्शाती हैं, नोटों पर होंगी। एक डिज़ाइन में 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए लोगों की याद में बना राष्ट्रीय स्मारक शामिल है। नोटों पर प्राकृतिक परिदृश्य और पारंपरिक स्थल होंगे, जो बांग्लादेश की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करेंगे। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक ये राजनीतिक उथल-पुथल से जुड़ा है। बांग्लादेश की करेंसी का इतिहास समय-समय पर सत्तारूढ़ पार्टियों का असर नजर आता है। 1972 में जब बांग्लादेश ने पूर्वी पाकिस्तान से अलग होकर आजादी हासिल की, तब शुरुआती नोटों पर भौगोलिक और सांस्कृतिक चित्र थे। बाद में, शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीरें नोटों पर शामिल की गईं, खासकर जब उनकी अवामी लीग पार्टी सत्ता में थी। नई करेंसी को शेख हसीना के शासन के प्रभाव को कम करने और देश की छवि को समावे शी बनाने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से लगातार शेख मुजीब की जुड़ी निशानियों पर हमला किया गया था।

## अमेरिका के कोलोराडो में इजरायल समर्थकों पर हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कोलोराडो राज्य के बोल्डर शहर में एक संदिग्ध ने फ्री फलस्तीन का नारा लगाता हुए लोगों पर हमला कर दिया। उसने लोगों पर मोलोटोव काकटेल फेंका, जिससे मौके पर आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से 8 लोग झुलस गए।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें एक शख्स मोलोटोव काकटेल (पेट्रोल बम) फेंकते हुए दिखाई दे रहा है। यह हमला रन फार देयर लाइव्स नाम के एक ग्रुप की सभा के दौरान हुआ। यह ग्रुप गाजा में हमास की कैद में मौजूद इजरायली नागरिकों की रिहाई की मांग कर रहा था। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद साबरी सोलिमान के रूप में हुई है। सीएनएन ने बताया कि सोलिमान ने पहले अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया था। साल 2005 में सोलिमान को अमेरिका में घुसने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया था। हालांकि, वह अमेरिका कब और कैसे आया, यह अभी तक साफ नहीं है। एफबीआई और अन्य एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि सोलिमान अमेरिका में किस रास्ते से आया और क्या उसका किसी आतंकी संगठन से संपर्क था। एफबीआई और अन्य एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि सोलिमान अमेरिका में किस रास्ते से आया और क्या उसका किसी आतंकी संगठन से संपर्क था। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने शुरुआती जानकारी के आधार पर इसे आतंकी हमला बताया है। एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बान्जिनो ने कहा, ये हमला शुरुआती जानकारी के आधार पर वैचारिक नफरत से प्रेरित आतंकवादी घटना लगती है। जब सबूत साफ होंगे, तो हम पूरी जानकारी देंगे। बोल्डर के पुलिस प्रमुख स्टीव रेडफर्न ने कहा कि हमला शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हुआ और पीड़ितों की चोटें दिखाती हैं कि उन्हें जलाने की कोशिश की गई। हालांकि, उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। कोलोराडो के गवर्नर जैरेड पोलिस ने बयान जारी कर कहा हिंसा और नफरत से भरे किसी भी तरह के काम को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



- लोगों पर पेट्रोल बम फेंका आठ लोग झुलसे, हमलावर ने फ्री फलस्तीन के नारे लगाए

## जापान अमेरिकी टैरिफ में संशोधन की मांग जारी रखेगा: हयाशी

**टोक्यो।** जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने सोमवार को कहा कि उनका देश अमेरिका की ओर से लगाए गए व्यापार टैरिफ की निंदा करता है और इसमें संशोधन की मांग जारी रखेगा।

हयाशी ने एक ब्रीफिंग में कहा हम उपायों के विशिष्ट विवरणों की बारीकी से निगरानी करेंगे, जिनका खुलासा भविष्य में किया जाएगा। अमेरिकी सरकार द्वारा उठाए गए टैरिफ उपायों की श्रृंखला बेहद खेदजनक है और हम उनके संशोधन का आग्रह करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को चार जून से प्रभावी स्टील और एल्यूमीनियम आयात पर टैरिफ में 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा की। जापान ने शुल्क संशोधन पर अमेरिका के साथ पहले ही चार दौर की बातचीत की है। पिछले दौर के दौरान इन्होंने जून में फिर से मिलने के लिए सहमति व्यक्त की ताकि जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की बैठक के लिए मंच तैयार किया जा सके। टोक्यो ने अब तक सभी टैरिफ को पूरी तरह से हटाने पर जोर दिया है, जिसमें अमेरिकी अर्थव्यवस्था में जापानी कार निर्माताओं के योगदान का हवाला दिया गया है, जिसमें लगभग 61 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष निवेश और 23 लाख नौकरियां शामिल हैं।

## लीबियाई सेना ने रेगिस्तान में 50 प्रवासियों को किया गिरफ्तार

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली से लगभग 230 किलोमीटर दक्षिण में नसमाह गांव के पास रेगिस्तान में विभिन्न अफीकी देशों के 50 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लीबिया के गृह मंत्रालय ने फेसबुक पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि नसमाह के पास बीहड़ घाटी क्षेत्रों में बॉर्डर गार्ड के गश्ती दल तैनात किए गए थे, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा योजना को क्रियान्वित करना और बीहड़ रेगिस्तानी मार्गों से अवैध प्रवासियों के प्रवाह को नियंत्रित करना था। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए 50 प्रवासियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए एक रिसेप्शन सेंटर को सौंपने से पहले मानवीय और प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में लंबे समय तक शासक रहे मुअम्मर गद्दाफी को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद असुरक्षा और अराजकता के कारण, लीबिया भूमध्य सागर को पार करके यूरोपीय तटों की ओर जाने वाले प्रवासियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन गया है।

## 80 साल बाद फिर वर्ल्ड वॉर का खतरा

### 55% लोगों का मानना: विश्व युद्ध होगा, रूस-अमेरिका और परमाणु हथियार इसकी बड़ी वजह

**वाशिंगटन।** दूसरे विश्व युद्ध (1939-45) की समाप्ति को 80 साल बीत चुके हैं, लेकिन वैश्विक शांति की नींव फिर से डगमगाने लगी है। यूगोव के ताजा सर्वे के अनुसार, अमेरिका और यूरोप के लोग पांच से दस साल में तीसरे विश्व युद्ध की आशंका जता रहे हैं।

रूस के साथ बढ़ता तनाव, अमेरिका की विदेश नीति और परमाणु हथियारों का खतरा इस डर की सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है। सर्वे में शामिल 55 प्रतिशत लोगों ने माना कि एक और वैश्विक युद्ध संभव है। वहीं, 76 प्रतिशत का मानना है कि वर्ल्ड वार में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल होगा। लोगों को यह भी डर है कि यह दूसरे विश्व युद्ध के मुकाबले कहीं अधिक विनाशकारी होगा। यूरोप और अमेरिका में लोग अपने देशों को इस युद्ध में शामिल होने की आशंका जता रहे हैं। सर्वे में यह भी सामने आया कि कई यूरोपीय देशों के नागरिकों में अपनी सेनाओं की रक्षा क्षमता पर भरोसा कम है। दूसरे विश्व युद्ध की यादें आज भी लोगों के मन में ताजा हैं। सर्वे में शामिल 90 प्रतिशत लोग मानते हैं कि इस युद्ध को स्कूलों में पढ़ाया जाना चाहिए। फ्रांस (72 प्रतिशत), जर्मनी (70 प्रतिशत) और ब्रिटेन (66 प्रतिशत) में लोग इस युद्ध के बारे में अच्छी जानकारी रखते हैं, जबकि स्पेन में यह आंकड़ा केवल 40 प्रतिशत है। 77 प्रतिशत फ्रांसीसी और 60 प्रतिशत जर्मन कहते हैं कि उन्हें स्कूल में इस युद्ध के बारे में विस्तार से पढ़ाया गया। 52 प्रतिशत लोगों को लगता है कि दुनियाभर में नाजी शासन जैसे अत्याचार आज भी संभव हैं। 60 प्रतिशत का मानना है कि अमेरिका या अन्य यूरोपीय देशों में भी यह खतरा मौजूद है। यह डर दिखाता है कि इतिहास की गलतियां दोहराने की आशंका अभी खत्म नहीं हुई है। सर्वे में पश्चिमी यूरोप के 82 प्रतिशत और अमेरिका के 69 प्रतिशत लोगों ने रूस के साथ तनाव को सबसे बड़ा खतरा बताया। लोग मानते हैं कि रूस की सैन्य गतिविधियां और उसकी परमाणु क्षमता वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा हैं। रूस के अलावा, इस्लामिक आतंकवाद को भी बड़ा खतरा माना गया है। लोगों का मानना है कि इस पर जल्द काबू पाना जरूरी है। यह डर वैश्विक कूटनीति में बढ़ती दरारों का संकेत है। 66 प्रतिशत ने नाटो और 60 प्रतिशत ने संयुक्त राष्ट्र को शांति के लिए अहम माना 66 प्रतिशत लोगों ने नाटो को युद्ध के बाद शांति बनाए रखने में सबसे बड़ा योगदानकर्ता माना।

- लोगों को यह भी डर है, यह दूसरे विश्व युद्ध के मुकाबले कहीं अधिक विनाशकारी होगा

## हमास ने गाजा शांति वार्ता की इच्छा जताई

**गाजा/यरूशलम।** हमास ने कहा कि वह गाजा युद्ध विराम पर अप्रत्यक्ष वार्ता तुरंत शुरू करने के लिए तैयार है। हमास ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि वह युद्ध विराम समझौते के लिए कतर और मिस्र द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना करता है। उन्होंने कहा कि वह 'दूसरे पक्ष' के साथ लंबित मुद्दों को हल करने के लिए अप्रत्यक्ष वार्ता का एक दौर तुरंत शुरू करने के लिए तैयार है। हमास ने कहा कि उसका वार्ता का उद्देश्य गाजा में 'मानवीय तबाही' को समाप्त करना, फलस्तीनी लोगों को राहत सहायता पहुंचाना सुनिश्चित करना और गाजा पट्टी से इजरायली बलों की पूरी तरह वापसी के साथ एक स्थाई युद्ध विराम हासिल करना होगा। हमास की इस घोषणा के बारे में इजरायली पक्ष की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार इजरायली सेना बल प्रमुख इयाल ज़मीर ने गाजा पट्टी के दक्षिणी और उत्तरी दोनों हिस्सों में अतिरिक्त क्षेत्रों में जमीनी अभियान तेज करने का आदेश दिया है।

